kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-144 ❒ बुधवार, 24 जून 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



'एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान, नहीं चलेंगे' के उद्घोषक, प्रखर राष्ट्रवादी और जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि। भारत की एकता और अखंडता के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक देशवासी के हृदय में सदैव राष्ट्रवाद की लौ प्रज्वलित करता रहेगा। योगी आदित्यनाथ

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित 11
वन केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं बल्कि सांस्कृतिक विरासतः राज्यपाल 12

## संक्षेप

### 'नायल' के निदेशक मंडल में संदीप कौर एवं निखिल टी. फुंडे बने सदस्य

**लखनऊ।** वित्त विभाग की सचिव संदीप कौर एवं नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक निखिल टी. फुंडे को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के निदेशक मंडल ने बोर्ड के निदेशक के रूप में अनुमोदन प्रदान कर दिया है। मंगलवार को मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में हुई नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की 27वीं बोर्ड बैठक में यह निर्णय किया गया। बैठक के दौरान जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर घरेलू (डोमेस्टिक) एवं कार्गो सेवाओं की शुरुआत की तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल के फिनिशिंग कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया। बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल का निर्माण एवं फिनिशिंग कार्य सितंबर से अक्तूबर तक पूर्ण हो जाएगा तथा इसी वर्ष अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन प्रारम्भ हो जाएगा। बैठक में औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एन.जी. रवि कुमार, मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा नोएडा प्राधिकरण कृष्णा करुणेश सहित यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह तथा जेवर एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी शैलेन्द्र कुमार भाटिया ने वर्चुअल माध्यम से शिरकत की।

### एक ही यूपीआई एप पर सभी ऑटो भुगतान दिखेंगे

**नई दिल्ली।** यूपीआई से भुगतान करने वाले लोगों को जल्द नई सुविधा मिलने वाली है। राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ऐसा फीचर तैयार कर रहा है, जिसके तहत ग्राहक अपने सभी यूपीआई ऑटोपे भुगतान (ई-मैंडेट) को किसी भी एक यूपीआई ऐप पर एक साथ देख और उन्हें ट्रैक कर सकेंगे। वर्तमान में यदि किसी व्यक्ति ने बिजली-पानी बिल, ओटीटी सब्सक्रिप्शन या कर्ज की ईएमआई चुकाने के लिए अलग-अलग यूपीआई ऐप पर ऑटो भुगतान सक्रिय किए हैं तो उसे हर बार उसी ऐप पर जाकर उसकी स्थिति जांचनी पड़ती है। नई सुविधा शुरू होने के बाद सभी ई-मैंडेट एक ही जगह दिखाई देंगे, चाहे उन्हें किसी भी यूपीआई ऐप के जरिए बनाया गया हो। बताया जा रहा है कि एनपीसीआई ने भुगतान सेवा प्रदाता कंपनियों को इसके लिए अपने नेटवर्क में जरूरी बदलाव करने का निर्देश दिया है।

### डोभाल से मिले चीन के विदेश मंत्री यी

**नई दिल्ली।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात के बाद कहा कि चीन और भारत को द्विपक्षीय संबंधों को दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखने के साथ-साथ वैश्विक परिप्रेक्ष्य से भी सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। दोनों देशों को अपने नेताओं के बीच बनी सहमति को ठोस कदमों के जरिए लागू करना चाहिए।

## राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण में एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट

# प्रारंभिक जांच में गबन और अनियमितताओं के संकेत

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। राम मंदिर के चढ़ावा चोरी प्रकरण की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट एसआईटी ने मंगलवार सुबह अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद को सौंप दी है। रिपोर्ट में चढ़ावा चोरी से लेकर कमीशनखोरी के खेल के सुबूत हैं। मंदिर में कर्मचारियों की नियुक्ति, गणना प्रक्रिया में भी बड़े हेरफ़ेर की आशंका एसआईटी ने जताई है। उससे संबंधित तमाम साक्ष्य जुटाए हैं। गवाहों का भी जिक्र रिपोर्ट में किया गया है।

एसआईटी में शामिल लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, लखनऊ आईजी रेंज किरन एस और विशेष सचिव वित्त नील रतन सुबह करीब 11 बजे शासन पहुंचे। तीनों अधिकारियों ने गोपनीय जांच रिपोर्ट संजय प्रसाद को दी। अब ये रिपोर्ट मुख्यमंत्री के सामने रखी जाएगी। एसआईटी के चेयरमैन विजय विश्वास पंत ने कहा कि अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव को सौंप दी है। ''जो भी फाइंडिंग थी उसको शामिल किया गया है। अभी इसके बारे में इससे ज़्यादा कुछ नहीं बताया जा सकता है। विशेष जांच दल में चेयरमैन लखनऊ कमिश्नर विजय विश्वास पंत , पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ रेंज किरण शिवकुमार और यूपी फाइनेंस एंड अकाउंट्स सर्विस के विशेष सचिव



(वित्त) नीलरतन कुमार शामिल हैं।

सूत्रों के मुताबिक रिपोर्ट करीब 150 पन्नों की है। इसमें 150 लोगों से पूछताछ का विवरण शामिल है। टीम ने सिफारिश की है कि मंदिर की व्यवस्था के लिए किसी वरिष्ठ अधिकारी को सीईओ नियुक्त किया जाए।

सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट में ट्रस्ट के पदाधिकारियों पर सबसे बड़ा सवाल उठाया गया है। कुछ की भूमिका भी उजागर की गई है। अंदेशा जताया गया है कि वह हेरफ़ेर में शामिल रहे हैं। वहीं कुछ पदाधिकारियों को लापरवाही का दोषी पाया गया। जिनकी निगरानी में चढ़ावा चोरी हुआ। फिलहाल मामले में सबसे अधिक जो पदाधिकारी सवालों के घेरे में हैं, उनमें ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, अनिल मिश्रा व निर्माण सहायक गोपाल राव का नाम शामिल है। इसके अलावा इन पदाधिकारियों के रिश्तेदार व करीबियों का भी जांच रिपोर्ट में जिक्र है। खासकर चंपत राय के करीबी टिन्नू यादव, अनिल मिश्रा के रिश्तेदार, गोपाल राव के रिश्तेदार सोम आदि का। सूत्रों के मुताबिक, चढ़ावा चोरी में सीधे तौर पर 25-30 लोगों की भूमिका पाई गई है। अब इन सभी पर जल्द केस दर्ज हो सकता है। वहीं अनिल मिश्रा पर 40 प्रतिशत कमीशन लेने के आरोपों का भी जिक्र एसआईटी ने किया है। रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद ट्रस्ट में बदलाव के साथ चोरी करने वालों पर कार्रवाई संभव है। हालांकि, एसआईटी का कहना है कि ये प्रारंभिक जांच है। विस्तृत जांच की जा रही है। अगले दो सप्ताह में विस्तृत जांच भी पूरी की जाएगी। इससे और सुबूत सामने आएंगे। आरोप है कि राम मंदिर के दान की राशि में गबन का यह सिलसिला करीब सवा साल तक बेरोकटोक चल रहा था। दान की रकम ● शेष पेज 11 पर

### महाकुंभ और माघ मेले के दौरान

पिछले साल हुए महाकुंभ और इस साल माघ मेले के समय जब प्रयागराज से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए भी पहुंचे, तो चढ़ावे की राशि में बेशुमार बढ़ोतरी हुई। कथित गबन करने वालों के लिए यह समय बहुत सुनहरा साबित हुआ और गिनती करने वाले लोगों ने इसका फायदा उठाते हुए एक-एक दिन में 10 से 15 लाख रुपये तक चंदे की राशि से पार किए।

### आखिरी के महीनों में ज्यादा गबन

यह बात भी सामने आई कि पकड़े जाने से ठीक पहले, यानी आखिरी के कुछ महीनों में इन कर्मचारियों द्वारा बहुत बड़ी-बड़ी रकम पार की गई थी। इस तरह महाकुंभ से शुरू हुई यह चंदा चोरी लगातार सवा साल तक चलती रही और अधिकारियों, सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद किसी को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। सोशल मीडिया पर गबन की गई राशि 200 करोड़ से लेकर 1400 करोड़ रुपये तक बताई जा रही है।

## हर फाइल अनगिनत नागरिकों की उम्मीदों व जिंदगियों से जुड़ी होती है: मोदी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली के 'सेवा तीर्थ' में 2024 बैच के 183 आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की। ये सभी अधिकारी केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में तैनात हैं। इस दौरान युवा अधिकारियों ने अपने फील्ड प्रशिक्षण और मंत्रालयों के कामकाज के अनुभव साझा किए।

प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दो साल के जमीनी अनुभव के बाद वे अब एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, जहां उनके फैसले करोड़ों नागरिकों का भविष्य तय करेंगे। उन्होंने जोर दिया कि लोक सेवा की असली परीक्षा ईमानदारी, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ वास्तविक स्थितियों को संभालने में है।

प्रधानमंत्री ने युवा सिविल सेवकों से राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहने का आग्रह किया। उन्होंने 'नागरिक देवो भव' का मंत्र देते हुए कहा कि हर प्रशासनिक फाइल के पीछे एक इंसान की उम्मीदें, चिंताएं और जीवन छिपा होता है। अधिकारियों को हर फैसला लेते समय नागरिकों को केंद्र में रखना चाहिए। उन्होंने शासन को अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और समावेशी बनाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने 'होल-ऑफ-गवर्नमेंट' यानी पूरे सरकारी तंत्र के एक साथ मिलकर काम करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि बड़ी विकास चुनौतियों को अलग-अलग रहकर हल नहीं किया जा सकता। विभागों



के बीच बेहतर तालमेल ही सार्थक और स्थायी परिणाम ला सकता है।

'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले दशकों में हर नीति और प्रशासनिक फैसला देश के विकास में योगदान देने वाला होना चाहिए। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, मैन्युफैक्चरिंग, ऊर्जा सुरक्षा और युवाओं के लिए अवसर पैदा करने को आज की प्राथमिकता बताया। पिछले दशक में आए बदलावों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अब प्रशासन प्रक्रिया के बजाय परिणामों पर ध्यान देता है। उन्होंने डिजिटल गवर्नेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि तकनीक से सेवाओं में पारदर्शिता आई है और नागरिकों का काम आसान हुआ है। डेटा-आधारित शासन पर बात करते हुए पीएम ने कहा कि डेटा सिर्फ आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह लाखों लोगों की चुनौतियों और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे नियमित रूप से जांचें कि क्या नीतियां जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू हो रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस बैच में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस बैच में 40 प्रतिशत से ● शेष पेज 11 पर

## सीयूईटी-यूजी 2026 परिणाम घोषित

**एजेंसी**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) 2026 का परिणाम घोषित कर दिया। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी अपना स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। इस वर्ष 15.68 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जबकि 11.64 लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

एनटीए द्वारा जारी परिणाम के अनुसार, इस वर्ष के परिणाम में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। एक अभ्यर्थी ने अपने चुने गए पांच में से चार विषयों में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किया। इसके अलावा 22 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में, 180 अभ्यर्थियों ने दो विषयों में और 3,214 अभ्यर्थियों ने एक विषय में 100 पर्सेंटाइल हासिल किया। पांच विषयों के कुल एनटीए स्कोर के आधार पर तैयार शीर्ष-20



❒ एक अभ्यर्थी ने चार विषयों में हासिल किया 100 पर्सेंटाइल

अभ्यर्थियों की सूची में आवेदन संख्या 263510269243 पहले स्थान पर रही। इस अभ्यर्थी ने 1232.19 का एग्रीगेट एनटीए स्कोर प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर आवेदन संख्या 263510280526 (1230.82) और तीसरे स्थान पर आवेदन संख्या 263510250636 (1207.21) रही। लैंगिक श्रेणी के आधार पर जारी सूची में पुरुष वर्ग में आवेदन संख्या 263510280526 ने 1230.82 अंक ● शेष पेज 11 पर

## किसानों को 48 घंटे में भुगतान दिलाने की तैयारी: शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि वर्ष 2014 में बंद होने की कगार पर पहुंच चुका नाफ़ेड आज 30 हजार करोड़ रुपये के कारोबार और 500 करोड़ रुपये के मुनाफ़े के साथ 74 लाख से अधिक किसानों की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य किसानों और बाजार के बीच मौजूद बिचौलियों की भूमिका खत्म करना है। इसके लिए ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है, जिससे किसानों को उनकी उपज का भुगतान बिक्री के 48 घंटे के भीतर सीधे उनके बैंक खातों में मिल सके। शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महास federation (नाफ़ेड) के ई-नीलामी पोर्टल NAFEX.in का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि नाफ़ेड ने चार नई पहलें नाफ़ेक्स डॉट इन, दृष्टि, ईआरपी और नाफ़ेड कल्याण शुरू की हैं। शाह ने कहा, अब समय है कि नाफ़ेड और एनसीसीएफ पूरी पारदर्शिता के साथ दलहन तथा अन्य फसलों का एक-एक दाना सीधे ● शेष पेज 11 पर

## 66 हस्तियों को मुर्मु ने पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को यहां न्यायमूर्ति के टी थॉमस (सेवा निवृत), झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन (मरणोपरांत), गायिका अलका याज्ञनिक और क्रिकेटर रोहित शर्मा सहित 66 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कारों से सम्मानित किया।

श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में नागरिक अलंकरण समारोह-द्वितीय में में पुरस्कार प्रदान किये। समारोह में दो हस्तियों को पद्म विभूषण , सात को पद्म भूषण और 57 को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। श्री पी नारायण और न्यायमूर्ति के टी थॉमस (सेवानिवृत) को पद्म विभूषण , डा विजय अमृतराज , एस के एम मयिलानंदन , मंमूट्टी, वेल्लापल्ली नटेशन , डा दत्तात्रेयडु नोरी , शिबू सोरेन (मरणोपरांत) और अल्का याज्ञनिक को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इस




अवसर पर उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्रिपरिषद के अनेक मंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। श्रीमती मुर्मु ने 25 मई को आयोजित प्रथम नागरिक अलंकरण समारोह में 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे, जिनमें दो पद्म विभूषण, छह पद्म भूषण और 57 पद्म श्री शामिल थे। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं। ये तीन श्रेणियों पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में प्रदान किये जाते हैं। ये पुरस्कार कला, समाज सेवा, लोक कार्य, विज्ञान एवं ● शेष पेज 11 पर

## भारत आने वाले 11 जहाजों ने होर्मुज किया पार : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी**

❒ भारत के दस जहाज अभी भी खाड़ी क्षेत्र में

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संघर्ष समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच 17 जून को हुए समझौते के बाद से भारत आने वाले 11 विभिन्न टैंकरों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार किया है जबकि भारतीय ध्वज वाले दस टैंकर अभी भी खाड़ी क्षेत्र में फंसे हुए हैं और दो ने अभी होर्मुज को पार कर खाड़ी क्षेत्र में प्रवेश किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति से जुड़े सवालों के जवाब में कहा कि 17 जून को अमेरिका और ईरान के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जाने के बाद से भारत आने वाले कुल 11 जहाजों ने होर्मुज को सुरक्षित पार किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय ध्वज वाले दस जहाज अभी भी खाड़ी क्षेत्र में फंसे हैं और उनके भी जल्द लौटने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारत के दो और जहाज अभी होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर खाड़ी क्षेत्र में गये हैं। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में दोनों तरफ से जहाजों का आवागमन शुरू हो गया है। प्रवक्ता ने कहा कि भारत में आने वाले 11 जहाजों में से तीन भारतीय ध्वज वाले हैं जिनमें से प्रत्येक पर दो लाख 85 हजार टन कच्चा तेल लदा है। एक विदेशी टैंकर पर एलपीजी और दूसरे विदेशी जहाज पर कच्चा तेल लदा है। इसके अलावा छह बल्क कैरियर भी भारत आ रहे हैं जिनमें उर्वरक लदा है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और ईरान ने 17 जून को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना भी शामिल है। इस मार्ग से वैश्विक तेल और गैस का लगभग 20 प्रतिशत हिस्से का व्यापार होता है। होर्मुल के खुलने से कच्चे तेल का आयात करने वाले भारत सहित अनेक देशों को राहत मिली है।

# कोचिंग सेंटर अग्निकांड में जांच शुरू

## जांच के लिए पहुंची एसआईटी की टीम, फोरेंसिक के सदस्यों ने सील की इमारत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। लखनऊ अग्निकांड की जांच शुरू हो चुकी है। घटना के बाद मंगलवार को एसआईटी के साथ फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच चुकी है। फोरेंसिक टीम ने जांच के लिए पूरी इमारत को सील कर दिया है। टीम अंदर से सबूत जुटा रही है। अभी भी यह पूरी तरह से आधिकारिक तौर पर साफ नहीं हो पाया है कि यह हादसा कैसे हुआ। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि यह एसी के फटने से हुई है।

इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगंज अग्निकांड को लेकर देर रात उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें दोषियों को चिह्नित करने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया। वहीं, अलीगंज थाने में छह लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सीएम के निर्देश पर गठित एसआईटी में संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव



अमृत अभिजात और लखनऊ के एडीजी जोन प्रवीण कुमार सदस्य हैं। जांच दल सात दिन में रिपोर्ट सीएम को सौंपेगा। वहीं, मुख्यमंत्री के निर्देश पर चार अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए गए गौरव कुमार, एक्सेन कलेक्शन (बिजली विभाग) जानकीपुरम, कमलेंद्र कुमार सिंह, एफएसएसओ (फायर विभाग) इंदिरा नगर, अनिल कुमार, एई, एलडीए और प्रमोद पांडे, जेई-एलडीए के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। एलडीए ने पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की है। इसकी रिपोर्ट के बाद के बाद अन्य अफसरों पर भी गाज गिर सकती है। सोमवार रात पुलिस ने बिल्डिंग के मालिक मदेयगंज निवासी वीरेंद्र प्रसाद शुक्ला, अलीगंज निवासी पेट शॉप के मालिक ● शेष पेज 11 पर

### अवैध कोचिंग संस्थानों की जांच को चलेगा विशेष अभियान

❒ 72 जिलों में पंजीकृत 3172 कोचिंगों का सुरक्षा ऑडिट

❒ उच्च शिक्षा मंत्री ने सभी जिलों के डीएम को दिए निर्देश

**लखनऊ।** यूपी में अवैध ढंग से सकरी गलियों व बिल्डिंगों में मानकों के विपरीत चल रहे कोचिंग संस्थानों पर नकेल कसी जाएगी। प्रदेशव्यापी विशेष अभियान चला कर ऐसे अवैध कोचिंग संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं 72 जिलों में पंजीकृत 3172 कोचिंगों का सुरक्षा ऑडिट भी किया जाएगा। राजधानी के अलीगंज में अग्निकांड की दर्दनाक घटना के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय की ओर से सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिए गए हैं कि वह अवैध ढंग से चल रहे कोचिंग संस्थानों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाएं। मंत्री के निर्देश के बाद विशेष सचिव, उच्च शिक्षा निधि श्रीवास्तव की ओर से इस संबंध में शासनादेश भी जारी कर दिया गया है। जिसमें सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिए गए हैं कि व्यापक ढंग से सर्वेक्षण कर कोचिंग संस्थानों की सूची तैयार करें। उत्तर प्रदेश कोचिंग विनियमन अधिनियम-2002 के तहत जो कोचिंग संस्थान पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को सुरक्षित, व्यवस्थित व विश्वसनीय शैक्षिक वातावरण तैयार किया जा रहा है। सभी संबंधित विभागों के समन्वय से यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश में संचालित प्रत्येक कोचिंग संस्थान निर्धारित मानकों का पालन करें। सुरक्षा, आधारभूत सुविधाएं व प्रशासनिक व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण भी कराया जाए। यूपी में 72 जिलों में 3172 कोचिंग संस्थान पंजीकृत हैं। जिलों में कोचिंग की निगरानी के लिए बनी कमेटी में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी भी शामिल होते हैं। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज व वाराणसी जैसे बड़ी जिलों में ही इससे ज्यादा संख्या में कोचिंग चल रही हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर कोई बड़ी घटना होने के बाद ही जांच के लिए पत्र क्यों जारी किया जाता है। अगर हर साल जांच कर अवैध कोचिंग संस्थान बंद कराए जाएं और चल रहे संस्थानों में मानक पूरे हों तो ऐसी घटनाएं ही न हों।

# ध्यान कक्ष, संग्रहालय और उद्यान से सजेगा योगानंद स्मारक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारत की आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार गोरखपुर में श्री श्री परमहंस योगानंद महाराज की जन्मस्थली पर 'श्री परमहंस योगानंद जन्मस्थली स्मारक' का निर्माण करा रही है। यह परियोजना रांची स्थित योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया आश्रम की तर्ज पर विकसित की जा रही है। 27.68 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है, काम लगभग 50 फीसदी पूरा हो चुका है और इसके दिसंबर 2026 तक पूर्ण होने की संभावना है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी

यह स्मारक रांची स्थित योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया आश्रम की स्थापत्य शैली से प्रेरित होकर विकसित किया जा रहा है। इसे एक शांत, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परिसर के रूप में तैयार किया जा रहा है, जहां विरासत और आधुनिक सुविधाओं का संतुलित समावेश होगा।




रांची आश्रम की वास्तुकला के अनुरूप परिसर में लगी मौजूदा मिट्टी की टेराकोटा जालियों को पत्थर की जालियों से बदला जा रहा है, ताकि डिजाइन की एकरूपता बनी रहे। स्मारक को तीन मंजिलों में विकसित किया जा रहा है। भूतल पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था होगी, वहीं सामने और किनारे के हिस्सों में सुंदर उद्यान विकसित किए जा रहे हैं, जिससे आगंतुकों को शांत और आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव हो सके। पहली मंजिल पर ध्यान कक्ष और संग्रहालय बनाया जा रहा है, जहां आने वाले लोग परमहंस योगानंद के जीवन, उनके विचारों और शिक्षाओं को करीब से जान सकेंगे।

परियोजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहाकि ''मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उन महान आध्यात्मिक विभूतियों की विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्होंने भारत की सांस्कृतिक परंपराओं को समृद्ध किया है। 'श्री परमहंस योगानंद जन्मस्थली स्मारक' उनकी जन्मभूमि पर एक गरिमामय और प्रेरणादायक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां आध्यात्मिक विरासत और आधुनिक सुविधाओं का सुंदर समन्वय देखने को मिलेगा।'' उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2025 में गोरखपुर में लगभग 30.42 लाख पर्यटक पहुंचे थे। ऐसे में यह स्मारक शहर के आध्यात्मिक पर्यटन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा तथा देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा। मंत्री जयवीर सिंह ने इस पर जानकारी देते हुए आगे कहा कि, ल्लजन्मस्थली के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखने के लिए एक विशेष जन्मस्थली खंड भी विकसित किया जा रहा है। इसमें पैतृक आवास की मूल ईंटों के कुछ हिस्सों का उपयोग किया जा रहा है, ताकि इस पवित्र स्थल की आध्यात्मिक आभा और ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित रखा जा सके। उन्होंने बताया कि, दूसरी मंजिल पर भोजनशाला और रसोईघर की व्यवस्था होगी, जहां श्रद्धालुओं और आगंतुकों के लिए प्रसाद वितरण तथा भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। आवासीय और मल्टीमीडिया सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तीसरी मंजिल पर दो बीएचके आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां एक आधुनिक ऑडियो-विजुअल कक्ष भी बनाया जाएगा, जहां आध्यात्मिक कार्यक्रमों, प्रस्तुतियों और विशेष आयोजनों का संचालन किया जा सकेगा।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की अखंडता के लिए बलिदान दिया: केशव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ स्थित सरकारी आवास, सात कालिदास मार्ग पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी एवं महान शिक्षाविद् श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मंगलवार को उनके स्मृतिचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



इस अवसर पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने का जीवन राष्ट्रभक्ति और सिद्धांतों के प्रति अटूट निष्ठा का अनुपम उदाहरण है। देश की अखंडता और राष्ट्रीय अस्मिता की रक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके आदर्श हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कर्तव्यपथ पर मजबूती से आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने राष्ट्रवादी चिंतक, महान शिक्षाविद् एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में पंकज चौधरी ने लिखा डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रहित के प्रति समर्पण और भारत की एकता-अखंडता के लिए संघर्ष सदैव स्मरणीय रहेगा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए कहा कि ''एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे'' के संकल्प को लेकर राष्ट्र की एकता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले डॉ. मुखर्जी का त्याग और बलिदान हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

# 'दयालु' ने जताया शोक, पीड़ितों के साथ खड़ी है सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने लखनऊ में हुई दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस पीड़ादायक घड़ी में केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार पूरी तरह प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है।

डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने घटना में जान गंवाने वाले लोगों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रशासन राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी तत्परता से जुटा है तथा सभी घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की।

आयुष मंत्री ने नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ द्वारा मृतकों के परिजनों एवं घायलों के लिए घोषित आर्थिक सहायता का स्वागत करते हुए कहा कि यह संवेदनशील नेतृत्व का परिचायक है। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार हर पीड़ित के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी ने भी घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए प्रदेशभर में आयोजित होने वाले अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। डॉ. दयालु ने कहा, ल्लयह दर्शाता है कि भाजपा के लिए राजनीति से पहले मानवता है। दुख की इस घड़ी में हम सब एक परिवार की तरह पीड़ितों के साथ हैं। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी ने कहा कि यह घटना अत्यंत हृदयविदारक है। उन्होंने बताया कि आयुष मंत्री के निर्देश पर विभाग भी प्रभावित परिवारों की हर संभव सहायता के लिए तत्पर है।

# पार्थ सारथी सेन शर्मा ने दिया 'शिक्षक सर्वोपरि' का मंत्र

## शिक्षक की निष्ठा से ही सफल होगा निपुण भारत मिशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार करते हुए अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने मंगलवार को यूट्यूब लाइव सेशन के माध्यम से प्रदेश के लाखों शिक्षकों से सीधा संवाद किया। इस संवाद में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षा विभाग से जुड़े हजारों कार्मिक शामिल हुए।

अपने संबोधन की शुरुआत में अपर मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन का सबसे बड़ा आधार शिक्षक हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल भवन, फर्नीचर या स्मार्ट क्लास बनाना नहीं है। असली लक्ष्य हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है। इसके लिए विद्यालयों में सीखने का सकारात्मक वातावरण बनाना और प्रत्येक बच्चे की सीखने की क्षमता को पहचानकर उसे विकसित करना सबसे बड़ी प्राथमिकता है।



उन्होंने कहा कि शिक्षा सुधार में शिक्षक की भूमिका सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि यदि इस आयु में बच्चों को उचित पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और सकारात्मक वातावरण मिले तो आगे चलकर उनकी सीखने की क्षमता कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने 'ग्राम स्तरीय टीम' का मॉडल प्रस्तुत करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहू, एएनएम, शिक्षक और ग्राम प्रधान यदि एक टीम के रूप में काम करें तो विद्यालयों की स्थिति और बच्चों का शैक्षिक स्तर दोनों में क्रांतिकारी सुधार आएगा। यह समन्वय ग्रामीण शिक्षा के लिए गेमचेंजर साबित होगा। शिक्षकों के हितों पर विस्तार से बोलते हुए अपर मुख्य सचिव ने कई बड़ी घोषणाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षकों एवं उनके परिवारों के लिए पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा शुरू की गई है। इस योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसमें सहायक अध्यापकों के साथ शिक्षा मित्र, अनुदेशक तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के शिक्षकों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे स्वयं और अपने परिवार का पंजीकरण अवश्य करा लें। यह योजना न केवल आर्थिक सुरक्षा देती है बल्कि परिवार को मानसिक संतोष भी प्रदान करती है। शिक्षकों को उनके दायित्व का बोध कराते हुए अपर मुख्य सचिव ने कहा कि हर शिक्षक को यह याद रखना चाहिए कि उसने शिक्षा का क्षेत्र केवल नौकरी के लिए नहीं चुना है। यह समाज और राष्ट्र निर्माण का पवित्र मिशन है। उन्होंने आह्वान किया कि शिक्षक अपने विद्यालय और अपने बच्चों के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक पूरी ईमानदारी और लगन से कक्षा में पढ़ाएगा, तभी निपुण भारत मिशन का 2026-27 तक हर बच्चे को निपुण बनाने का लक्ष्य हासिल होगा। शिक्षा की सभी योजनाओं की सफलता का आधार शिक्षक की कक्षा में मौजूदगी और उसकी प्रतिबद्धता है। संवाद के दौरान उन्होंने शिक्षकों को सलाह दी कि वे कितनी भी व्यस्त दिनचर्या में हों, प्रतिदिन कुछ समय स्वयं के लिए जरूर निकालें। नियमित पुस्तक पढ़ें, लेखन करें, योग या व्यायाम करें और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## स्थानीय लोगों ने लखनऊ जैसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की

(कोरांव), प्रयागराज। प्रयागराज जनपद की कोरांव तहसील में कई होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस, कोचिंग सेंटर और व्यावसायिक प्रतिष्ठान सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर संचालित हो रहे हैं। इन प्रतिष्ठानों में अग्निशमन उपकरण जैसे आवश्यक सुरक्षा उपायों का अभाव है, जिससे मानव जीवन को खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कई होटल और रेस्टोरेंट ऐसे हैं जिनके पास आवश्यक मानक नहीं हैं, फिर भी वे अनापत्ति प्रमाण पत्र (गगए) प्राप्त कर अपना संचालन जारी रखे हुए हैं। यह स्थिति सुरक्षा नियमों के उल्लंघन को दर्शाती है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, स्थानीय लोगों ने लखनऊ जैसी किसी अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति की आशंका जताई है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से इन चिन्हित प्रतिष्ठानों की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी फायर स्टेशन पथरताल कोरांव प्रयागराज राजकुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र में लगातार निरीक्षण किया जाता है जिन प्रतिष्ठानो में फायर उपकरण मानक पूरा नहीं है या लगा नहीं पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा।

# कबीर के विचार सामाजिक समरसता और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। संत कबीर की वाणी, निर्गुण भक्ति और भारतीय लोक-सांस्कृतिक परंपरा की समृद्ध विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संत कबीर अकादमी, मगहर में कबीर जयंती के अवसर पर 27 से 29 जून तक तीन दिवसीय 'निर्गुण त्रिधारा भक्ति उत्सव' का आयोजन होगा। मगहर, गाजीपुर और वाराणसी में आयोजित होने वाले इस उत्सव में देशभर के प्रतिष्ठित संत, विद्वान, लोक कलाकार और कबीर गायन परंपरा से जुड़े समूह सहभागी होंगे।

उत्सव का शुभारंभ 27 जून को संत कबीर अकादमी, मगहर में भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। कार्यक्रम में पद्मश्री कालूराम बामनिया, बेबी सिसोदिया बंजारन सिस्टर्स, देवेन्द्र दास ताना-बाना ग्रुप, ओम प्रकाश पटेल, दिनेश कुमार जांगड़े और प्रीति बामनिया सहित कई ख्यातिप्राप्त कलाकार निर्गुण भक्ति और कबीर गायन की प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुभाष यदुवंश (एमएलसी, बस्ती-संतकबीर नगर-सिद्धार्थनगर) तथा विशिष्ट अतिथि अंकुर राज तिवारी (विधायक, खलीलाबाद सदर), अनिल कुमार त्रिपाठी (विधायक, मेहदावल) और गणेश चंद्र चौहान (विधायक, धनघटा) की उपस्थिति में कबीर की लोकधारा, संत परंपरा और निर्गुण भक्ति का उत्सव मनाया जाएगा।



दूसरे दिन 28 जून को कबीर मठ बेलसड़ी, गाजीपुर में निर्गुण त्रिधारा भक्ति उत्सव का आयोजन होगा। यहां पद्मश्री भेरूसिंह चौहान सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकार कबीर वाणी और निर्गुण भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। वहीं 28 और 29 जून को वाराणसी स्थित संत कबीर की प्राचीन प्राकट्य स्थली लहरतारा में 'कबीर की विरासत : काशी से मगहर तक' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविद, साहित्यकार, इतिहासकार और शोधकर्ता कबीर के दर्शन, साहित्य और सामाजिक योगदान पर अपने विचार रखेंगे।

29 जून को लहरतारा, वाराणसी में आयोजित विशेष समारोह इस उत्सव का मुख्य आकर्षण होगा। इस अवसर पर संत समाज के प्रमुख धर्माचार्यों और विद्वानों का आशीर्वचन प्राप्त होगा। शाम को आयोजित निर्गुण सांस्कृतिक संध्या में पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपान्या की विशेष प्रस्तुति के साथ जय पाण्डेय, देवेन्द्र दास, बेबी सिसोदिया बंजारन सिस्टर्स, प्रीति बमानिया और दिनेश कुमार जांगड़े जैसे कलाकार कबीर की वाणी को स्वर देंगे। निर्गुण भक्ति, लोकसंगीत और संत परंपरा का यह संगम दर्शकों को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभूति प्रदान करेगा।

इस आयोजन पर अपने विचार प्रकट करते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि संत कबीर की वाणी आज भी समाज को समानता, मानवता, प्रेम और सामाजिक समरसता का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि 'निर्गुण त्रिधारा भक्ति उत्सव' जैसे आयोजन संत कबीर की शिक्षाओं और निर्गुण भक्ति परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। प्रदेश सरकार सांस्कृतिक विरासत, संत परंपराओं और लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ऐसे आयोजनों से न केवल कलाकारों, विद्वानों और संत समाज को एक साझा मंच मिलता है, बल्कि समाज में सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक जागरूकता और भाईचारे की भावना को भी मजबूती मिलती है।

# सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर जताई नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने मंगलवार को शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास एवं स्वच्छता कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मैदागिन स्थित कालभैरव वार्ड, लहुराबीर और बिरदोपुर क्षेत्र में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान कालभैरव मंदिर मार्ग पर नाली, सफाई व्यवस्था और सुंदरीकरण कार्यों का अवलोकन किया गया। मार्ग पर स्थित भवनों और दुकानों की बाहरी दीवारों पर रंग-रोगन एवं पेंटिंग कार्य का शुभारंभ महापौर और नगर आयुक्त ने स्वयं दीवार पर पेंटिंग कर किया। उन्होंने श्रमिकों और स्थानीय लोगों का उत्साहवर्धन भी किया। महापौर ने निर्देश दिया कि कालभैरव मंदिर मार्ग की सभी दुकानों के बोर्ड एक समान डिजाइन में बनवाए जाएं और बोर्ड के नीचे ल्लसौजन्य से नगर निगम वाराणसीङ्क अनिवार्य रूप से अंकित कराया जाए। उन्होंने निर्माणाधीन शौचालय का भी निरीक्षण किया। वहीं गुरुनानक मार्केट में ट्रांसफार्मर के पास गंदगी मिलने पर नाराजगी जताते हुए सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके बाद महापौर लहुराबीर स्थित पशु चिकित्सालय (घोड़ा अस्पताल) परिसर पहुंचे, जहां म्युनिसिपल बॉन्ड के माध्यम से करीब 34.52 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे मार्केट कॉम्प्लेक्स और अंडरग्राउंड पार्किंग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने मैनपावर बढ़ाकर कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अगले चरण में बिरदोपुर वार्ड में मानसून तैयारियों और जलजमाव से निपटने के लिए चल रही नाला सफाई व्यवस्था की जांच की गई। नाले साफ मिले, लेकिन निकाली गई सिल्ट सड़क पर पड़ी होने पर महापौर ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शाम तक हर हाल में सिल्ट उठवाई जाए और सीवर सफाई व्यवस्था को बेहतर किया जाए। महापौर ने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान निगम सदन भाजपा दल के नेता सुरेश कुमार चौरसिया, कालभैरव वार्ड के पार्षद संजय कुमार गुजराती, नामित पार्षद मनोज यादव सहित नगर निगम के अधिकारी और अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रयागराज में कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों की जांच की कार्रवाई तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ सीएम योगी के निर्देश पर फायर पुलिस सहित जिला प्रशासन की कई टीमें सक्रिय
- ❒ खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग को पीडीए ने किया सील, प्राधिकरण द्वारा तय मानकों को नहीं किया जा रहा था पालन

प्रयागराज। लखनऊ में हुए दुखद अग्निकांड के बाद प्रदेश के सभी जनपदों में अग्नि सुरक्षा की जांच कार्रवाई की जा रही है। सीएम योगी के सख्त निर्देश के बाद फायर/पुलिस/प्रशासन/प्राधिकरण/ विद्युत सुरक्षा की इकाइयां सक्रिय हो गई हैं । प्रयागराज के जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार राय का कहना है शहर में कुल 93 कोचिंग संस्थान पंजीकृत हैं। जिन कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण नहीं हुआ है उन्हें चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। प्रयागराज के मुख्य अग्नि शमन अधिकारी चंद्र मोहन शर्मा का कहना है कि मंगलवार सुबह से ही शहर में एजुकेशन के हब कहे जाने वाले कोचिंग बाहुल्य मोहल्लों में अग्नि शमन विभाग की तरफ से जांच और कार्यवाही का अभियान चल रहा है। चार बजे तक सात कोचिंग संस्थान चेक किए गए हैं और सुरक्षा के मानक पूरा ने होने पर उनके खिलाफ सुसंगत कार्यवाही की जा रही है। सीएफओ का कहना है कि 97 पंजीकृत संस्थानों में केवल 15 कोचिंग संस्थानों के नाम फायर विभाग की तरफ से एनओसी ली गई है। किसी व्यावसायिक भवन के नाम से अगर कुछ ने एनओसी ली है तो उसकी भी जांच की जा रही है। फायर विभाग ने दस टीमों का गठन किया है जो प्रतिदिन शहर के कोने कोने में मौजूद कोचिंग संस्थानों की अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच करेंगी। सभी पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारियों से भी इसमें सहयोग करने की अपील की गई है। इधर प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने भी शहर की विभिन्न कोचिंग संस्थानों में अभियान चलाकर प्राधिकरण द्वारा तय मानकों के पूरा न होने पर कार्यवाही की है। शहर के पॉश इलाके सिविल लाइंस में स्थिति खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग को पीडीए ने सील कर दिया था। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के वीसी ऋषिराज का कहना है कि प्राधिकरण द्वारा तय मानकों को पूरा न करने की वजह से खान कोचिंग को सील किया गया है।इसके अलावा पितृ छाया कोचिंग और राव आई ए एस संस्थान जो सिविल लाइंस की कोचिंग है उन्हें भी सील कर दिया गया है। प्रयागराज में इलेक्ट्रिकल सेफ्टी के डिप्टी डायरेक्टर उपेंद्र सिंह का कहना है कि शहर की सभी कमर्शियल बिल्डिंग्स में बिजली का कनेक्शन लेते समय वायरिंग और लोड को चेक किया जाता है। समय-समय पर इसे लेकर अभियान भी चलाया जाता है। फिलहाल किसी तरह की ऐसी कमी किसी कोचिंग संस्थान में देखने में नहीं आई है।

# शिकायतों का मौके पर निस्तारण, अवैध कब्जों पर कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



(कोरांव), प्रयागराज। एसडीएम संदीप तिवारी और तहसीलदार रोशनी सोलंकी ने तहसील में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ 12 बिंदुओं पर एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में लेखपालों और कानूनगो को IGRS के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने और उसकी आख्या पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए, ताकि शिकायतकर्ताओं को बार-बार शिकायत न करनी पड़े।

बैठक में अंश निर्धारण और अंश संशोधन के कार्यों को अभियान चलाकर पूरा करने पर भी जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, जिन ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे हैं, उन्हें तत्काल खाली कराने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि अतिक्रमणकारी स्वयं कब्जा नहीं हटाते हैं, तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नाली, चकरोड, सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण, धारा 24 की पत्रावलियों में सीमांकन एवं पत्थरगड्डी, धारा 116 कुर्रा फाट बंटवारा एवं दखल दिहानी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। खतौनी में नाम संशोधन, बैनामा छायाप्रति नामांतरण, धारा 34 नामांतरण के संदर्भ में वरासत, स्वामित्व योजना के अंतर्गत घरौनी तैयार किए जाने और कृषि, आवास, मत्स्य पालन के संदर्भ में आवंटन जैसे विषयों पर भी निर्देश दिए गए।निर्देश दिए गए। एसडीएम संदीप तिवारी और तहसीलदार रोशनी सोलंकी के साथ बैठक में अन्य राजस्व अधिकारी, लेखपाल और कानूनगो मौजूद रहे। मंगलवार को एसडीएम और तहसीलदार ने तहसील में जनसुनवाई भी की, जिसमें विभिन्न राजस्व संबंधी मामलों का समाधान किया गया।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र सूचना**

**संदर्भ :–निविदा सूचना सं.: 106-Sig-Tender-17-2026-27 दिनांक 19.06.2026 के लिये शुद्धिपत्र।**

उपरोक्त सन्दर्भित निविदा सूचना जो कि पूर्व में प्रकाशित की गयी है उसमें निम्नलिखित शुद्धियाँ की जा रही है :–

1. **यह टेंडर रद्द कर दिया गया है।**
2. **प्रशासनिक कारणों से टेंडर रद्द किया जा रहा है क्योंकि अनुमान (एस्टिमेट) में संशोधन की आवश्यकता है।**

अन्य शर्ते पूर्ववत ही रहेंगी।

नं.: 106-Sig-Tender-17-2026-27 (शुद्धिपत्र) दिनांक: 19.06.2026 2168/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या 11-टेण्डर/.मु.परि.प्र./नि/वाराणसी दिनाँक 30.05.2026 का पहला शुद्धिपत्र**

दिनांक 02.06.2026 को समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 11–टेण्डर/मु.परि.प्र./नि/वाराणसी दिनाँक 30.05.2026 के संबंधित तिथियों में प्रशासनिक आधार पर निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

| विवरण | पूर्व संशोधित तिथि | संशोधित |
|---|---|---|
| रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 18.06.2026 | 29.06.2026 |
| ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 09.07.2026 समय 11:00 बजे तक | 21.07.2026 समय 11:00 बजे तक |
| क्लॉज संख्या 2.2.1 एवं 2.3 के अनुसार दस्तावेजों को भौतिक रूप से प्रस्तुत करने की तिथि | — | 20.07.2026 तक |
| ई–निविदा खुलने की तिथि | 09.07.2026 समय 15:00 बजे के बाद | 21.07.2026 समय 15:00 बजे के बाद |

अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी। **संख्या: 11-टेण्डर/.मु.परि.प्र./नि/वाराणसी, दिनाँक 30.05.2026 का पहला शुद्धिपत्र दिनांक 22.06.2026**

2143/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## ज्वेलर्स की दुकान से लाखों के सोना-चांदी के जेवरात चोरी

चिनहट लखनऊ। चिनहट के बीबीडी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल है। पीड़ित धर्मेंद्र कुमार स्वर्णकार की एस.टी.पी. चौराहा स्थित मिनी पलक ज्वेलर्स नाम से दुकान है। तहरीर के अनुसार, वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार सुबह मकान मालिक ने सूचना दी कि दुकान का शटर काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। सूचना मिलते ही धर्मेंद्र अपने परिजनों के साथ दुकान पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। चोर दुकान से करीब 4 किलो चांदी के जेवरात, 50 से 60 ग्राम सोने के आभूषण तथा गल्ले में रखी लगभग 90 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पीड़ित ने बीबीडी थाने में तहरीर देकर चोरी गए माल की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सुंदरकाण्ड पाठ एवं विशाल भण्डारे का भव्य आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। बड़े मंगल के पावन अवसर पर कोषागार जवाहर भवन, लखनऊ परिसर में कोषागार परिवार की ओर से सुंदरकाण्ड पाठ एवं विशाल भण्डारे का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विजय कुमार सिंह, निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश की गरिमामयी उपस्थिति तथा आनन्द कुमार, मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन की उपस्थिति रही।

इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में कोषागार परिवार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विकास रावत, शुभा श्रीवास्तव, अनुज कुमार यादव, भूपेन्द्र सिंह यादव एवं अन्य कोषागार साथियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

भक्ति, सेवा एवं सद्भावना से परिपूर्ण इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सुंदरकाण्ड पाठ में सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया तथा बड़े मंगल की परम्परा को श्रद्धापूर्वक निभाया।

# दहेज की मांग ने उजाड़ीं दो गृहस्थियां, प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिताओं ने दर्ज कराया मुकदमा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❐ एक मामले में बेटी के जन्म के बाद बदली ससुराल की नीयत, दूसरे में बाइक, फ्रिज और नकदी की मांग पूरी न होने पर घर से निकाला




बख्शी का तालाब,लखनऊ। राजधानी में दहेज उत्पीड़न के दो अलग-अलग मामलों में विवाहिताओं ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने, मारपीट करने और घर से निकालने का आरोप लगाया है। एक मामले में बेटी के जन्म के बाद ससुरालियों की नीयत बदल गई, जबकि दूसरे मामले में बाइक, फ्रिज और नकदी की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित किया गया। दोनों मामलों में बीकेटी स्थित महिला थाना-2 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

माल थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर निवासी अंजनी ने महिला थाना-2 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका विवाह दो दिसंबर 2022 को मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नवीनगर निवासी अजीत कुमार के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह में मायके पक्ष ने सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज भी दिया था। पीड़िता के अनुसार, 28 अगस्त 2024 को बेटी अनन्या के जन्म के बाद पति अजीत कुमार, सास और ससुर मोहनलाल का व्यवहार बदल गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष एक लाख रुपये नकद और एक तोला सोना दहेज में लाने का दबाव बनाने लगा। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। बाद में उसे मासूम बेटी के साथ घर से निकाल दिया गया।

वहीं, इटौंजा थाना क्षेत्र के ग्राम बनौगा निवासी काजल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह तीन दिसंबर 2022 को गुडंबा थाना क्षेत्र के ग्राम नेवाजपुर निवासी अमन के साथ हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही पति अमन, सास सुनीता और दादी सास ने दहेज में मोटरसाइकिल, गोदरेज अलमारी, टीवी, फ्रिज और एक लाख रुपये नकद की मांग शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसे आए दिन प्रताड़ित किया जाने लगा। पति शराब के नशे में मारपीट करता था, जबकि सास भी उसका समर्थन करती थी। इतना ही नहीं, पति की दूसरी शादी कराने की धमकी भी दी जाती थी।

काजल के मुताबिक, 19 सितंबर 2024 को पति और सास ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। साथ ही दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे जिंदा जलाने और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई।दोनों मामलों में महिला थाना-2 पुलिस ने संबंधित आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धमकी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने लौटाया लावारिस बैग, मोबाइल समेत सामान पाकर खिल उठा मालिक का चेहरा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नगराम, लखनऊ। क्षेत्र में एक युवक ने ईमानदारी और मानवता की मिसाल पेश करते हुए रास्ते में मिले लावारिस बैग को उसके असली मालिक तक पहुंचाकर सराहनीय कार्य किया।

ग्राम अहमदपुर आजम अली निवासी अजीत अपने गांव से समेसी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उन्हें एक लावारिस बैग पड़ा मिला। बैग में टच स्क्रीन मोबाइल समेत अन्य सामान रखा हुआ था। अजीत ने बैग को अपने पास रखने के बजाय तुरंत ईमानदारी का परिचय देते हुए सब इंस्पेक्टर अनुज भाटी से संपर्क किया और बैग पुलिस को सुपुर्द कर दिया। पुलिस द्वारा बैग के मालिक की तलाश की गई तो पता चला कि बैग नगराम के ग्राम हसनपुर निवासी संतोष का है। पुलिस ने संपर्क कर संतोष को बुलाया और उनका बैग, मोबाइल सहित पूरा सामान सुरक्षित वापस कर दिया। अपना सामान वापस पाकर संतोष ने अजीत और पुलिस टीम का आभार जताया।



## दुबग्गा में आखिरी मंगलवार पर भव्य भंडारे का आयोजन

लखनऊ। दुबग्गा क्षेत्र में आखिरी मंगलवार के पावन अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों के लिए बंदी, छोले-चावल एवं पुरी की विशेष व्यवस्था की गई। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भंडारे में पहुंचते रहे और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजकों ने बताया कि भंडारे का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में सेवा और सद्भावना की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और लोगों ने आयोजन की सराहना की। भंडारे के सफल संचालन में क्षेत्र के कई लोगों ने सहयोग किया।

# आखिरी बड़े मंगल पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

❐ प्राचीन हनुमान मंदिर करोरा में गूंजे जयकारे, विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने पाया प्रसाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नगराम, लखनऊ। ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगल पर नगराम क्षेत्र पूरी तरह भक्ति के रंग में रंग गया। जगह-जगह आयोजित भंडारों में श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों और भंडारा स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। क्षेत्र के समेसी, हुसैनाबाद, नबीनगर, हरदोइया बहरौली, करोरा, सलेमपुर अचाका समेत कई गांवों में श्रद्धालुओं ने भंडारे आयोजित कर राहगीरों व भक्तों को प्रसाद वितरित किया। करोरा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मुख्य आयोजक गिरीशचंद्र त्रिवेदी की ओर से आयोजित भंडारे में शरबत, छोला-पूड़ी और चावल का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर परिसर में दिनभर हनुमान जी के जयकारों के साथ भक्ति का माहौल बना रहा। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन किए। इस अवसर पर नीरज त्रिवेदी, ग्राम प्रधान सुधीर विश्वकर्मा, दीपक तिवारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व भक्त मौजूद रहे।

## अस्पताल में टी.बी रोगियों को हुआ पुष्टाहार वितरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट अस्पताल, चारबाग में टी.बी रोगियों के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत पुष्टाहार वितरण हुआ जिसमें ऐसे मरीज जिनका इलाज अस्पताल के डॉट सेंटर में चल रहा है उन्हें पुष्टाहार के पैकेट प्रदान किए गए।

अस्पताल के चेयरमैन पूर्व विधायक विद्यासागर गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में पहला डॉट सेंटर हमारे अस्पताल में खुला था तब से निरंतर हम टी.बी रोगियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। श्री गुप्ता ने मरीजों को योग करने की सलाह देते हुए पौष्टिक भोजन लेने की भी अपील की। अस्पताल के सचिव अमित गुप्ता ने कहा कि हमारे अस्पताल में हर साल टी.बी रोगियों को पुष्टाहार का वितरण किया जाता है। कार्यक्रम में जिला टी.बी अधिकारी डॉ.ए.के सिंघल ने उपस्थित मरीजों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि टी.बी के समूल नाश के लिए इसका पूरा इलाज करना बहुत जरूरी है।

डॉ.सिंघल ने कहा कि जल्द ही एक लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति अस्पताल में की जाएगी ताकि मरीजों की जांच भी अस्पताल में ही हो जाए। कार्यक्रम में मेडिकल ऑफिसर डॉ.अवधेश पांडे ,लोकेश वर्मा, डॉ. स्वामित्र मिश्रा ,क्षेत्रीय आशा बहू तथा अस्पताल के वाइस चेयरमैन रमेश अग्रवाल, अस्पताल के सभी ट्रस्टी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे

## जपती बाग हनुमान मंदिर में हनुमान जी का अभिषेक हुआ



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सआदतगंज के जपती बाग हनुमान मंदिर में दिव्य अभिषेक महोत्सव संपन्न हुआ। भगवान का दुग्ध अभिषेक, इत्र अभिषेक, गंध धोधक 108 नाम से पूजन अर्चन किया गया। हनुमान मंदिर के पुजारी पवन तिवारी अखंड के दिशा निर्देशन में आचार्य राजीव मिश्रा, पंडित हर्ष बाजपेई एवं राजेंद्र प्रसाद तिवारी, शिवार्थ शुक्ला के साथ रिशु गुप्ता, देवेंद्र मिश्रा, अनुराग गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, कन्हैया मामा, राघव केशव, जीतू रस्तोगी आदि उपस्थित रहे। हनुमान जी का ध्वज पूजन करके आरती के साथ पूजन संपन्न हुआ। पश्चात भगवान का चरण अमृत और प्रसाद वितरण किया गया राष्ट्रहित के लिए समाज के लिए धर्म रक्षा हेतु पूजन करके वर्तमान समय में जो अत्यधिक गर्मी पड़ रही है यह कम हो, सूखा समाप्त हो किसानों के लिए भगवान हितकारी हो ऐसी भावना के साथ हनुमान जी से प्रार्थना की गई। जब्ती बाग हनुमान मंदिर 5000 वर्ष पुराना है।

## भंडारा में अग्निकांड के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन ने ऐशबाग स्थित प्रांतीय कार्यालय में बड़े मंगल का भंडारा सादगी के साथ आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी ने भंडारे की शुरुवात लखनऊ अग्निकांड में अपनी जान गवाने वाले छात्रों की आत्मा की शांति की प्रार्थना कर के शुरू किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से आशीष त्रिवेदी, धीरज त्रिवेदी,अख़्तर ख़ान, अजाज़ ख़ान, मानस त्रिवेदी, अंशुल त्रिवेदी, अशोक मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में हुए कई भंडारे



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला एवं उत्तर प्रदेश एम्च्योर एस्ट्रोनॉमर्स क्लब के ने इंदिरा गांधी नक्षत्र शाला परिसर में विशाल भण्डारा एवं हनुमान जी का विशेष पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर नक्षत्र शाला परिवार एवं क्लब के सदस्यों ने एक साथ हनुमान चलीसा एवं हनुमान आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी नक्षत्र शाला से अभिषेक तिवारी, अभिषेक कुमार, रविन्द्र प्रताप सिंह, आकाश, आशीष, विवेक, अमरीश, ज्ञान सिंह, शोभित, संतोष कुमार, अरूण कुमार रावत, नीरज, संगीता, मोहिता, हरीश, तथा यूपीएएसी क्लब से अनुराग अवस्थी, अनुराग सिंह, सार्थक, अभिषेक, हंसदीप, अनस, दीपशिखा, अंजली गिरी, वैभवी शुक्ला, वर्षा वर्मा, खुशी, सोमिल, शैलेन्द्र, सत्यम, अनिरूद्ध, विशाल, आदि ने उत्साह पूर्वक सहयोग किया। डॉ राजेश कुमार गंगवार, संयुक्त निदेशक ने बताया कि परिषद ने प्रत्येक वर्ष सभी बड़े मंगलवार को परिषद परिसर में भण्डारा कराया जाता है। परिषद में दो भण्डारे का आयोजन किया गया। जिनमें से एक परिषद कार्मिकों ने तथा दूसरा नक्षत्रशाला परिसर में डॉ सुमित कुमार श्रीवास्तव वैज्ञानिक अधिकारी के परिवार एवं कार्यस्थल परिवार ने किया है।

## दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना महानगर पुलिस को वाहन चोरी के मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है।पुलिस के अनुसार 22 जून 2026 को थाना महानगर पर एक अपाचे मोटरसाइकिल (संख्या यूपी-60 एए-8766) चोरी होने के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम लगातार वाहन चोरों की तलाश में जुटी हुई थी। प्रभारी निरीक्षक महानगर अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सौमित्र वन के पास बंधा रोड पर दो युवक एक मोटरसाइकिल के साथ मौजूद हैं और उसे बेचने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया।

## कोचिंग की आग ने छीना घर का इकलौता चिराग, अब्दुल की मौत से परिवार में कोहराम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ ठाकुरगंज। अलीगंज पुरनिया इलाके में सोमवार को एक कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी में लगी भीषण आग ने कई घरों के चिराग बुझा दिए। इस दिल दहला देने वाले हादसे में बरौरा (ठाकुरगंज) के रहने वाले 22 वर्षीय छात्र अब्दुल रहमान की भी दर्दनाक मौत हो गई। अब्दुल की मौत की खबर मिलते ही उसके परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मंगलवार को जब कानूनी कार्रवाई के बाद अब्दुल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। तो पोस्टमार्टम हाउस के बाहर का मंजर देखकर हर किसी का कलेजा कांप उठा। पोस्टमार्टम हाउस के बाहर अब्दुल रहमान के रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा है। अपने जवान बेटे को खोने के सदमे में पूरा परिवार बदहवास है। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है और उनकी चीख-पुकार से वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। ढांढस बंधाने पहुंचे लोगों के पास भी इस दुख की घड़ी में बोलने के लिए शब्द नहीं बचे हैं। इस हादसे ने न सिर्फ एक मां-बाप से उनका बेटा छीना है, बल्कि उनके पूरे भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। मौके पर पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद हैं और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराई जा रही है। इस भीषण अग्निकांड ने एक बार फिर कोचिंग सेंटरों की सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही को उजागर कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। लेकिन इस लापरवाही ने अब्दुल के परिवार को एक ऐसा घाव दे दिया है जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती।

# युवती से अभद्रता और मारपीट की दो घटनाओं में 11 पर मुकदमा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❐ पुर गांव में युवती से अभद्रता का विरोध करने पर घर में घुसकर हमला, गुलालपुर में रास्ते के विवाद में युवक को पीटा




बख्शी का तालाब,लखनऊ : महिगवां थाना क्षेत्र में अभद्रता और मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने 11 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक मामले में युवती से अभद्रता का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया, जबकि दूसरे मामले में रास्ते के विवाद को लेकर युवक की पिटाई कर दी गई।

थाना क्षेत्र के पुर गांव निवासी साजिया के अनुसार, सोमवार शाम करीब सात बजे वह शौच के लिए जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में गांव के साहिल पुत्र सद्दीक और इकबाल ने उसके साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की। घर पहुंचने पर युवती ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। पीड़िता का आरोप है कि जब उसकी मां राजिया बेबी शिकायत करने पहुंचीं तो आरोपी आक्रोशित हो गए। कुछ देर बाद राजू, बाबू, मफूज, इकबाल, साहिल, सीबू, शकील और इम्तियाज समेत अन्य लोग लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर पहुंच गए और हमला कर दिया। मारपीट में साजिया, राजिया बेबी, असगर और इमरा घायल हो गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।वहीं, गुलालपुर मजरा रामदीपुरवा निवासी हदेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार रात करीब नौ बजे वह इटौंजा से अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि घर के बाहर गांव के ही राकेश कुमार, उसका पुत्र सुमित और पत्नी गुड्डी लाठी-डंडों के साथ पहले से बैठे थे। जैसे ही वह घर पहुंचा, तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में हदेश घायल हो गया। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दिग्गज हस्तियां सुर ताल संगम सम्मान से सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था सुर ताल संगम द्वारा विश्व संगीत दिवस एवं विश्व योग दिवस के अवसर पर उद्यान भवन ऑडिटोरियम, हजरतगंज में एक भव्य संगीतमय कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गीत, संगीत, नृत्य, विविध मनोरंजन एवं पारिवारिक भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस विशेष आयोजन में विश्व संगीत दिवस, विश्व योग दिवस, फादर्स डे तथा महान पार्श्वगायिका आशा भोंसले को समर्पित संगीतमय श्रद्धांजलि प्रस्तुत की गई। सभी कलाकारों आद्या सिंह,युविका पांडेय,त्रिनभ साहू, वैष्णवी पांडेय,अद्विका श्रीवास्तव,ईशनंदिनी जादौन,भुवि सरन,अक्षिता दीक्षित, रैना कपूर,आन्या गोयल,ईशा श्रीवास्तव, संगीता शुक्ला,अनुष्का शुक्ला,निर्मला अवस्थी,श्रद्धा प्रतिहारी,समीक्षा सिंह, बिपाशा बनर्जी,माला सिन्हा,बिदिषा बनर्जी,मनीष मिश्रा,डॉ शोएब अहमद आदि ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में संगीत प्रशिक्षक और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायक अविजित श्रीवास्तव और मुंबई निवासी कुशल नृत्यांगना एवं गायिका आद्या श्रीवास्तव के निर्देशन में लाइव सिंगिंग, मनमोहक नृत्य प्रदर्शन, रोचक गेम्स, म्यूज़िकल क्विज़ एवं आदि ने आयोजन को चार चांद लगा दिए। इसके साथ ही प्रसिद्ध जादूगर शशांक द्वारा प्रस्तुत मैजिक शो और योग प्रशिक्षिका संगीतिका ने योग ध्यान से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिवंगत सुप्रसिद्ध पार्श्वगायिका सुमन कल्याणपुर को श्रद्धांजलि देते हुए विशिष्ट अतिथि श्रीमती संगीता जायसवाल ने रहे न रहे हम गीत प्रस्तुत किया। मुंबई से आमंत्रित सुप्रसिद्ध कलाकार आद्या श्रीवास्तव ने आशा भोंसले की श्रद्धांजलि के तौर पर उमराव जान की ग़ज़लें और भावनृत्य पेश करके सभी का मन मोह लिया। विश्व योग दिवस पर विशेष प्रस्तुति आदियोगी गीत के माध्यम से लोकप्रिय गायक अविजित श्रीवास्तव देकर खूब वाहवाही बटोरी। मुख्य अतिथि माननीय पवन सिंह चौहान, एमएलसी सीतापुर सहित अनेक गणमान्य लोग विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। बतौर विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ रंगकर्मी नवीन श्रीवास्तव, श्री अनूप श्रीवास्तव, तारिक खान, आदित्य शर्मा, यश भारती सम्मानित पं केवल कुमार, दिल्ली निवासी संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से विभूषित सुश्री रीना टंडन समेत आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के वरिष्ठ पदाधिकारी आदि मौजूद रहे। संस्था के संरक्षक श्री राजेश जायसवाल (आक्सीजन मैन) और संस्था के संस्थापक अध्यक्ष श्री अजय श्रीवास्तव एवं सभी प्रमुख पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर सभी अतिथियों का शाल, बुके, स्मृति चिन्ह आदि भेंट करके स्वागत सम्मान किया। पूरे आयोजन के दौरान दर्शकों के लिए सरप्राइज गिफ्ट और फूड पैकेट वितरित किए गये। संचालक विजय के रोचक अंदाज और आडीटोरियम में गूंजती तालियों की आवाज अपार उत्साह एवं ऊर्जा दर्शनीय रही। संस्था की डायरेक्टर डॉ जया श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, सुप्रतिष्ठित कलाकारों को सम्मानित करने के साथ ही भारतीय संगीत एवं संस्कृति को बढ़ावा देना है।

## कैंडल मार्च निकालकर छात्रों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

चिनहट लखनऊ। अलीगंज स्थित एक कोचिंग सेंटर में लगी भीषण आग में जान गंवाने वाले छात्रों की स्मृति में सोमवार शाम चिनहट क्षेत्र में श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने दिवंगत छात्रों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम की शुरुआत चिनहट के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में मंदिर चलो अभियान के अंतर्गत सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुई। उपस्थित लोगों ने संकटमोचन हनुमान जी से दिवंगत छात्रों की आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। हनुमान चालीसा के पश्चात रामलीला मैदान से कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और क्षेत्रीय नागरिकों ने भाग लिया। हाथों में जलती मोमबत्तियां लिए लोग मौन जुलूस के रूप में गांधी चबूतरा पहुंचे, जहां दो मिनट का मौन रखकर मृतक छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# 75 साल बाद टूटी उपेक्षा की बेड़ियां, दलित बस्ती तक पहुंचा विकास का रास्ता

❒ ढाई सौ मीटर सड़क के लिए पीढ़ियों ने झेला संघर्ष, अब बच्चों को नहीं पार करनी पड़ेगी झाड़ियां और तालाब की पटरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर । आजादी के 75 वर्ष बाद आखिरकार वह दिन आ ही गया, जब गोपालापुर की दलित बस्ती को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले रास्ते का निर्माण शुरू हो गया। वर्षों से उपेक्षा, अवैध कब्जों और प्रशासनिक उदासीनता का दंश झेल रही करीब 400 की दलित आबादी के लिए यह रास्ता केवल मिट्टी और खड़ंजे का निर्माण नहीं, बल्कि सम्मान, अधिकार और विकास की नई राह साबित होने जा रहा है। सकरन ब्लॉक मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत सांडा के मजरा गोपालापुर में 50 से अधिक दलित परिवार निवास करते हैं। विडंबना यह रही कि गांव के लोगों को मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए सरकारी अभिलेखों में दर्ज रास्ता होने के बावजूद दशकों तक भटकना पड़ा। कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से रास्ते पर अवैध कब्जा कर लेने के कारण ग्रामीणों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को तालाब की पटरी, खेतों और झाड़ियों के बीच से होकर गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ता था।

### बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहा था असर

ग्रामीणों के अनुसार गांव से मात्र 300 मीटर दूर स्थित प्राथमिक विद्यालय तक पहुंचने के लिए छोटे-छोटे बच्चों को जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ता था। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती थी। कई बार बच्चे फिसलकर चोटिल भी हो जाते थे, लेकिन जिम्मेदार तंत्र वर्षों तक इस गंभीर समस्या से आंखें मूंदे रहा।

### मीडिया की खबरों ने जगाई व्यवस्था

ग्रामीणों की इस पीड़ा को विभिन्न समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। ग्रामीणों की शिकायत पर राजस्व विभाग ने कार्रवाई करते हुए उपजिलाधिकारी बिसवां के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल से अभिलेखों में दर्ज रास्ते का चिन्हांकन कराया। जांच में रास्ते का अस्तित्व स्पष्ट होने के बाद उसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई।

### बीडीओ और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि की पहल लाई रंग

खण्ड विकास अधिकारी श्रीश कुमार गुप्ता तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र पंचायत से प्रस्ताव पारित कराया। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद अब रास्ते का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। निर्माण शुरू होते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### ग्रामीणों ने जताया आभार

ग्रामीणों का कहना है कि जिस रास्ते के लिए उनके बुजुर्गों ने वर्षों तक संघर्ष किया, वह सपना अब साकार होता दिखाई दे रहा है। अब बच्चों को स्कूल जाने के लिए तालाब की पटरी और घने झाड़-झंखाड़ से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा। साथ ही बीमार, बुजुर्ग और महिलाओं को भी आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

### विकास की राह पर बढ़ा गोपालापुर

गोपालापुर में शुरू हुआ यह निर्माण कार्य केवल एक सड़क का निर्माण नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और प्रशासनिक जवाबदेही की मिसाल बनकर उभरा है। वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे दलित परिवारों को अब मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# लाखों का माल मंगाया, रूपया मांगने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी

❒ आरोपी व्यापारी पश्चिमी बंगाल से गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना रोजा पुलिस ने आठ महीने बाद लाखों की गुड़, राव और चीनी मंगाकर भुगतान न करने और रूपया मांगने पर गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोपी व्यापारी को पश्चिमी बंगाल से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी पश्चिमी बंगाल राज्य के जिला मालदा क्षेत्र के थाना कालियाचक क्षेत्र का रहने वाला मोहम्मद साबिर अली उर्फ शब्बीर है।

बीती 05 दिसम्बर 2025 को थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दीवान इन्कलेव निवासी सुक्खनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वो रोजा मंडी समिति में एसएल फूड्स का प्रोपराइटर है। बताया कि उनकी फर्म से वर्ष 2017 से वर्ष 2024 तक कुल 70,70,600 रुपये मूल्य की एसके कलिमियां भंडार के प्रोपराइटर शब्बीर ने गुड़, राब एवं चीनी मंगाई और उस माल का भुगतान नहीं किया। रूपया मांगने पर शब्बीर ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी शब्बीर के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उसकी तलाश शुरू की। इसी क्रम में पुलिस ने पश्चिमी बंगाल राज्य के जिला मालदा क्षेत्र के थाना कालियाचक क्षेत्र का रहने वाले अभियुक्त मोहम्मद साबिर अली उर्फ शब्बीर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त शब्बीर को उसकी दुकान नेकी गारमेंट, पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया। जिसके बाद पश्चिमी बंगाल की कोर्ट से अभियुक्त शब्बीर का 06 दिवस का रिमाण्ड स्वीकृत कराकर थाना रोजा लाया गया। फिलहाल, थाना रोजा पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त शब्बीर को शाहजहांपुर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र के साथ एसआई सतवीर सिंह और कांस्टेबल कपिल कुमार मौजूद रहे।

# मुद्रासन का भव्य सेल्फी पॉइंट बना आकर्षण का केंद

❒ 'आई लव हमारा मुद्रासन' की अनूठी थीम ने जीता लोगों का दिल, उद्घाटन के बाद उमड़ी भारी भीड़

### विकास और सौंदर्यीकरण का नया प्रतीक बना मुद्रासन

''आई लव हमारा मुद्रासन'' बना आकर्षण का केंद्र, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने किया लोकार्पण, आधुनिक लाइटिंग और हरियाली ने बढ़ाई खूबसूरती, ग्रामीणों और युवाओं में सेल्फी पॉइंट को लेकर खासा उत्साह, क्षेत्र की नई पहचान के रूप में उभर रहा मुद्रासन।




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । विकास खण्ड हरगांव की ग्राम पंचायत मुद्रासन ने विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में एक नई पहचान कायम करते हुए गांव के मुख्य चौराहे पर भव्य एवं आकर्षक सेल्फी पॉइंट का निर्माण कराया है। ग्राम प्रधान जसिमुन, उनके पति अब्बास अली, ग्राम पंचायत सचिव नौशाद अली तथा कंसल्टिंग इंजीनियर शिवम वर्मा के संयुक्त प्रयासों से तैयार यह सेल्फी पॉइंट क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का विषय बन गया है। इस सेल्फी पॉइंट में खण्ड विकास अधिकारी विवेकमणि त्रिपाठी, व एडीओ पंचायत जेपी वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे सेल्फी पॉइंट का निर्माण भव्य हो सका।

सोमवार की देर शाम आयोजित कार्यक्रम में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने फीता काटकर इस भव्य सेल्फी पॉइंट का लोकार्पण किया। उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। जैसे ही सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन हुआ, लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने यहां तस्वीरें खिंचवाकर इस पल को यादगार बनाया।

हरगांव-लहरपुर मार्ग पर स्थित यह सेल्फी पॉइंट अपनी भव्यता, आकर्षक डिजाइन और आधुनिक स्वरूप के कारण दूर से ही लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता बड़े अक्षरों में लिखा गया ऋ द्यधफ्द्व क्ष्थ्द्वथन्थ ख्रफ्द्धन्थपथद्व है, जो ग्रामवासियों के अपने गांव के प्रति प्रेम और जुड़ाव को दर्शाता है। सेल्फी पॉइंट के चारों ओर हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से सजावटी एवं छायादार पौधे लगाए गए हैं। वहीं आकर्षक लाइटिंग, स्टील के गेट, मजबूत ग्रिल और सुव्यवस्थित परिसर इसकी सुंदरता में चार चांद लगा रहे हैं। शाम होते ही रंग-बिरंगी रोशनी में नहाया यह स्थल किसी शहरी पर्यटन स्थल जैसा प्रतीत होता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक सेल्फी पॉइंट नहीं बल्कि ग्राम पंचायत की नई पहचान बन गया है। उद्घाटन के बाद से ही इसकी चर्चा आसपास के गांवों और क्षेत्र में तेजी से फैल रही है तथा लोग विशेष रूप से यहां पहुंचकर तस्वीरें खिंचवा रहे हैं। सेल्फी पॉइंट की भव्यता को देख कर खण्ड विकास अधिकारी विवेकमणि त्रिपाठी ने प्रशन्नता जाहिर करते हुए ग्राम प्रधान जसिमुन, सचिव नौशाद अली, कंसल्टिंग इंजीनियर शिवम वर्मा की सराहना की। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी विवेकमणि त्रिपाठी, एडीओ पंचायत जेपी वर्मा, कंसल्टिंग इंजीनियर शिवम वर्मा, सचिव धीरेंद्र कुमार, सचिव नीतीश कुमार, एवं प्रधानगण, बीडीसी, सदस्य व भारी संख्यां में लोग मौजूद रहे।

# मोहर्रम से पहले प्रशासन सख्त: अवैध कोचिंग सेंटर, होटल-लॉज पर कार्रवाई के आदेश

❒ सोशल मीडिया पर भी रहेगी कड़ी निगरानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । आगामी मोहर्रम पर्व एवं ताजिया जुलूस को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की उपस्थिति में कानून व्यवस्था एवं पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जनपद में सभी धार्मिक आयोजन परंपरागत एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाएं तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित समस्त कोचिंग सेंटरों, होटलों, लॉज, छात्रावासों तथा लाइब्रेरियों का संयुक्त रूप से निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि उनके संचालन हेतु आवश्यक समस्त अनुमति, पंजीकरण, अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) एवं अन्य वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन संस्थानों द्वारा आवश्यक अनुमति प्राप्त नहीं की गई है अथवा जो निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करते हुए संचालन बंद कराया जाए। ऐसे संस्थानों को समस्त वैधानिक अनुमतियां एवं आवश्यक प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के उपरांत ही पुनः संचालित किए जाने की अनुमति दी जाएगी। अवैध रूप से संचालित कोचिंग सेंटरों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए तथा छात्रों की सुरक्षा एवं सुविधाओं से संबंधित मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। अग्निशमन सुरक्षा, भवन सुरक्षा, आपातकालीन निकास व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी जांच की जाए। जिलाधिकारी ने अवैध खनन के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व, पुलिस एवं खनन विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अवैध गतिविधियों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण करने, ताजिया मार्गों की व्यवस्थाओं की समीक्षा करने तथा स्थानीय नागरिकों एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी संभावित समस्या का समय रहते समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर असामाजिक एवं अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सुरक्षा प्रबंध किए जाएं। उन्होंने सोशल मीडिया मॉनिटरिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि भ्रामक, भड़काऊ अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली किसी भी पोस्ट, वीडियो अथवा संदेश पर तत्काल संज्ञान लेकर कठोर विधिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि होटल, लॉज, गेस्ट हाउस एवं किरायेदार सत्यापन अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए।

# लखनऊ कोचिंग सेंटर अग्निकांड के शिकार आदित्य को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। नगर के मोहल्ला कैथी टोला निवासी अधिवक्ता आलोक कुमार श्रीवास्तव के युवा सुपुत्र आदित्य श्रीवास्तव की कल अलीगंज लखनऊ में कोचिंग सेंटर में आग की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई थी।देर रात उनका शव उनके निवास स्थान पर आने से कोहराम मच गया परिवारी जनों का रो रो कर बुरा हाल था।सुबह उनके आवास पर लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा।उनके आवास पर क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी,पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव,शरद चौधरी, कुँवर दिनकर प्रताप सिंह,प्रदीप सिंह चौहान,शब्बीर खान, उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम,ने पहुचकर उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया।भारी उमड़े जन समूह के बीच नम आंखों के बीच वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शीतला देवी मंदिर शमशान घाट पर अंत्येष्टि की गई।उनकी अंतिम विदाई देते समय बिसवां लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष आनंद मेहरोत्रा, सचिव नागेन्द्र प्रताप,बिसवां बार एसोसिएशन सचिव नीरज श्रीवास्तव, सहित काफी संख्या में अधिवक्ता,गड़मान्य नागरिक मौजूद रहे।

# बड़े बैनामों पर डीएम अंजनी कुमार सिंह की पैनी नजर, जमीन पर उतरकर जांचे दस्तावेज

❒ महाराज नगर, ग्राम सैदापुर, साढा में मौके पर पहुंचकर की पड़ताल

❒ स्टांप शुल्क, बाजार मूल्य और संपत्तियों का कराया मिलान, मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । जिले में बड़े बैनामों और स्टांप शुल्क की जांच को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सतर्क मोड में नजर आ रहा है। मंगलवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने स्टांप एवं निबंधन विभाग के अधीन हुए तीन बड़े बैनामों की खुद मौके पर पहुंचकर स्थलीय जांच की। डीएम के अचानक निरीक्षण से हड़कंप मच गया।

डीएम ने उप निबंधक कार्यालय से संबंधित अभिलेखों की समीक्षा करने के बाद सीधे फील्ड में पहुंचकर मोहल्ला महाराज नगर, ग्राम सैदापुर, साढा में भूखंडों व आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैनामों में दर्शाई गई संपत्तियों की वास्तविक स्थिति, भूमि का स्वरूप, निर्माण की स्थिति और लगाए गए स्टांप शुल्क का मौके पर सत्यापन कराया। कई स्थानों पर डीएम ने नक्शा, अभिलेख और मौके की स्थिति का मिलान कर गहन पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान सहायक निबंधक एवं आयुक्त अमिताभ कुमार सहित राजस्व विभाग की टीम भी मौजूद रही। डीएम ने अधिकारियों से बैनामों में दर्ज क्षेत्रफल, सर्किल मूल्य और स्टांप शुल्क के निर्धारण संबंधी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी ली। बताते चलें कि प्रशासन की नजर खासतौर पर उन बड़े बैनामों पर है, जिनमें राजस्व क्षति या संपत्ति के कम मूल्यांकन की आशंका रहती है।

डीएम ने एआईजी स्टांप को स्पष्ट निर्देश दिए कि बैनामों की जांच पूरी पारदर्शिता और गंभीरता से की जाए। यदि कहीं भी स्टांप शुल्क की चोरी, गलत मूल्यांकन अथवा नियमों की अनदेखी सामने आती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप राजस्व हितों से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। डीएम के इस एक्शन मोड निरीक्षण से स्टांप एवं निबंधन विभाग में दिनभर हलचल बनी रही। अचानक हुई स्थलीय जांच को लेकर कई लोगों में चर्चा रही कि अब बड़े बैनामों पर प्रशासन की नजर और ज्यादा पैनी हो गई है।

## बाइक सवार युवक के कब्जे से अवैध पिस्टल और कारतूस हुई बरामद

अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एक अवैध पिस्टल व दो जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में थाना रामगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना अपाचे मोटर साइकिल संख्या यूपी 36 वाई 3404 सवार दिवाकर पुत्र कृष्ण कुमार निवासी ग्राम छीड़ा थाना रामगंज जनपद अमेठी उम्र करीब तेइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।

## लहरपुर पावर हाउस में भक्ति का माहौल: सुंदरकांड पाठ के बाद विशाल भंडारा, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

**लहरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय पावर हाउस परिसर में बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा मंगलवार को सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया । धार्मिक वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बिजली विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षेत्रीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुंदरकांड पाठ के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना की। पाठ संपन्न होने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी, झोला चावल, बूंदी सहित अन्य प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन के दौरान सेवा कार्य में विभागीय कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आपसी भाईचारे, सहयोग एवं सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण तथा सभी के सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपखंड अधिकारी अंचल मिश्रा, अवर अभियंता राकेश कुमार, आकाश वर्मा, अभिनव शुक्ला, अशोक कुमार, विजय प्रकाश, सुल्तान हैदर, हरिप्रसाद कैलाश लोधी सहित मीटर रीडर, लाइनमैन एवं अन्य बिजली कर्मी उपस्थित रहे।

## आईजीआरएस समीक्षा बैठक में डीएम का सख्त संदेश: कागजी निस्तारण नहीं, शिकायतकर्ता को मिले वास्तविक राहत

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल जन शिकायतों के प्रभावी, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित, डिफॉल्टर तथा निस्तारित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता के आधार पर न किया जाए, बल्कि प्रत्येक प्रकरण का स्थलीय निरीक्षण एवं तथ्यात्मक जांच कर शिकायतकर्ता की वास्तविक समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में भ्रामक, अपूर्ण अथवा तथ्यहीन आख्या प्रस्तुत करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने विभागवार लंबित शिकायतों की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों की संख्या कम करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि निस्तारण की गुणवत्ता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत एवं संतुष्टि प्राप्त होनी चाहिए, तभी निस्तारण सार्थक माना जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा आईजीआरएस पोर्टल की नियमित समीक्षा की जाती है तथा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। ऐसे में सभी अधिकारी शिकायतों के निस्तारण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखें तथा प्रतिदिन पोर्टल का अवलोकन कर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया।

# भाजपा सरकार महत्वपूर्ण मुद्दों पर पूरी तरह से विफल: तनवीर खां

❒ समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में सपाईयों ने मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में ककरा खुर्द में बिजली के खम्बे, तारीन जलालनगर में अधूरे नाले और छह विधानसभाओं की वोटर लिस्टो में गड़बड़ी को लेकर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा और मांग की गई कि जनपद की समस्याओं का तत्काल समाधान कराया जाए तथा मतदाता सूची की सभी गड़बड़ियों को दूर कर प्रत्येक नागरिक के मतदान के अधिकार की रक्षा सुनिश्चित की जाए। अन्यथा समाजवादी पार्टी जनता के हितों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि शाहजहांपुर की जनता आज कई समस्याओं से जूझ रही है। भाजपा सरकार सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, किसानों की समस्याएं, बेरोजगारी तथा कानून-व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर पूरी तरह से विफल साबित हुई है। जबकि समाजवादी पार्टी जनता की आवाज बनकर शाहजहांपुर की सभी जनसमस्याओं को मजबूती से उठाने का कार्य कर रही है। कहा कि मतदाता सूची में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियां भी लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। पात्र मतदाताओं के नाम काटे जाना, डबल वोट, मृतकों के नाम सूची में बने रहना तथा अन्य अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वच्छ और पारदर्शी मतदाता सूची आवश्यक है। इस मौके पर सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा, जीवेन्द्र बाजपेई, शाहाब खान, सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने थाना सिंधौली की व्यवस्थाओं व कार्यप्रणाली का लिया जायजा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने आज थाना सिंधौली का आकस्मिक निरीक्षण किया और थाने व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर का भ्रमण कर नवनिर्मित बैरकों का निरीक्षण किया तथा उनकी स्थिति, साफ-सफाई, उपलब्ध सुविधाओं एवं रखरखाव की समीक्षा की।

तत्पश्चात थाना कार्यालय का निरीक्षण कर वर्तमान में प्रचलित विभिन्न अभिलेखों एवं रजिस्टरों को चैक किया और उनके अद्यतन एवं सुव्यवस्थित संधारण की समीक्षा की। इसके बाद महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचक कक्ष, कार्यालय एवं थाना परिसर की अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जनसुनवाई, शिकायत निस्तारण एवं कार्यालयीय कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित किए जाने के संबंधित को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को भी सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनका निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी ने प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों से संवाद कर उनकी ड्यूटी एवं प्रशिक्षण संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें अनुशासन, समयपालन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान थाना सिंधौली के प्रभारी निरीक्षक सहित थाना स्टाफ मौजूद रहा।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें **सिंगिल पैकेट सिस्टम** द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

| |
|---|
| **निविदा सं. :** 106-टेली/टेंडर/10/2026-27 |
| **कार्य का नाम:** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के लखनऊ-सुल्तानपुर-ज़फराबाद खंड में आगामी निरिक्षण हेतु दूरसंचार अवसंरचना को मजबूत करने के लिए दूरसंचार का कार्य। |
| **अनुमानित लागत :** रु. 57,73,996.96/- |
| **निविदा प्रपत्र की कीमत :** शून्य |
| **धरोहर राशि :** रु. 1,15,500.00/- |
| **कार्य पूरा करने की अवधि :** 90 दिन |
| **निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय :** 13.07.2026, 15:30 Hrs |
| **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**सं.: 106-टेली/टेंडर/10/2026-27 दिनांक: 22.06.2026** **2151/2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# डीएम ने की राजस्व, प्रवर्तन एवं भूमि आवंटन मांग की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- अवैध कब्जों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के दिए निर्देश
- बैठक में विभिन्न विभागों की लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति की समीक्षा की गई

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में कर एवं करेत्तर, प्रवर्तन, राजस्व, चकबंदी विभाग तथा विभिन्न विभागों से प्राप्त भूमि आवंटन मांग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों की लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति की समीक्षा की गई। स्टाम्प विभाग के अन्तर्गत बैनामों की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त आबकारी एवं बिक्री कर विभाग की राजस्व प्राप्ति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा करते हुए परिवहन, वानिकी, खनन, विद्युत, बाट-माप तथा मण्डी समिति सहित अन्य विभागों से जानकारी प्राप्त की तथा प्रवर्तन कार्यों में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मण्डी समिति को मण्डी में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मण्डी में संचालित क्रय केन्द्रों एवं अन्य व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें।

बैठक में आरसी वसूली की समीक्षा भी की गई। जिलाधिकारी ने आरसी वसूली की प्रगति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर अमीनों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सबसे पुरानी लंबित आरसी, टॉप-10 वसूली कार्यवाहियों तथा बकायेदारों की सम्पत्ति कुर्की की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। धारा 80, धारा 24 एवं धारा 34 से संबंधित प्रकरणों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

जिला पंचायती राज अधिकारी से पंचायत उत्सव भवन हेतु भूमि की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त एफएसटीसी, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, अन्नपूर्णा भवन, सैनिक कल्याण विभाग, लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस एवं हेलीपैड के लिए भूमि की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने प्लेज पार्क एवं 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अंश निर्धारण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लेखपालों का रोस्टर बनाकर अंश निर्धारण, अविवादित विरासत एवं अन्य राजस्व प्रकरणों का ग्राम स्तर पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में तालाबों एवं चक रोड की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने चिन्हित तालाबों को शत-प्रतिशत कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही लेखपालों से पट्टों की जांच तथा तालाब एवं चक रोड से संबंधित प्रमाण-पत्रों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि तहसीलों से नदियों पर अवैध कब्जों का सत्यापन कराया जाए। तहसील स्तर पर जनसुनवाई में पर्ची सिस्टम लागू करने तथा थानों में वाहन खड़े करने हेतु संबंधित थानों के आसपास सरकारी भूमि चिन्हित करने के निर्देश भी दिए गए। राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदारों एवं तहसीलदारों से जानकारी प्राप्त की। धारा 67 एवं एंटी भू-माफिया अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक तहसील स्तर पर कम से कम 5-5 भू-माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को ब्लॉक स्तर पर समस्त संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त लैण्ड बैंक एवं चकबंदी वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्य प्रिय सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सौरभ कुमार पाण्डेय, उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल, उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकास चन्द, उप जिलाधिकारी चन्दौसी नीतू रानी सहित समस्त डिप्टी कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बड़े मंगल पर भक्तिमय हो उठा माहौल

रायबरेली। ज्येष्ठ मास के पावन अवसर पर आयोजित अंतिम बड़े मंगल के मौके पर महराजगंज कस्बे का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। पुराने बस अड्डे के समीप स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में पत्रकारों, सभासदों और व्यापारियों के संयुक्त सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आपको बता दें कि, कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत हनुमान जी की पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई। इसके बाद पूरे दिन चले भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप चावल, छोला और बूंदी वितरित की गई। ल्लबजरंगबली की जयङ्क के उद्धोष से पूरा मंदिर परिसर गूंजता रहा और भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालु कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण करते रहे। इस अवसर पर नगर के प्रथम नागरिक प्रभात साहू ने कहा कि, बड़े मंगल का यह आयोजन केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और जनसहभागिता से इनकी भव्यता और बढ़ जाती है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह परंपरा आगे भी इसी उत्साह के साथ जारी रहनी चाहिए।

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कछला गंगा घाट का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ अंकिता शर्मा द्वारा आगामी गंगा दशहरा/ज्येष्ठ दशमी गंगा स्नान पर्व के दृष्टिगत थाना उझानी क्षेत्रान्तर्गत कछला बॉर्डर एवं कछला गंगा घाट क्षेत्र का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग हेतु चिन्हित किये गये स्थानों का निरीक्षण कर जायजा लिया गया । निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन, पार्किंग व्यवस्था, यातायात संचालन तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई । निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि गंगा घाट पर महिला श्रद्धालुओं की सुविधा,सुरक्षा/कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सतर्क दृष्टि रखी जाये व श्रद्धालुओं को स्नान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े,सुरक्षित आवागमन,पार्किंग/यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। आगामी गंगा दशहरा/ज्येष्ठ दशमी गंगा स्नान पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस अवसर पर एसडीएम सदर मोहित कुमार,उपनगर आयुक्त विनय मणि त्रिपाठी,क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात सुनील अहलावत व अन्य अधि0गण मौजूद रहे।

# मिलेट्स प्रसंस्करण व विपणन केन्द्र हेतु आवेदन आमंत्रित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम वर्ष 2026-27 हेतु सीड मनी (एफ0पी0ओ0 के माध्यम से) मिलेट्स प्रसंस्करण, पैकिंग सह विपणन केन्द्र (एफ0 पी0ओ0/उद्यमियों/स्वयं सहायता समूह के माध्यम से) हेतु कृषक उत्पादक संगठनों/उद्यमियों/स्वयं सहायता समूहों से पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है जो कि 10 जुलाई 2026 तक जारी रहेगी।

ऑनलाईन आवेदन का लिंक https:// agriculture.up.gov.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय उप कृषि निदेशक बदायूँ अथवा आपके क्षेत्र में कार्यरत कृषि विभाग के कर्मचारी से संपर्क कर सकते हैं। उन्हीने जनपद के समस्त किसानों को सूचित किया जाता है कि खरीफ फसलों की बुवाई हेतु 50 प्रतिशत अनुदान पर उच्च गुणवत्ता के प्रमाणित बीज एवं निःशुल्क बीज मिनीकिट्स प्राप्त कर सकते हैं। बीज एवं मिनीकिट्स प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल https:// agriculture. up.gov.in पर कृषक खरीफ फसलों की बुबाई हेतु धान, ढैंचा, उर्द, मूंग, अरहर, ज्वार, बाजरा, रागी, कोदों एवं सावां आदि के बीज एवं मिनीकिट्स की बुकिंग कर बीज एवं मिनीकिट्स संबंधित राजकीय कृषि बीज भण्डार से प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रभारी की लापरवाही से शहर में जाम, यातायात व्यवस्था सुधारने को निकली, एसएसपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूं। मरम्मत कार्य के कारण ओवरब्रिज पर यातायात बंद किया गया है। इसके चलते सोमवार को शहर में भीषण जाम लगा। मंगलवार को एसएसपी अंकिता शर्मा ने व्यवस्था जांची। उन्होंने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। आपको बता दें कि पुलिस लाइन के पास रेलवे क्रॉसिंग पर बने ओवरब्रिज के एक्सपेंशन ज्वाइंट का गैप बढ़ने की वजह से मरम्मत कार्य शुरू हो गया है। मरम्मत कार्य के दौरान एक माह के लिए ओवरब्रिज पर यातायात बंद कर दिया गया है। इस वजह से ओवरब्रिज के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था बेपटरी हो गई। सोमवार को भीषण जाम से शहरवासी कराह उठे। जाम की समस्या प्रमुखता से उठाए जाने के बाद मंगलवार की दोपहर एसएसपी अंकिता शर्मा ने शहरी क्षेत्र में रूट डायवर्जन एवं यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में संतोष सिंह तिराहा से भामाशाह चौक (पुलिस लाइन) के मध्य स्थित ओवरब्रिज पर एक्सपेंशन ज्वाइंट के मरम्मत कार्य हो रहा है। इस पर एक माह तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर रूट डायवर्जन लागू किया गया है। यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए एसएसपी ने संतोष सिंह तिराहा, भामाशाह चौक एवं नेकपुर अंडरपास क्षेत्र का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारियों को यातायात संचालन, रूट डायवर्जन का पालन कराने एवं आमजन को वैकल्पिक मार्गों की जानकारी उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देश दिए गए। एसएसपी ने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़कों पर जाम नहीं लगना चाहिए। ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए।

## तेज रफ्तार एंबुलेंस ने बच्ची को कुचला, मौके से फरार

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कादरचौक चौराहे पर मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार एंबुलेंस से कुचलकर सात वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। हादसे के बाद एंबुलेंस चालक वाहन लेकर फरार हो गया। आपको बता दें कि कादरचौक चौराहे पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार एंबुलेंस ने सात वर्षीय बच्ची को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गई। एंबुलेंस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। बच्ची की पहचान गोरिया नगला निवासी कोमल के रूप में हुई। कोमल अपने परिजनों के साथ कादरचौक चौराहे पर आई थी। टेंपो से उतरते ही एंबुलेंस की चपेट में आ गई। एंबुलेंस का पहिया बच्ची के सिर पर चढ़ गया, जिससे उसने मौके पर दम तोड़ दिया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसे के बाद बच्ची दर्द से तड़पती रही थी, लेकिन एंबुलेंस चालक उसे अस्पताल ले जाने के बजाय मौके से फरार हो गया। यदि चालक बच्ची को समय रहते अस्पताल पहुंचा देता तो शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी। सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीओ सुनील कुमार सिंह के अनुसार एंबुलेंस की तलाश की जा रही है। पुलिस सीसी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## व्यावसायिक अध्ययन केन्द्रों के लिए बनें नियमः ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** देश के विभिन्न हिस्सों में कोचिंग संस्थानों और बड़ी बिल्डिंग्स में भयावह आग से कई जानें गईं हैं। ऐसे में गली मुहल्लों और छोटी बाजारों में धड़ल्ले के साथ खुल रहे अध्ययन केन्द्रों को नियम कानून के दायरे में रखना जरूरी हो गया है। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहीं। उन्होंने कहा कि व्यवसायिक कारणों से आजकल लाइब्रेरी शब्द का अर्थ ही बदल दिया गया है। जहां पुस्तकें नहीं है उसे पुस्तकालय कहा जा रहा है जबकि यह सभी वाचनालय हैं। इन्हें अध्ययन केंद्र या स्टडी रुम कहना चाहिए लाइब्रेरी नहीं। प्रशासन और समाज को मिलकर इसके लिए जागरूक होने की जरूरत है। समाजसेवी शिक्षाविद ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि वाचनालय जिन्हें आजकल लाइब्रेरी कहा जा रहा है वह बेसमेंट में संचालित न होकर हवादार और खुले स्थानों पर होने चाहिए। यहां अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र और आपातकालीन निकास अनिवार्य होना चाहिये । सभी केंद्रों का स्थानीय शिक्षा विभाग में पंजीकरण अनिवार्य होना चाहिये । विद्यार्थियों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था, पंखे्कूलर, और पीने के साफ पानी की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिये । प्रत्येक विद्यार्थी के लिए न्यूनतम स्पेस और अध्ययन के लिए उचित लाइटिंग मानक पूरे होने चाहिए। इन सबके साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समय समय पर इन अध्ययन केन्द्रों की जांच हो साथ में अभिभावकों को भी इन स्थानों के निरीक्षण का अधिकार मिले। चूंकि इस समय व्यावसायिक अध्ययन केन्द्रों (जिन्हें लाइब्रेरी कहा जा रहा है ) का प्रचलन काफी बढ़ गया है इसलिए यदि हम सब इसके लिए अभी से सचेत नहीं हुये तो दिल्ली और लखनऊ की तरह भविष्य में अन्य कहीं भी घातक घटनाएं हो सकती हैं।

## एक कदम शिक्षा की ओर, के तत्वाधान में प्रतियोगिता आयोजित

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एक कदम शिक्षा की ओर ग्राम सभा पाखरौली सुल्तानपुर के तत्वाधान में ग्राम सभा परिगडा छापर महारानी पश्चिम में प्रतियोगिता परीक्षा कराई गई जिसमें प्राथमिक के 40 बच्चे तथा उच्च प्राथमिक के 75 बालक बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें प्राथमिक में प्रथम स्थान अनुभव द्वितीय स्थान शिवांशु गौतम तृतीय स्थान नेहा कुमारी एवं आदर्श तथा उच्च प्राथमिक में प्रथम स्थान सेजल द्वितीय स्थान अंश प्रताप रावत तृतीय स्थान दिव्यांशु रावत एवं अंशिका प्राप्त किया। बच्चों को विशेष पुरस्कार और बच्चों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया और बच्चों को नवोदय विद्यालय का प्रवेश परीक्षा एवं इसका स्कलरशिप के बारे में बच्चों को विशेष जानकारी दिया गया आज इस कार्यक्रम में लेखई राम बौद्ध हौसला प्रसाद सेवानिवृत प्रधानाध्यापक, जैसराज भीम प्रधानाध्यापक, राधेश्याम, नीतू, अंजू, राजेंद्र प्रसाद, शशि प्रकाश ग्राम प्रधान रमेश चन्द्र, अमन, रामलाल ,शिव आसरे, मोनू, राज बहादुर, अनिल कुमार तथा मुख्य आयोजक सुरेश कुमार मंडलीय सचिव अल इंडिया पोस्टल एससी/एसटी इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन सुल्तानपुर की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## बिना लाइसेंस और बिना मानक चल रहे हैं कोचिंग सेंटर, प्रशासन बेखबर

**बल्दीराय, सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के कई प्रमुख बाजारों में दर्जनों कोचिंग सेंटर बिना पंजीकरण, बिना अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और निर्धारित मानकों के संचालित हो रहे हैं। इन संस्थानों में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं, लेकिन सुरक्षा और प्रशासनिक मानकों की अनदेखी खुलेआम की जा रही है। हाल ही में लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड में कई लोगों की मौत के बाद पूरे प्रदेश में कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना के बाद विभिन्न जिलों में प्रशासन द्वारा जांच और कार्रवाई की बात कही जा रही है, लेकिन बल्दीराय क्षेत्र में अब तक कोई विशेष अभियान या निरीक्षण नहीं दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई कोचिंग सेंटर संकरे भवनों, भीड़भाड़ वाले कमरों और अपर्याप्त निकास व्यवस्था के बीच संचालित हो रहे हैं। अधिकांश संस्थानों में अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास द्वार तथा सुरक्षा संबंधी अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में छात्रों की जान जोखिम में पड़ सकती है। शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण, सुरक्षा मानकों का पालन तथा आवश्यक दस्तावेजों का होना अनिवार्य माना जाता है। कई जिलों में बिना पंजीकरण संचालित संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए जा चुके है । क्षेत्रीय अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन तथा शिक्षा विभाग से मांग की है कि बल्दीराय तहसील क्षेत्र के सभी कोचिंग सेंटरों की जांच कराई जाए और जो संस्थान बिना लाइसेंस या मानकों के विपरीत संचालित पाए जाएं, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## लखनऊ अग्निकांड के बाद सुल्तानपुर प्रशासन सख्त, कोचिंग सेंटरों पर चला औचक निरीक्षण अभियान

**बल्दीराय, सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ में एक कोचिंग संस्थान में हुए भीषण अग्निकांड में 15 छात्र-छात्राओं की दर्दनाक मौत के बाद पूरे प्रदेश में प्रशासनिक सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में जनपद सुल्तानपुर में जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक चारुनिगम एवं उपजिलाधिकारी सदर उत्तम तिवारी ने संयुक्त रूप से सिविल लाइन क्षेत्र स्थित मेहमान होटल के बगल संचालित कोहिनूर इंडिया कोचिंग संस्थान का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भवन की संरचनात्मक सुरक्षा, आपातकालीन निकास, अग्निशमन यंत्र, विद्युत वायरिंग, सीढ़ियों की चौड़ाई, वेंटिलेशन व्यवस्था तथा छात्रों की क्षमता के अनुरूप सुरक्षा मानकों की गहन जांच की। टीम ने यह भी देखा कि संस्थान में अग्निकांड या अन्य आपदा की स्थिति में बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने की क्या व्यवस्था है। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश फायर प्रिवेंशन एंड फायर सेफ्टी एक्ट, नगर निकाय के भवन सुरक्षा मानक तथा आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत सभी कोचिंग संस्थानों को सुरक्षा संबंधी नियमों का पूर्ण पालन करना अनिवार्य है।

# सीएम युवा योजना अंतर्गत मोबाइल एप के माध्यम स्थापित इकाइयों का सत्यापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- डीएम ने दिए योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश

बदायूँ। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा योजना) प्रदेश सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं शीर्ष प्राथमिकता वाली योजना है, जिसके माध्यम से प्रदेश में प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को सूक्ष्म उद्यम स्थापना के जरिए स्वरोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद बदायूँ को 1600 लाभार्थियों का लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक 159 प्रकरण स्वीकृत तथा 152 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया जा चुका है। यह जानकारी जानकारी डीएम अवनीश राय ने दी है।

उन्होंने बताया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बंध में जारी निर्देशों के अन्तर्गत सीएससी केंद्रों पर निर्धारित आवेदन शुल्क 100 रुपए से अधिक किसी भी दशा में नहीं लिया जा सकता है तथा सभी केंद्रों पर शुल्क संबंधी सूचना-पट्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाए। प्रत्येक माह जिला परियोजना प्रबंधन इकाई (डीपीएमयू) की बैठक आयोजित कर आवेदनों की समयबद्ध स्क्रूटनी, अग्रसारण, स्वीकृति एवं निस्तारण की समीक्षा की जाए। बिना पर्याप्त कारणों के आवेदनों को रिजेक्ट अथवा रिवर्ट किए जाने की स्थिति में संबंधित की जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होंने बैंकों को निर्देशित किया है कि पोर्टल पर निर्धारित समयसीमा के भीतर ऋण स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही पूर्ण करें तथा अनावश्यक रूप से लाभार्थियों को परेशान न किया जाए। रैड फ्लैग प्रकरणों एवं बैंक स्तर पर लंबित मामलों की नियमित समीक्षा भी डीपीएमयू बैठकों में की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को पोर्टल के माध्यम से निःशुल्क प्रोजेक्ट रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाती है। अधिक से अधिक लाभार्थियों को इस सुविधा का लाभ दिलाने तथा अनावश्यक बाहरी निर्भरता को कम करने पर बल दिया गया है। साथ ही मशीनरी, फर्नीचर एवं उपकरणों के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले कोटेशन की गुणवत्ता एवं सत्यता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय सप्लायर्स के जीएसटी पंजीकरण, कार्यस्थल, व्यवसाय एवं संपर्क विवरण का सत्यापन कराने तथा पात्र सप्लायर्स को सीएम युवा एवं यूपी मार्ट पोर्टल पर पंजीकृत कराने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत स्थापित इकाइयों का सत्यापन सीएम युवा मोबाइल एप के माध्यम से लाभार्थी, बैंक अधिकारी एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जाना है। सत्यापन की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसकी नियमित समीक्षा एवं गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही समय-समय पर जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा स्थलीय सत्यापन भी कराया जाएगा, जिससे इकाइयों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। जिलाधिकारी अवनीश राय ने सभी संबंधित विभागों, बैंकों एवं संस्थाओं से अपेक्षा की है कि मुख्यमंत्री युवा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए की गई कार्यवाही से सीएम युवा मिशन कार्यालय को भी अवगत कराया जाए।

# बिनावर थाने का मिशन शक्ति केंद्र बना, रील का अड्डा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

- अधिकारियों ने कार्यवाही की जगह चेतावनी देकर छोड़ा

बदायूं । बिनावर थाने का मिशन शक्ति केंद्र में रील का अड्डा बना हुआ है, वहीं महिला आरक्षी ने फिल्मी गाने पर बनाई रील अब वायरल होने पर अधिकारियों ने कार्यवाही करने की जगह चेतावनी देकर छोड़ा

बताया जाता है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। आपको बता दें कि बिनावर थाने में जब मिशन शक्ति केंद्र के उद्घाटन हुआ था तब थाने में तैनात महिला आरक्षी फिल्मी गाने पर रील बनाई, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।वहीं कई लोगों ने रील को ट्वीटर अकाउंट पर अपलोड कर कार्यवाही की मांग की तो अधिकारियों ने उसको चेतावनी देकर छोड़ दिया जो चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं विभागीय जानकार लोगों का कहना है कि पुलिसकर्मियों के लिए वर्दी पहनकर, या कार्यस्थल पर सोशल मीडिया रील बनाना या निजी वीडियो पोस्ट करना पूरी तरह प्रतिबंधित है, वहीं नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर विभागीय कार्रवाई, सस्पेंशन, या लाइन हाजिर करने की सजा का प्रावधान है। वही संबंधित रील, वीडियो की कैनविज टाइम्स समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता है।

# पुलिसकर्मी द्वारा मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। बिनावर क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बरेली-मथुरा हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। गांव भाटपुरी के पास रोडवेज बस और छोटा हाथी वाहन की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में छोटा हाथी का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे वाहन से मुश्किल से निकालकर बरेली भेजा गया है।

आपको बता दें कि बिनावर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे बरेली-मथुरा हाईवे पर गांव भाटपुरी के पास रोडवेज बस और छोटा पिकअप वाहन (छोटा हाथी वाहन) की आमने-सामने से भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसमें फंस गया। हादसे के बाद बस का चालक और परिचालक बस को छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से वाहन में फंसे चालक को निकालने का प्रयास किया। केबिन को संबल और सरिया से उठाया, फिर काटा गया। उसके बाद जेसीबी से केबिन खिंचवाकर चालक को बाहर निकाला। चालक की हालत नाजुक है। उसे एंबुलेंस से बरेली भेजा गया। उसके क्लीनर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के दौरान बस में सवार यात्रियों को भी चोटें आई, लेकिन हादसे के बाद सभी यात्री अन्य वाहनों से अपने गंतव्य स्थानों के लिए रवाना हो गए। वहीं सोशल मीडिया पर एक वीडियो बहुत तेजी से प्रसारित हो रहा है और बिनावर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है, वहीं वीडियो में एक पुलिसकर्मी एक्सीडेंट वाली जगह पर एक व्यक्ति को पीटते हुए नजर आ रहा है, वही वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है और लोग कार्यवाही की मांग कर रहे हैं, वही वीडियो की कैनविज टाइम समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता है।

# माह जुलाई से दिसम्बर तक होने वाले ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का रोस्टर निर्धारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने शासन के निर्देशानुसार माह जुलाई से दिसम्बर 2026 तक ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' में जन समस्याओं के निस्तारण हेतु माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को तहसीलों में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सहदेव मिश्र एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव की अध्यक्षता में रोस्टर निर्धारित किया गया है।

निर्धारित रोस्टर के अनुसार 04 जुलाई 2026 को जिलाधिकारी तहसील लालगंज में, मुख्य विकास अधिकारी तहसील डलमऊ में, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तहसील ऊँचाहार में, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) तहसील महराजगंज में, तहसील सलोन में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 18 जुलाई को जिलाधिकारी तहसील ऊँचाहार में, मुख्य विकास अधिकारी तहसील सलोन में, एडीएम (प्रशासन) तहसील सदर में, एडीएम (वि0/रा0) तहसील डलमऊ में एवं एडीएम (न्यायिक) तहसील लालगंज में। 01 अगस्त को जिलाधिकारी तहसील सलोन में, मुख्य विकास अधिकारी तहसील ऊँचाहार में, एडीएम (प्रशासन) तहसील महराजगंज में, एडीएम (वि0/रा0) तहसील सदर में एवं एडीएम (न्यायिक) तहसील डलमऊ में। 15 अगस्त को जिलाधिकारी तहसील महराजगंज में, मुख्य विकास अधिकारी तहसील सदर में, एडीएम (प्रशासन) तहसील डलमऊ में, एडीएम (वि0/रा0) तहसील लालगंज में, एडीएम (न्यायिक) तहसील ऊँचाहार में।

05 सितम्बर को जिलाधिकारी तहसील सदर में, मुख्य विकास अधिकारी तहसील महराजगंज में, एडीएम (प्रशासन) तहसील लालगंज में, एडीएम (वि0/रा0) तहसील सलोन में, एडीएम (न्यायिक) तहसील डलमऊ में। 19 सितम्बर को जिलाधिकारी तहसील डलमऊ में, मुख्य विकास अधिकारी तहसील लालगंज में, एडीएम (प्रशासन) तहसील सलोन में, एडीएम (वि0/रा0) तहसील ऊँचाहार में, एडीएम (न्यायिक) तहसील सदर में। 03 अक्टूबर को जिलाधिकारी तहसील लालगंज में, मुख्य विकास अधिकारी तहसील डलमऊ में, एडीएम (प्रशासन) तहसील ऊँचाहार में, एडीएम (वि0/रा0) तहसील महराजगंज में, एडीएम (न्यायिक) तहसील सलोन में। 17 अक्टूबर को जिलाधिकारी तहसील ऊँचाहार में, मुख्य विकास अधिकारी तहसील सलोन में, एडीएम (प्रशासन) तहसील सदर में, एडीएम (वि0/रा0) तहसील डलमऊ में, एडीएम (न्यायिक) तहसील महराजगंज में। 07 नवम्बर को जिलाधिकारी तहसील सलोन में, मुख्य विकास अधिकारी तहसील ऊँचाहार में, एडीएम (प्रशासन) तहसील महराजगंज में, एडीएम (वि0/रा0) तहसील सदर में, एडीएम (न्यायिक) तहसील लालगंज में। 21 नवम्बर को जिलाधिकारी तहसील महराजगंज में, मुख्य विकास अधिकारी तहसील सदर में, एडीएम (प्रशासन) तहसील डलमऊ में, एडीएम (वि0/रा0) तहसील लालगंज में, एडीएम (न्यायिक) तहसील ऊँचाहार में।

05 दिसम्बर को जिलाधिकारी तहसील सदर में, मुख्य विकास अधिकारी तहसील महराजगंज में, एडीएम (प्रशासन) तहसील लालगंज में, एडीएम (वि0/रा0) तहसील सलोन में, एडीएम (न्यायिक) तहसील डलमऊ में। 19 दिसम्बर 2026 को जिलाधिकारी तहसील डलमऊ में, मुख्य विकास अधिकारी तहसील लालगंज में, एडीएम (प्रशासन) तहसील सलोन में एडीएम (वि0/रा0) तहसील ऊँचाहार में एवं तहसील सदर में एडीएम (न्यायिक) की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

# सुरक्षा से खिलवाड़: फिर भी बेसमेंट में धड़ल्ले से अवैध कारोबार

- मुख्यमंत्री के आदेश को ताक पर रखकर बेसमेंट में चल रहे नर्सिंग होम,कोचिंग सेंटर
- मानचित्र में बेसमेंट पार्किंग, धरातल पर चल रही है दुकान




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। शहर में लाखों की आबादी के बीच गलियों और सड़कों में अपार्टमेंट,होटल,नर्सिंगहोम,शिक्षण संस्थान,कॉम्पलेक्स आदि भवन सुरक्षित नहीं है। चाहे आग लगे या फिर बिल्डिंग गिरे घटना के सम य जिम्मेदारों पर सवाल खड़े हो जाते हैं।ऐसे भव नों में न आग बुझाने के इंतजाम न ही भागने के। घटना के समय अभियान चलता है और कार्रवाई सीलिंग व नोटिस में सिमट कर खत्म हो जाती है। शायद इसी वजह से मानकों को दरकिनार करके इमारतें तनती जा रहीं है, सोमवार को अलीगंज में हुई आग की घटना ने फिर जिम्मेदारों पर सवाल खड़े कर दिए।जहां छात्रों व अन्य लोगों ने कूदकर और तार के सहारे नीचे उतरकर जान बचाई।

## बेसमेंट में संचालित हो रेस्टोरेंट,नर्सिंग होम,दुकान

अंबेडकर चौराहा मेल्टिंग मोमेंट्स रेस्टोरेंट,शांति हॉस्पिटल,कुसमा हॉस्पिटल, टामसन कॉलेज के सामने मानस कोचिंग सेंटर,एलबीएस चौराहे के पास राजा डोसा, श्रीनाथ साड़ी सेल, गुरु नानक चौराहे के पास सूरज कॉम्प्लेक्स में बेसमेंट में दुका न,पीपल चौराहे के पास जय माता दी रेस्टोरेंट और जिला अस्पताल के पास सिटी कॉर्ट शॉपिंग मॉल के बेसमेंट में डॉक्टरों की ओपीडी चलती है ऐसे ही तिरंगा मार्केट में बेसमेंट में दुकान,गायत्री हॉस्पिटल,लॉजिक इमेजिंग सेंटर चल रही हैं।

## बाजारों का हाल और खराब

और तो और शहर के घने बाजारों का हाल और खराब है।गलियों में कई मंजिलें कांप्लेक्स हैं और भी बन रहे हैं,अंबेडकर चौराहे के पास नर्सिंग होम रेस्टोरेंट,गुरु नानक चौराहे के पास स्टाइल बाजार, शॉपिंग कंपलेक्स,जिला अस्पताल के पास बेस मेंट में डॉक्टर की ओपीडी, लोहिया धर्मशाला के पास बेसमेंट में पैथोलॉजी एंड डायग्नोस्टिक सेंटर समेत कई इलाकों में गलियों में कारोबार हो रहा है।हाल यह है कि गोंडा जिले में क्षेत्र की तंग और संकरी गलियों में एक तिपहिया वाहन तक निकल ना मुश्किल है।दमकल गाड़ी तक पहुंचना मुश्किल है लेकिन कंाप्लेक्स बनाए जा रहे हैं। जिम्मेदारों के नाक के नीचे बहुमंजिला बाजार लगातार बढ़ता जा रहा है।गुरु नानक चौराहे के पास एक शॉपिंग मॉल का बेसमेंट तक मानक के विरुद्ध हैं। वही बिना मानक के आवासीय और व्यवसायिक भवन

शहर में ज्यादातर आवासीय व व्यवसायिक भवन बिना मानक हैं।आवासीय में नर्सिंगहोम,होटल, शिक्षण संस्थान,दुकान आदि कारोबार होते हैं। विनि मित क्षेत्र से मानचित्र स्वीकृत नहीं है। जो स्वीकृत है तो निर्माण विपरीत कर रखा है। भवन स्वामी ने सेटबैक छोड़ा न पार्किंग न ही आग से बचाव के इंतजाम कर रखे हैं।

## मानचित्र तो स्वीकृत लेकिन नियमों का पालन नहीं

जनपद में कई ऐसे भवन स्वामी है जिन्होंने शॉपिंग माल,काम्प्लेक्स के निर्माण के करने से पहले कार्र वाई से बचने के लिए बिल्डर या फिर भवन स्वामी आवासीय व व्यवसायिक भवनों का विनियमित क्षे त्र से मानचित्र स्वीकृत कराते है तो नियमों के तहत निर्माण नहीं कराते हैं।भवन में सेटबैग तक नहीं छोड़ते हैं न ही पार्किंग बनाते हैं।बेसमेंट को भी आ वासीय व व्यवसायिक गतिविधियों में इस्तेमाल क रते हैं। वर्ष 2025 में नए बिल्डिंग बायलॉज में छूट मिली तो और हौसले बुलंद हो गए। नये बायलॉज में जो नियम दिए गए उसका पालन नहीं हो रहा है इसका फायदा उठाकर सकरी गलियों में व्यवसा यि क भवन बनते जा रहे हैं और पुरानों पर कार्रवा ई नहीं होती है सवाल उठ रहा है कि क्या भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी ताकत जिला प्रशासन है.....? वही लोगों के बीच में चर्चा है कि हर बड़े हादसे घोटाले या प्रशासनिक विफलता का कारण बनता जा रहा है। वही प्रशासन अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए कुछ छोटे कर्मचारिओ को निलंबित कर देते है और कुछ पर विभागीय कार्रवाई के आदेश हो जाते है, लेकिन शीर्ष स्तर की जवाब देही अक्सर धुंध में खो जाती है।वही सोमवार को लखनऊ के अग्निकांड के बाद भी गोंडा जिला प्रशासन नीद से नहीं जागा है वह बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है सवाल वही है कि आखिर इस व्यवस्था में अंति म जिम्मेदारी किसकी तय होगी.....? गोंडा में यदि किसी भवन में वर्षों तक नियमों की अनदेखी होती रहे अवैध गतिविधियां चलती रहें सुरक्षामानकों की उपेक्षा होती रहे और अंत में निर्दोष लोग जान गंवा देंते तो क्या केवल निचले स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई पर्याप्त है......? जांच में अधिकारियों की भूमिका और निगरानी तंत्र पर भी सवाल उठे हैं। फिर सवाल यह भी है कि जब निर्णय लेने निगरा नी करने और कानून लागू कराने की सबसे बड़ी शक्ति शीर्ष प्रशासनिक ढांचे के पास है,तो जवाब देही सबसे नीचे क्यों तलाश की जाती है...? अगर हर बड़ी विफलता के बाद शीर्ष स्तर लगभग अछू ता रहता है, तो फिर इस तथाकथित ह्नस्टील फ्रेमङ्ग की मजबूती आखिर किस काम की है...? अगर ऐसे ही अनदेखी होती रही तो योगी सरकार और भ्रष्ट अधिकारियों पर सवाल उठाते रहेंगे।अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुसार यदि किसी भवन के बेसमेंट का उपयोग कार्यालय और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है,तो वहां पर्याप्त संख्या में निकास और पहुंच मार्ग होने चाहिए, लेकिन यहां ऐसा नहीं है।रवींद्र शंकर मिश्र, मुख्य अग्नि शमन अधिकारी।

दिल्ली,लखनऊ पूर्व में हुई

घटनाओं पर भी जिम्मेदार नहीं चेते हैं।आये दिन अवैध निर्माण हो रहा है। सरकार के ध्वस्तीकरण का असर नहीं है।गोंडा जिले में नर्सिंगहोम, होटल शॉपिंग मॉल,कोचिंग, लाइब्रेरी व इंस्ट्टियूट बेसमेंट व बिना मानक भवनों में संचालित हो रहे हैं। यही गोंडा में ज्यादातर होटलों में आग से बचाव के पर्या प्त इंतजाम नहीं है।गेस्ट हाउस,बैंक्वेट हाल व लॉन के मानचित्र तक नहीं है।

# मौत बनकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं ओवरलोड वाहन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। डग्गामार वाहनों के साथ ओवरलोड सवारी गाड़िया जिले की सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रही हैं ऐसा नजारा हर रोज सडकों पर देखने को मिलता है।जिला प्रशासन व परिवहन विभाग की लापरवा ही से इन वाहनों के चालक नियमों को धता बता रहे हैं। सोमवार को रेलवे स्टेशन से दो-तीन जीप के पीछे आधे दर्जन से अधिक सवारियां लटककर उ तरौला मार्ग की ओर जाती दिखी।तेज गति ऊपर से छत पर सामान और क्षमता से अधिक सवारि यों को भरकर चलना डग्गामार वाहनों की आदत में शुमार हो गया है। शहर के चारों मकड़जाल की तरफ फैले टैक्सी स्टेण्डों से परमिट से अधिक स वारियों को लटकाकर ढोया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों के लोग अपनी जान से खिलवाड़ करके यात्रा करने को मजबूर हो रहे हैं।जिसका नतीजा यह है कि ऐसे वाहन थाने व पुलिस चौकियों के सामने से बेधड़क तेज गति से ओवरलोड सवारि यों के साथ फर्राटा भरकर निकलते रहते है,जिन पर पुलिस भी कोई कदम नहीं उठाती है।इस संबं ध में पुलिस अफसरों का कहना है कि पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी।लेकिन सवाल यह उठता है कि ट्रैफिक प्रभारी के सामने ही ओवरलोड सवारियां भरी जाती हैं अव्वा इसे देखकर भी नजर अंदाज कर देते हैं ऐसे ही आरपीएफ और जीआरपी पुलि स भी अनजान बनी रहती है।

# गांव से मायके और दूसरे जिले तक यू-विन ने जोड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की कड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- यू-विन पोर्टल के माध्यम से जनपद में लाभार्थियों की डिजिटल ट्रैकिंग को बेहद मजबूत किया गया है
- जनपद में अब तक 44,945 नई गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण और 13,593 महिलाओं को पोर्टल पर टैग किया जा चुका है।

बहराइच । जनपद में बच्चों और गर्भवती महिलाओं तक समय पर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है। स्वास्थ्य विभाग के पास आशा और एएनएम का मजबूत नेटवर्क होने के बावजूद एक समस्या हमेशा बनी रहती थी, जब कोई गर्भवती महिला प्रसव के लिए अपने मायके चली जाती थी या कोई परिवार रोजगार के सिलसिले में दूसरे जिले में चला जाता था, तो उसकी जानकारी स्वास्थ्य तंत्र से छूट जाती थी। लेकिन अब यू-विन पोर्टल ने इस खाई को पाटकर डिजिटल सुरक्षा कवच तैयार कर दिया है।

यू-विन पोर्टल के माध्यम से जनपद में लाभार्थियों की डिजिटल ट्रैकिंग को बेहद मजबूत किया गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एसके सिंह के अनुसार जनपद में अब तक 44,945 नई गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण और 13,593 महिलाओं को पोर्टल पर टैग किया जा चुका है। इसके साथ ही, पोर्टल पर दर्ज 70,034 प्रसव परिणामों के माध्यम से 65,991 नवजात शिशुओं को सीधे इस डिजिटल नेटवर्क से जोड़ा गया है, जिससे उनके नियमित टीकाकरण की राह आसान हो गई है।

उन्होंने बताया कि पहले एएनएम को नई गर्भवतियों की जानकारी के लिए केवल आशा कार्यकर्ताओं पर निर्भर रहना पड़ता था। अब यू-विन पोर्टल के कारण यदि कोई लाभार्थी दूसरे जिले या शहर के अस्पताल में भी पहुंचता है, तो उसका डिजिटल रिकॉर्ड पूरे देश के स्वास्थ्य तंत्र में उपलब्ध हो जाता है। इस व्यवस्था को धरातल पर उतारने के लिए जनपद में 365 उप-स्वास्थ्य केंद्रों को पोर्टल पर सृजित किया गया है। साथ ही ग्रामीण इलाकों में त्वरित ट्रैकिंग के लिए 3,321 आशा कार्यकर्ताओं को पोर्टल पर टैग किया गया है।

यू-विन के आने से स्वास्थ्य कर्मियों का बोझ भी कम हुआ है। पहले टीकाकरण की ड्यू-लिस्ट (बचे हुए लाभार्थियों की सूची) हाथ से बनाने में काफी समय लगता था, जो अब स्वतः तैयार हो जाती है। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब आशा, आंगनबाड़ी और एएनएम तीनों की ड्यू-लिस्ट एक समान रहती है, जिससे उनका आपसी तालमेल बेहतर हुआ है।

टीकाकरण की तिथि और स्थान की जानकारी सीधे मोबाइल पर एसएमएस के जरिए पहुंच रही है। एएनएम कल्पना द्विवेदी के अनुसार, डिजिटल संदेशों से फॉलो-अप आसान हुआ है। सोशल मीडिया के इस दौर में भी लोग सरकारी संदेशों को बेहद भरोसेमंद मानते हैं। यदावपुर मटेहिया के विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि वे मोबाइल पर मैसेज देखकर ही अपनी पत्नी की जांच कराने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे हैं। सीएमओ डॉ. संजय कुमार कहते हैं कि यू-विन केवल डिजिटल संदेशों की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस बदलती स्वास्थ्य व्यवस्था की तस्वीर है जो यह सुनिश्चित कर रही है कि चाहे कोई बच्चा अपने गांव में हो या मां के साथ मायके में, उसकी स्वास्थ्य सेवाओं की कड़ी कहीं से भी टूटने न पाए।

# फर्नीचर व्यवसायी से 6 हजार रूपये रिश्वत लेते हुए वन दरोगा गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में एंटी करप्शन देवीपाटन मंडल की टीम ने मंगलवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी का र्रवाई की है।टीम ने एक वन दरोगा बालक राम को 6 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार,किया है,गिरफ्तारी कि कार्रवाई तरबगंज तहसील क्षेत्र के वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय परसदा के सामने की गई है।

वन दरोगा बालक राम को फर्नीचर व्यवसा यी राधेश्याम से रिश्वत लेते पकड़ा गया।गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम उन्हें तरबगंज थाने ले ग ई,जहां उनसे और व्यवसायी राधेश्याम से पूछताछ की जा रही है।वन दरोगा के खिलाफ भ्रष्टाचार नि वारण अधिनियम के तहत मुकदमा भी दर्ज किया जा रहा है।फर्नीचर व्यवसायी राधेश्याम नवाबगंज थाना क्षेत्र के गोपसराय गांव के निवासी हैं और अ पने घर से ही फर्नीचर का व्यवसाय चलाते हैं आ रोप है कि वन दरोगा बालक राम लगातार राधेश्या म को धमकी देकर रिश्वत की मांग कर रहे थे।दरो गा ने राधेश्याम से दुकान चलाने के लिए दस हजा र रुपये रिश्वत की मांग की थी और ऐसा न करने पर दुकान बंद कराने की धमकी दी थी।राधेश्याम ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दिया,जिसके बाद रिश्वत की रकम 6 हजार रुपये तय हुई। इस उत्पीड़न से परेशान होकर राधेश्याम ने गोंडा एंटी करप्शन थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत के आधार पर मंगलवार दोपहर एंटी करप्शन टीम वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय परसदा पहुंची और बालक राम को 6 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।गोंडा एंटी करप्शन प्रभारी धनंजय कुमार सिंह ने इस कार्रवाई की पु ष्टि की।उन्होंने बताया कि वन दरोगा बालक राम को 6 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है।वह एक फर्नीचर व्यवसायी को दुकान चलाने के नाम पर लगातार धमकी देकर रिश्वत मांग रहा था। तरबगंज थाने में बालक राम के खि लाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'योग गौरव सम्मान' से सम्मानित हुए,जादूगर मिस्टर इंडिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं शांति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में गोण्डा उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया को योग के प्रति उनके समर्पण, नियमित अभ्यास, स्वस्थ जीवनशैली के प्रचार-प्रसार तथा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'योग गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया।यह सम्मान सूर्या फाउंडेशन, राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (आयुष मंत्रालय, भारत सरकार) एवं दि ग्राम टुडे प्रकाशन समूह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। सम्मान पत्र में योग को ''स्वस्थ शरीर और शांत मन का वरदान'' बताते हुए लोगों से योग अपनाकर स्वस्थ जीवन जीने का आह्वान किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय, समूह संपादक डॉ. शिवेश्वर दत्त पाण्डेय, प्रधान संपादक डॉ. शुभम चंद्र पाण्डेय तथा अंतर्राष्ट्रीय योग प्रशिक्षिका डॉ. वंदना आनंद सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला।सम्मान प्राप्त करने के बाद इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने की एक जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि वे आगे भी समाज में योग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने ''योग अपनाएं, स्वस्थ जीवन पाएं'' के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया तथा नियमित योगाभ्यास करने का आह्वान किया।

# देवीपाटन मंडल: निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर मंडलायुक्त सख्त

- जनसुनवाई कार्यक्रम में आयुक्त ने जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के साथ आमजन की समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नाग पाल ने गोंडा कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई, विभागीय समीक्षा,निर्माण कार्यों के निरीक्षण तथा संध्या संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग कर आमजन से सीधे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्थाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति एवं गुणवत्ता का गहन निरीक्षण किया।

आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आयुक्त ने जिलाधिकारी एवं अन्य अ धिकारियों के साथ आमजन की समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया ,उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण,पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए,ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत 155 शिकायतो का निस्तारण किया गया। आयुक्त ने सभी विभागों के कर्मचारियों एवं पेंशनरों (वरिष्ठ नागरिकों) की विभागीय एवं पेंशन संबंधी समस्या ओं की भी सुनवाई की।कई पेंशनधारकों एवं सेवा निवृत्त कर्मचारियों द्वारा जीपीएफ,पेंशन एवं अन्य देयकों के भुगतान लंबित होने की शिकायत प्रस्तु त की गई। इस पर आयुक्त ने संबंधित विभागों के कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सभी लं बित देय भुगतान प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र सुनिश्चित किए जाएं। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान आयुक्त ने जनपद में विभिन्न निर्माणाधीन एवं नव निर्मित परियोजनाओं का भी जायजा लिया। इस के अतिरिक्त स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की परख की।निरीक्षण के दौ रान महिला अस्पताल में सौ सय्या बेड निर्माण कार्य एवं गोंडा अयोध्या उतरौला मार्ग पर चल रहे रोड निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया,आयुक्त ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा अतिरिक्त मैनपॉवर लगाकर सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराया जाए।उन्हों ने कहा कि पर्यटन विकास से क्षेत्र की पहचान,मज बूत होगी तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, इसलिए सभी कार्य गंभीरता एवं ज वाबदेही के साथ पूरे किए जाएं। इसके उपरांत आयुक्त ने आयोजित ह्नसंध्या संवाद कार्यक्रमङ्ग वि कास खण्ड-कटरा बाजार के ग्राम पंचायत भगह रिया,में प्रतिभाग कर ग्रामीणों एवं आमजन से सी धे संवाद किया।उन्होंने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। कार्य क्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का निरी क्षण किया गया तथा विभिन्न योजनाओं की जान कारी आमजन को उपलब्ध कराई गई।इस दौरान आयुक्त ने मुख्यमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं 21 स्वयं सहायता समूहों को बत्तिस लाख पचास हजार का चेक वितरण समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का स्वीकृति पत्र वितरण गर्भवती महिलाओं को पोषण किट कुछ लाभार्थीयों को टीवी मुक्त को पोषण पोटली एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत गोनार्द स्वछता मार्ट के चाभी का वितरण के साथ-साथ मेधावी छात्रा को भी सम्मानित भी किया गया।

इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों को लाभन्वित भी किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरं जन मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद, जे.डी.सी. राकेश कुमार पाण्डेय, एवं समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अपने हक के लिए आवाज उठाएं महिलाएं: एडवोकेट ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव

- प्रेरणा परियोजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को मिला कानूनी ज्ञान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। लखनऊ डी एस डब्लू एस द्वारा नानपारा के ब्लाक बलहा में संचालित प्रेरणा परियोजना के तहत ग्राम ककरी में ग्रामवासियों को इकट्ठा करके कानूनी प्रशिक्षण का शुभारंभ कार्डिनेटर सिजी द्वारा संस्था के कार्यों का परिचय देते हुए कानून व्यवस्था की जानकारी के साथ हुआ।

कार्यकर्ता रूबीना परवीन द्वारा संस्था एवं संस्था के कार्यों का परिचय देते हुए महिलाओं को संस्था का उद्देश्य बताया गया एवं कानून व्यवस्था के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं को कानूनी व मौलिक अधिकार के प्रति आवाज उठाने हेतु प्रेरित किया गया। आवश्यकतानुसार हेल्पलाइन नंबर 1090, 112 का इस्तेमाल करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में एडवोकेट ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों को कानून व्यवस्था के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। बालविवाह, घरेलू हिंसा, दहेज़ प्रथा, स्त्री धन, गुजारा भत्ता और कानून की धाराओं के बारे में जानकारी प्रदान कर महिलाओं को सशक्त बनाने और अपने हक एवं अधिकार के प्रति आवाज उठाने तथा कानून व्यवस्था का सहारा लेने आदि विषयों के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में एडवोकेट श्रीवास्तव द्वारा ये भी बताया गया कि यदि दो नाबालिग लड़कियां हैं और उनके पिता जीवित नहीं हैं, आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है तो ऐसी स्थिति में कानून के द्वारा प्रावधान है कि उनकी पढ़ाई लिखाई हेतु भत्ता सरकार द्वारा मिलेगा। उन्होंने कानून हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी बताया।इससे ग्रामवासी कानून व्यवस्था को भली-भांति समझ सके और उन्होंने संस्था की सराहना करते हुए कार्डिनेटर सिजी एवं संस्था को धन्यवाद दिया। सभी आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रशिक्षण का समापन किया गया। ग्रामवासियों और प्रभात तारा टीम की ओर से मुख्य वक्ता ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट का आभार व्यक्त किया गया। ग्राम ककरी में कानून संबंधी प्रशिक्षण काफी हर्ष एवं उत्साह से सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें तमाम ग्रामीण महिलाएं किशोरियाँ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## पीएम यशस्वी स्कालरशिप के लिए कर सकते है आवेदन आवेदन की अन्तिम तिथि 31 अगस्त

बहराइच । पीएम यशस्वी सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ टॉप क्लास स्कूल एजूकेशन फॉर द् एकेडमिक ईयर 2026-27 स्कालरशिप योजना अन्तर्गत पिछड़ी जाति, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग एवं अधिसूचित छात्र-छात्राओं को टॉप क्लास शिक्षा प्रदान किया जाना है। योजना अन्तर्गत छात्रों के आवेदन करने, शिक्षण संस्थाओं के नोडल अधिकारी द्वारा आवेदनों के सत्यापन तथा स्टेट नोडल आफिसर द्वारा आवेदनों के सत्यापन हेतु पुन समयसारिणी का निर्धारण किया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि छात्र-छात्राओं द्वारा आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 अगस्त, शिक्षण संस्थाओं के नोडल अधिकारी द्वारा आवेदनों के सत्यापन की कार्यवाही के लिए निर्धारित तिथि 15 सितम्बर तथा स्टेट नोडल आफिसर द्वारा आवेदनों के सत्यापन हेतु अन्तिम तिथि 30 नवम्बर 2026 निर्धारित है।

# लखनऊ की घटना के बाद जनपद में कोचिंग संस्थानों का सघन निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जनपद लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में एक कोचिंग संस्थान में आग लगने की दर्दनाक घटना का संज्ञान लेते हुए जनपद रायबरेली में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर निरीक्षण अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ एवं अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक/सचिव रायबरेली विकास प्राधिकरण विशाल कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से जनपद के विभिन्न कोचिंग संस्थानों का औचक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संस्थानों में अग्निशमन यंत्रों (फायर एक्सटिंग्विशर) की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशीलता, आपातकालीन निकास द्वार (इमरजेंसी एग्जिट), विद्युत वायरिंग की स्थिति, भवन की संरचनात्मक सुरक्षा तथा विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।अधिकारियों ने पाया कि कई संस्थानों में सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से अनुपालन नहीं किया जा रहा है। इस पर उन्होंने संबंधित संचालकों को तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए तथा स्पष्ट चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी, इसके साथ ही रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा 12 कोचिंग संस्थान/लाइब्रेरी भी सील किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कोचिंग संचालकों को निर्देशित किया कि वे अग्नि सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करें तथा समय-समय पर मॉक ड्रिल का आयोजन भी कराएं।

## धीरेन्द्र कुमार वाल्मीकि का आगमन 25 जून को

बहराइच । सदस्य प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना(पी.एम. अजय) केन्द्रीय सलाहकार समिति धीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 25 जून 2026 को निरीक्षण भवन पहुंचकर अपरान्ह 02:00 बजे डीपीआरओ, समाज कल्याण, हाइड्रिल एक्स ई0एन0, शिडको, सीएमआ, जल निगम, डीएसओ, आबकारी अधिकारी, मण्डी सचिव अधि.अभि. ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के साथ प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के सम्बन्ध में बैठक करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी ने बताया कि मा. सदस्य श्री वाल्मीकि जिले के अधिशाषी अधिकारियों के साथ एमएस एक्ट 2013 को जनपद में लागू व पालन कराने के सम्बन्ध में बैठक करेंगे।

# जिले में शुरू हुआ पहला यूआईडीएआई का आधुनिक आधार सेवा केंद्र: जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद कि नागरिकों को आधार कार्ड बनवाने अथवा आधार में संशोधन कराने के लिए अब इधर- उधर भटकने की आवश्यकता नहीं है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने नकटादाना चैराहा आईसीआईसीआई बैंक के पास टनकपुर रोड पर केंद्र स्थापित किया है। यहां पर प्रतिदिन 500 से अधिक आधार बनाए और अपडेट किए जा रहे हैं।

नकटादाना चैराहा आईसीआईसीआई बैंक के पास टनकपुर रोड पर केंद्र संचालित है। यह यूआईडीएआइ संचालित पहला आधार सेवा केंद्र है। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्र में आवश्यक संसाधनों एवं प्रशिक्षित कार्मिकों की व्यवस्था की गई है, जिससे आधार संबंधी कार्यों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से किया जा सके। आधार संबंधी कार्यों के दौरान नागरिकों को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उनसे यहां काफी हद तक राहत मिलेगी। केंद्र का

❒ यह यूआईडीएआइ संचालित पहला आधार सेवा केंद्र है।

वातावरण एवं कार्यप्रणाली पासपोर्ट सेवा केंद्र की तर्ज पर विकसित की गई है। जहां प्रत्येक चरण के लिए अलग-अलग कर्मियों की नियुक्ति की गई है।

उन्होंने बताया कि आधार सेवा केंद्र पर नया आधार नामांकन, आधार में. नाम, पता, जन्मतिथि एवं लिंग में संशोधन, मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी अपडेट, फोटो परिवर्तन, बायोमेट्रिक अपडेट सहित आधार से जुड़े सभी कार्य किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से नागरिकों से अपील की गई है कि आधार कार्ड से संबंधित किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर वह अधिकृत आधार सेवा केंद्र का ही उपयोग करें।नागरिकों की सहायता के लिए हेल्पडेस्क की भी व्यवस्था की गई है आधार सेवा केंद्र सप्ताह के 7 दिन काम करता है इसका समय सुबह 9 बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक निर्धारित किया गया है। नागरिक सुविधा के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की व्यवस्था भी उपलब्ध है, जिससे लंबी कतारों और प्रतीक्षा से बचा जा सकता है।

## रात के अंधेरे में मिट्टी डालकर निर्माण की कोशिश का आरोप, प्रशासन मौन:सहखातेदारों ने एसडीएम से लगाई गुहार

पूरनपुर। कलीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम चित्तरपुर स्थित गाटा संख्या 196 की भूमि को लेकर विवाद गहरा गया है सहखातेदारों ने आरोप लगाया है कि भूमि बंटवारे का मामला उपजिलाधिकारी न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद एक पक्ष द्वारा रात के अंधेरे में मिट्टी डलवाकर अवैध निर्माण की तैयारी की जा रही है, जबकि प्रशासन इस पूरे मामले में मौन बना हुआ है वार्ड नंबर-4 कलीनगर निवासी घासीराम पुत्र कल्यान तथा ग्राम चित्तरपुर निवासी ओमप्रकाश, धनका देवी, नंदलाल, नोखे लाल, परमेश्वर दयाल और सुंदरलाल ने उपजिलाधिकारी कलीनगर को दिए अलग-अलग प्रार्थना पत्रों में बताया कि ग्राम चित्तरपुर स्थित गाटा संख्या 196 रकबा 1.1890 हेक्टेयर में वे सहखातेदार हैं और अपने-अपने हिस्से पर काबिज हैं भूमि के बंटवारे को लेकर धारा 116 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के तहत वाद संख्या इ202612560402167 न्यायालय उपजिलाधिकारी कलीनगर में विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई 3 जुलाई 2026 को निर्धारित है प्रार्थना पत्रों में आरोप लगाया गया है कि सहखातेदार निशांत माथुर विवादित भूमि पर रात के समय मिट्टी डलवाकर अवैध निर्माण कराने का प्रयास कर रहे हैं। विरोध करने पर गाली-गलौज, मारपीट पर आमादा होने तथा पैसे और रसूख के बल पर जेल भिजवाने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि निर्माण कार्य नहीं रोका गया तो उन्हें अपूरणीय क्षति होगी, जिसकी भरपाई संभव नहीं होगी उन्होंने उपजिलाधिकारी से अवैध निर्माण तत्काल रुकवाने तथा आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है विवादित भूमि का मामला न्यायालय में लंबित होने के बावजूद रात में मिट्टी डलवाने के आरोप और प्रशासन की चुप्पी को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

## कोर्ट के आदेश पर पत्नी समेत चार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

पीलीभीत। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के आदेश पर थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने लखीमपुर खीरी निवासी युवक अनमोल की संदिग्ध मौत के मामले में उसकी पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है मृतक के पिता महेशचंद्र पुत्र सोबरन लाल निवासी ग्राम छेदीपुर, थाना मैलानी, जनपद लखीमपुर खीरी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके पुत्र अनमोल का विवाह ग्राम पिपरा निवासी मंजू के साथ हुआ था अप्रैल 2026 में ससुराल में विवाद के बाद पत्नी मंजू तथा उसके भाइयों गेदल, राहुल और छोटू द्वारा मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई थी बाद में सूचना मिली कि अनमोल ने फांसी लगा ली है, लेकिन परिजनों को गांव में शव नहीं मिला और अगले दिन जिला अस्पताल पीलीभीत के पोस्टमार्टम हाउस में शव मिला प्रार्थी का आरोप था कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है तथा साक्ष्य मिटाने का भी प्रयास किया गया थाना पुलिस से कार्रवाई न होने पर उन्होंने सीजेएम न्यायालय में धारा 173(4) बीएनएसएस के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने मंजू, गेदल, राहुल और छोटू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# अग्निकांड को लेकर सपा कार्यकर्ताओं में रोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर । दिल्ली से लेकर लख़नऊ तक हो रहे अग्नि कांडो पर सपा कार्यकर्ताओं ने जताया रोष त्वरित बचाओ दल और फायर विर्गेड क़ी गाड़िया ना पहुंचने पर जताई चिंता है।

लखनऊ के अलीगंज में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से 15 स्टूडेंट की जलने से मृत्यु होने पर सपा कार्यकर्ताओं ने दुख जाहिर किया द्य सपा जिला सचिव तौफीक अहमद कादरी ने अपने कैंप कार्यालय पर लखनऊ के अलीगंज में स्थित कोचिंग सेंटर पर लगी आग में एक दर्जन से अधिक छात्रों की छात्राओं की जलने से हुई मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया उन्होंने कहा कि हमारे देश का दुर्भाग्य है की पिज़्ज़ा ऑर्डर करने पर बहुत कम समय में पिज़्ज़ा घर पहुंच जाता है परंतु मुसीबत आने पर आग लगने पर तुरंत सहायता दल और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां नहीं पहुंच पाती उन्होंने कहा बहुत दुख की बात है की संबंधित विभाग आंख मुंदे हुए हैं और घनी आबादी में चार-चार पांच पांच मंजिला इमारतें बन रही हैं सैकड़ो स्कूल की बिल्डिंग है ऐसी हैं जहां फायर ब्रिगेड की गाड़ियां नहीं पहुंच सकती आंख मून कर उन्हें मान्यता दी जा रही है साथ ही बड़े-बड़े सभागार जहां सैकड़ो लोग बैठते हैं वहां भी अग्निशमन की गाड़ियां नहीं पहुंच सकती घनी आबादी में रोड पतले हैं बिल्डिंग में बड़ी-बड़ी हैं ऐसे में आग लगने पर उसे बचाने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है सरकार को चाहिए इन अग्नि कांडों से सबक लेना चाहिए ताकि लोग मौत से बच सके उन्होंने कहा की सरकार को बिल्डिंग बनाने का मानक तय करना चाहिए उसमें अग्नि लगने पर सभी उपकरण मौजूद होने चाहिए सपा नेता अंग्रेज सिंह नदी राजा बरकाती महेश यादव ने कहा की लखनऊ का हादसा बुलाने योग नहीं है हजारों लोग इस अग्निकांड से दुखी हैं हम आप तो भूल सकते हैं परंतु वह परिवार जिंदगी भर नहीं भूल सकते जिन्होंने अपनों को खोया है सरकार को ऐसे कोचिंग सेंटर को और बड़े-बड़े शैक्षिक संस्थानों को बंद करवा देना चाहिए जहां अग्नि लगने पर बचने की कोई व्यवस्था न हो दिल्ली में जब अग्निकांड हुआ था तो उसे होटल में इमरजेंसी दरवाजा भी नहीं था यह बहुत बड़ा दुर्भाग्य है सपा नेताओं ने एकजुट होकर अग्निकांड में दिवंगत हुए छात्र-छात्राओं के परिजनों को पांच-पान लख रुपए की आर्थिक सहायता एक-एक नौकरी देने की भी मांग की मांग करने वालों में मुख्य रूप से तौफीक अहमद कादरी,सभासद नुसरत कादरी, अमन यादव, महेश, आजाद ,अमनदीप सिंह, पप्पू शाह, मुनीश खान इत्यादि मौजूद हैं।

# चाट दुकानदार से मारपीट और फायरिंग करने वाला युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। थाना जामो पुलिस ने गोरियाबाद चौराहे पर बुधवार की शाम को एक चाट दुकानदार से मारपीट की घटना कारित करने के बाद तमंचा लहराने वाले एक युवक गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से एक पिस्टल दो जिंदा कारतूस बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना जामो पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटर साइकिल सवार फूल मोहम्मद पुत्र नाजिम निवासी लाल खान का पुरवा ग्राम जमुरवां थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया जिसकी तलाशी में उसके कब्जे से एक पिस्टल दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ।पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि उसने बाइस जून को शाम के समय गोरियाबाद चौराहे पर अपने दो अन्य साथियों मकसूद पुत्र अनवर खान निवासी लाल खान का पुरवा ग्राम जमुरवां थाना मोहनगंज व अमन सिंह पुत्र सूर्यभान सिंह निवासी ग्राम सरेसर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी के साथ मिलकर श्रीनाथ चाट भण्डार के दुकानदार से मारपीट की घटना की थी व इसी पिस्टल से गोली भी चलाई थी व घटना के उपरान्त इसी मोटर साइकिल संख्या यूपी 36 डी 9457 से सभी लोग भाग गये थे। इस सम्बंध में थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

# राजधानी में हुए अग्निकांड को लेकर मौलाना ज़मीरुल हसन ख़ान फलाही ने व्यक्त किया शोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। लखनऊ के अलीगंज कोचिंग सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड पर अमीर-ए-हल्का का शोक व्यक्त जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द, हल्का उत्तर प्रदेश पश्चिम के अमीर।मौलाना ज़मीरुल हसन ख़ान फलाही ने लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र स्थित एक कोचिंग सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड पर गहरा दुःख और शोक व्यक्त किया है।

अपने शोक संदेश में मौलाना ज़मीरुल हसन ख़ान फलाही ने कहा कि इस दुर्घटना में अनेक छात्रों के असामयिक निधन तथा कई लोगों के घायल होने का समाचार अत्यंत दुःखद, हृदय विदारक और चिंताजनक है। शिक्षा प्राप्त कर रहे युवाओं की बहुमूल्य जानों का इस प्रकार चले जाना पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।उन्होंने दिवंगत छात्रों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्माओं को अपनी असीम कृपा से विभूषित करें, उन्हें उच्च स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवारों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति और धैर्य प्रदान करें। उन्होंने दुर्घटना में घायल हुए सभी लोगों के शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की भी कामना की।अमीर-ए-हल्का ने राज्य सरकार और प्रशासन से मांग की कि दुर्घटना के कारणों की तत्काल, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए, दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा शैक्षणिक संस्थानों सहित सभी सार्वजनिक भवनों में अग्नि सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।मौलाना फलाही ने कहा कि जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द, हल्का उत्तर प्रदेश पश्चिम इस दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और आम जनता से अपील करती है कि वे दिवंगत छात्रों की मग़फ़िरत, घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ तथा प्रभावित परिवारों के लिए धैर्य और साहस की प्रार्थना करें।उक्त जानकारी डॉ. वाक़िफ़ हुसैन सचिव मीडिया विभाग जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द, उत्तर प्रदेश पश्चिम ने दी है।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में सड़कों पर उतरे भाकियू चढ़ूनी कार्यकर्ता, काली पट्टी बांधकर निकाला पैदल मार्च

पूरनपुर। भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पूरनपुर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो के नेतृत्व में किसानों और पदाधिकारियों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर सिरसा चौराहे से तहसील परिसर तक पैदल मार्च निकालते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की प्रदर्शन के दौरान किसानों ने ट्रेड डील को किसान, स्थानीय उद्योग और छोटे व्यापारियों के हितों के विपरीत बताते हुए सरकार से इस पर पुनर्विचार करने की मांग की सिरसा चौराहे से शुरू हुए विरोध मार्च में बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए सभी कार्यकर्ता हाथों में काली पट्टी बांधे हुए थे और शांतिपूर्ण तरीके से नारेबाजी करते हुए तहसील प्रांगण पहुंचे यहां आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि यदि इस प्रकार की व्यापारिक नीतियां लागू होती हैं तो देश के किसानों, छोटे उद्योगों और स्थानीय बाजारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो ने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लाभ मिलेगा, जबकि देश के किसान और स्थानीय व्यापारी आर्थिक रूप से प्रभावित होंगे उन्होंने केंद्र सरकार से इस समझौते पर पुनर्विचार करते हुए किसानों और व्यापारियों के हितों को सर्वोपरि रखने की मांग की इस दौरान प्रदेश सचिव गुरविंदर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष गुरिंदर सिंह, जिला उपाध्यक्ष जोग सिंह वर्क, तहसील अध्यक्ष जगविंदर सिंह, तहसील उपाध्यक्ष रेशम सिंह, कलीनगर तहसील अध्यक्ष मनजीत सिंह, परमीत सिंह, तहसील प्रभारी मनदीप सिंह, रंजीत सिंह सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह सहित दर्जनों किसान और संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने किसानों और स्थानीय व्यापारियों की चिंताओं को गंभीरता से नहीं लिया तो संगठन भविष्य में व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा हालांकि सोमवार को आयोजित विरोध प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगों को प्रशासन तक पहुंचाया गया हैं।

## जेष्ठ मास के अंतिम मंगल को शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन

सुलतानपुर। भीषण गर्मी और उमस के बीच मंगलवार को देव कम्प्लेक्स, गोलाघाट में राहगीरों एवं आमजन के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जर्नलिस्ट काउंसिल अफ इंडिया के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें पत्रकारों, समाजसेवियों एवं अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रशांत सिंह एडवोकेट, मनोज सिंह, ओम प्रकाश सिंह एडवोकेट, विकास सिंह एडवोकेट, विनीत बरनवाल एडवोकेट, गणेश बरनवाल एडवोकेट, कुलदीप श्रीवास्तव एडवोकेट,पुष्पेंद्र कुमार द्विवेदी एडवोकेट, शैलेंद्र, सतीश चंद्र शुक्ला (इंजीनियर), शिवम पांडे, वरिष्ठ नेता अशोक विशेष सिंह, सतीश कुमार शुक्ला, अशोक कुमार दुबे, शैलेश श्रीवास्तव एडवोकेट, संजय द्विवेदी, उमाशंकर सिंह एवं अनिल कुमार मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जर्नलिस्ट काउंसिल अफ इंडिया के मंडल सचिव नीरज तिवारी, जिला अध्यक्ष रामानंद मिश्रा तथा जिला संगठन मंत्री रामराज पांडे की विशेष उपस्थिति रही।

# बड़े मंगल पर सेवा, श्रद्धा और सामाजिक समर्पण का अद्भुत संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर । ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल के पावन अवसर पर स्टेशन चौराहा धार्मिक आस्था, सेवा भावना और सामाजिक समरसता का केंद्र बना रहा भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा आयोजित विशाल भंडारे और प्रेस क्लब पूरनपुर द्वारा लगाए गए मीठे जल के प्याऊ ने हजारों राहगीरों, श्रद्धालुओं और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाई सुबह से लेकर देर शाम तक प्रसाद ग्रहण करने और शीतल शरबत पीने वालों की भारी भीड़ लगी रही लोगों ने इस आयोजन को बड़े मंगल की भावना के अनुरूप सेवा और समर्पण का अनुपम उदाहरण बताया सर्वप्रथम स्टेशन चौराहा स्थित नगर पुलिस चौकी के समीप भगवान श्री हनुमान जी के चित्र के समक्ष विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसके उपरांत सामूहिक रूप से आरती कर सुंदरकांड पाठ प्रारंभ हुआ पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल छाया रहा और श्रद्धालु हनुमान जी के भजनों और चौपाइयों में लीन दिखाई दिए सुंदरकांड पाठ के समापन पर सभी श्रद्धालुओं एवं उपस्थित अतिथियों ने

❒ व्यापार मंडल के भंडारे और प्रेस क्लब के मीठे जल प्याऊ ने भीषण गर्मी में हजारों लोगों को पहुंचाई राहत

एक साथ आरती कर भगवान श्रीहनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया इसके बाद कन्या पूजन कर कन्याओं को सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया तथा दक्षिणा एवं उपहार प्रदान किए गए कन्याभोज के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया और फिर विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी हंसराज गुलाटी के नेतृत्व में वरिष्ठ समाजसेवी अशोक खंडेलवाल तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सब्जी, पूड़ी और बूंदी के प्रसाद का विशाल भंडारा आयोजित किया गया वहीं प्रेस क्लब पूरनपुर द्वारा स्टेशन चौराहे पर मीठे शरबत का प्याऊ लगाकर लोगों को शीतल जल सेवा प्रदान की गई भीषण गर्मी के बीच यह व्यवस्था राहगीरों, यात्रियों, दुकानदारों, श्रमिकों और आम नागरिकों के लिए काफी राहत देने वाली साबित हुई दोपहर होते-होते स्टेशन चौराहा श्रद्धालुओं और राहगीरों से पूरी तरह गुलजार हो गया प्रसाद वितरण और जल सेवा के लिए स्वयंसेवक लगातार व्यवस्था संभालते रहे हजारों की संख्या में लोगों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और प्रेस क्लब द्वारा लगाए गए प्याऊ पर शीतल शरबत का आनंद लिया उपस्थित लोगों का कहना था कि तपती गर्मी में भोजन और मीठे जल की यह व्यवस्था वास्तव में मानव सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है कार्यक्रम में पहुंचकर विधायक बाबूराम पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. विनोद तिवारी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता तथा भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान ने सेवा कार्य में सहभागिता निभाई सभी अतिथियों ने स्वयं प्रसाद वितरण और शरबत सेवा में हाथ बंटाया तथा आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि बड़े मंगल पर इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, धार्मिक आस्था और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं इस अवसर पर,मुनेंद्रपाल सागर, वीरेंद्र गुप्ता, श्याम मनीष खंडेलवाल, प्रदीप कुमार मुखिया, विजय पाल विक्की, भाजपा जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, सर्राफा संघ अध्यक्ष संजय गुप्ता, संदीप बन्नू, सचिन गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# नीट पेपर लीक पर कांग्रेस का हमला, शिक्षा मंत्री के इस्तीफ़े की उठी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शहर के लाल डिग्गी चौराहे के पास स्थित होटल डिवाइन में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मोईद अहमद की उपस्थिति रही, जबकि अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने की। प्रेस वार्ता में शहर कांग्रेस अध्यक्ष शकील अंसारी सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे। प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने नीट परीक्षा में बार-बार सामने आ रही अनियमितताओं, पेपर लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर उठ रहे सवालों तथा शिक्षा व्यवस्था की बदहाली को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। नेताओं ने आरोप लगाया कि युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है, जबकि सरकार जवाबदेही तय करने से बच रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देशभर में छात्रों और अभ्यर्थियों के बीच बढ़ते आक्रोश को देखते हुए पार्टी ने केंद्र सरकार के समक्ष कई मांगें रखी हैं। इनमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री का तत्काल इस्तीफा, नीट पेपर लीक प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच, एनटीए की



कार्यप्रणाली की व्यापक समीक्षा, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा छात्रों के हितों की रक्षा के लिए ठोस नीति बनाने की मांग प्रमुख है। पूर्व मंत्री मोईद अहमद ने कहा कि देश में वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं और केंद्र सरकार हर बार अपनी जिम्मेदारी से भागती रही है। उन्होंने कहा कि नीट सहित विभिन्न भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों ने लाखों छात्रों के सपनों को तोड़ दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एनटीए जैसी संस्थाएं निष्पक्ष परीक्षा कराने में पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। यदि बार-बार पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने और छात्रों के मानसिक उत्पीड़न की घटनाएं सामने आ रही हैं तो इसकी नैतिक जिम्मेदारी केंद्र सरकार को लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा को व्यवसाय बनाने की नीति ने गरीब और मध्यम वर्ग के छात्रों के लिए अवसरों को सीमित कर दिया है।

## प्रधान प्रतिनिधि ने ग्राम पंचायत में कराई साफ-सफाई, स्वच्छता का दिया संदेश



**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखंड पूरनपुर की ग्राम पंचायत सुखदासपुर नवदिया में स्वच्छ भारत अभियान को गति देते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुमताज खान ने पूरे गांव में विशेष सफाई अभियान चलवाया। प्रधान प्रतिनिधि मुमताज खान ने बताया कि बरसात के मौसम में गंदगी से बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसी को देखते हुए पंचायत के सभी वार्डों, मुख्य मार्गों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों की नियमित सफाई कराई जा रही है। सफाई कर्मियों की टीम लगाकर कूड़ा उठवाया गया और नालियों की सिल्ट निकलवाई गई। साथ ही जगह-जगह ब्लीचिंग पाउडर और एंटी लार्वा का छिड़काव भी कराया गया, ताकि मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचाव हो सके। प्रधान प्रतिनिधि मुमताज खान ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत वे प्रतिदिन किसी न किसी वार्ड में स्वयं जाकर सफाई कार्य का निरीक्षण करते हैं। उनका प्रयास है कि ग्राम पंचायत को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे अपने घरों के आसपास साफ-सफाई रखें और कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें।ग्राम पंचायत में हो रही लगातार सफाई से ग्रामीणों ने खुशी जताई है। लोगों का कहना है कि प्रधान प्रतिनिधि की इस पहल से गांव का माहौल बदल रहा है और बीमारियों का खतरा भी कम हुआ है। लगातार सफाई अभियान चलने से संक्रामक बीमारियों का खतरा कम हो गया है।जिससे ग्रामीण काफी खुश नजर आ रहे हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला पर्यावरणीय, जिला वृक्षारोपण एवं जिला गंगा समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला पर्यावरणीय, जिला वृक्षारोपण एवं जिला गंगा समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी भरत कुमार डी.के. ने बताया कि जनपद को पूर्व निर्धारित 33 लाख पौधारोपण लक्ष्य के स्थान पर अब 40 लाख पौधारोपण का संशोधित लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने विभिन्न विभागों को आवंटित पौधारोपण लक्ष्यों की जानकारी देते हुए पूर्व वर्षों में किए गए वृक्षारोपण की विभागवार सफलता एवं जीवितता दर के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। साथ ही नर्सरियों में उपलब्ध पौधों की स्थिति तथा आगामी वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की जानकारी भी प्रस्तुत की।बैठक में नदियों में प्रदूषण की रोकथाम के संबंध में समीक्षा की गई। इस दौरान अधिशासी अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि नदियों में कूड़ा एवं अपशिष्ट जाने से रोकने के लिए प्रमुख नालों पर जाल लगाए गए हैं तथा नियमित निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नदियों में कूड़ा डालना किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नालों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने तथा नदी प्रदूषण रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) को निर्देशित किया कि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे वायु प्रदूषण पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके। इसके अतिरिक्त ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं निस्तारण की वर्तमान स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों ने कूड़ा संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण एवं निस्तारण की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र, डीएफओ सामाजिक वानिकी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, डीसी मनरेगा, एआरटीओ नामित सदस्य शिवम्‍ कश्यप, सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

## पत्रकारों ने लखनऊ अग्निकांड में दिवंगत छात्रों को नम आंखों से किया याद



**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ में हुए दर्दनाक कोचिंग अग्निकांड में असमय काल के गाल में समाए छात्रों की स्मृति में आज जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के बैनर तले जिले के पत्रकारों एवं समाजसेवियों द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंडल सचिव के निर्देशन एवं जिलाध्यक्ष की अगुवाई में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने कैंडल जलाकर दिवंगत छात्रों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की गई। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस हृदयविदारक घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। जिन छात्रों ने अपने भविष्य और सपनों को संवारने के लिए कोचिंग का रास्ता चुना था, उनका इस तरह असमय चले जाना बेहद पीड़ादायक और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।कार्यक्रम में जिले के समाजसेवी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पत्रकार राकेश शर्मा, नीरज तिवारी, शरद श्रीवास्तव, दीपक मिश्रा, रामानंद मिश्रा, राजदेव शुक्ला, रामराज पाण्डेय, अफ्तार अहमद, मो. अरबाब, विजयधर पाठक सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभा के अंत में सभी ने ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की सामूहिक अपील भी की।

## आजमगढ़ से लुधियाना जा रही बस पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर ट्रक से टकराई, पांच घायल

**अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता** थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या अरसठ के पास सोमवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। आजमगढ़ से लुधियाना जा रही डबल डेकर बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई जिसमें बस चालक, कंडक्टर समेत पांच लोग घायल हो गये जबकि चालक करीब डेढ़ घंटे तक क्षतिग्रस्त केबिन में फंसा रहा। घटना की सूचना मिलते ही पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की रेस्क्यू टीम और बाजार शुकुल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद गैस कटर की मदद से चालक को केबिन से सुरक्षित बाहर निकाला।बस कंडक्टर कमलजीत सिंह ने बताया कि बस में कुल बयालीस यात्री सवार थे। उनके अनुसार आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी जिससे चालक बस को नियंत्रित नही कर सका और वाहन ट्रक में जा घुसा। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चालक के अलावा चार से पांच यात्री भी घायल हो गये जिन्हें पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चालक और कंडक्टर को मेडिकल कालेज तिलोई रेफर कर दिया गया। वहीं मामूली रूप से घायल यात्रियों को उपचार के बाद दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिये रवाना कर दिया गया है। शुकुल बाजार पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस और ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

## मेडिकल कालेज में आयोजित विशाल भण्डारा में राज्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया पूजन



**अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगल पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में श्रीराम चरित मानस एवं सुंदर काण्ड पाठ समापन के उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें होइहि सोइ जो राम रचि राखा को करि तर्क बढ़ावै साखा जैसी मानस की चौपाइयों और भक्तिमय गीतों से इलाका गुंजायमान रहा। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय तिलोई के प्रांगण में बड़े मंगल पर विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के साथ ही ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि समेत सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्राचार्य ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया। सिंहपुर विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत टेढ़ई में भाजपा के मण्डल अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान गौरव श्रीवास्तव के आवास पर विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें पूड़ी सब्जी और बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। ब्लाक सिंहपुर विकास खण्ड मुख्यालय के पास जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह के द्वारा विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह समेत अन्य तमाम जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव चिलौली में अंकुर शुक्ला द्वारा विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें पूड़ी सब्जी कढ़ी चावल और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया और क्षेत्रीय नागरिकों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर तिलोई रियासत के युवराज कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी,धर्मेश मिश्रा, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, वीरेन्द्र तिवारी, नवीन श्रीवास्तव, मानस शुक्ला, दलजीत सिंह, अनिल पाण्डेय,गुड्डू सिंह, देवेन्द्र शुक्ला, दुर्गेश दीक्षित, राजन सिंह,मिंटू सिंह,ध्रुवराज पासी, आनंद सिंह, ओंकार पाण्डेय, राघवेन्द्र शुक्ला, शेखर द्विवेदी, आलोक शुक्ला,आशीष गुप्ता, कार्तिकेय शुक्ला, अजय पाल, संदीप पाल सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# पैदल यात्रियों का हक

जब सुप्रीम कोर्ट यह कहता है कि सुरक्षित और तयशुदा फुटपाथ पर चलना आम व्यक्ति का मौलिक अधिकार है, तो इसके खास मायने हैं। अदालत उस हकीकत की ओर नीति-नियंताओं का ध्यान दिलाती है, जिसे अब तक भारतीय शहरों के नियोजन में नजरअंदाज किया गया। निश्चित रूप से सड़कों पर पहला हक लोगों का है, बाद में गाड़ियों का। सही मायने में कोर्ट ने पैदल चलने वाले लोगों के अधिकारों को जीवन, आजादी और कहीं भी आने-जाने की गारंटी से जोड़कर सार्थक पहल की है। अदालत ने इस तरह नागरिक जीवन की एक बुनियादी जरूरत को सार्वजनिक जवाबदेही का मुद्दा बना दिया है। यह एक हकीकत है कि देश के करोड़ों भारतीयों के लिये पैदल चलना रोजमर्रा की जरूरत है, न कि जीवनशैली का विकल्प। इनमें तमाम स्कूल जाने वाले बच्चे, बाजार जाने वाले बुजुर्ग, कम दूरी तक आने-जाने वाले कामगार और दिव्यांग लोग शामिल हैं, जिनके लिये सुरक्षित पैदल यात्रा जीवन की एक सुविधा है। यह विडंबना ही है कि अक्सर रेहड़ी-खोमचे वाले, गलत तरीके से सड़कों में खड़ी गाड़ियां और निर्माण कार्य से जुड़ा मलबा पैदल यात्रियों के रास्ते पर अतिक्रमण कर देता है। यही वजह है कि पैदल यात्रियों को व्यस्त सड़कों पर चलने के लिये मजबूर होना पड़ता है। जिससे अकसर उनका जीवन खतरे में पड़ सकता है। कोर्ट ने सख्त शब्दों में कहा है कि गाड़ी चलाने वाले पैदल चलने वाले लोगों के अधिकारों को नजरअंदाज नहीं कर सकते। सही मायने में यह टिप्पणी वाहन केंद्रित शहरी नियोजन की सोच पर सीधे प्रहार करती है। यह विडंबना ही है कि शहरी सड़क परियोजनाओं में ट्रैफिक के प्रवाह को प्राथमिकता दी गई है। वहीं फुटपाथ को गैर जरूरी माना गया है। इसकी ही वजह से अकसर होने वाले सड़क हादसों का शिकार पैदल यात्रियों को होना पड़ता है। इसी दोषपूर्ण नीति के चलते ही लगातार पैदल चलने की जगह सिमटती रही है और सड़क हादसों में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़ती रही है। सड़क परिवहन मंत्रालय की 2024 की रिपोर्ट बताती है कि सड़क हादसों में इस साल 36,526 पैदल यात्रियों की मौत हुई है। मरने वालों का यह आंकड़ा सड़क दुर्घटना में मरने वाले लोगों की संख्या का 20.26 प्रतिशत है। यही वजह है कि कोर्ट को पैदल चलने वाले लोगों के अधिकार की सुरक्षा के लिये एक कानूनी ढांचा बनाने पर जोर देना पड़ा है। वास्तव में पैदल यात्रियों की रक्षा के लिये कानून तो पहले से ही हैं, मगर ये बिखरे हुए हैं। यदि एक व्यापक कानून बनता है तो फुटपाथ के डिजाइन, यात्रियों की पहुंच, फुटपाथों के रखरखाव और जवाबदेही के लिये मानकों का निर्धारण संभव हो सकेगा। इस संकट के समाधान के लिये नगर निकायों को अतिक्रमण-रोधी नियमों को सख्ती से लागू करना सुनिश्चित करना चाहिए। वास्तव में तभी कोई शहर सचमुच आधुनिक बनता है, जब वह ज्यादा कारों को जगह देने के बजाय हर आम नागरिक को सुरक्षित और सम्मान के साथ चलने की सुविधा प्रदान करता है। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने रास्ता दिखा दिया है, अब सरकारों का काम उस पर चलना है।

अदालत उस हकीकत की ओर नीति-नियंताओं का ध्यान दिलाती है, जिसे अब तक भारतीय शहरों के नियोजन में नजरअंदाज किया गया। निश्चित रूप से सड़कों पर पहला हक लोगों का है, बाद में गाड़ियों का। सही मायने में कोर्ट ने पैदल चलने वाले लोगों के अधिकारों को जीवन, आजादी और कहीं भी आने-जाने की गारंटी से जोड़कर सार्थक पहल की है। अदालत ने इस तरह नागरिक जीवन की एक बुनियादी जरूरत को सार्वजनिक जवाबदेही का मुद्दा बना दिया है।

# युद्धविराम से आगे: क्या विश्व अहिंसा की ओर बढ़ेगा?

अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच हाल ही में हुआ युद्धविराम ऐसे समय में सामने आया है, जब पश्चिम एशिया युद्ध की लपटों में घिरकर वैश्विक स्थिरता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका था। कई सप्ताह तक चले संघर्ष ने क्षेत्र को ऐसे ज्वालामुखी में बदल दिया था, जिसकी प्रत्येक विस्फोटक घटना विश्व अर्थव्यवस्था को झकझोर रही थी। तेल बाजारों में भारी उथल-पुथल थी, निवेशकों में घबराहट बढ़ रही थी और वैश्विक मंदी की आशंकाएं गहराने लगी थीं। ऐसे में युद्धविराम ने विश्व को तत्काल राहत तो दी है, लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या यह समझौता स्थायी शांति की नींव बनेगा या केवल अगले युद्ध से पहले का एक अस्थायी विराम सिद्ध होगा? इतिहास साक्षी है कि युद्धविराम और शांति समझौते तभी टिकाऊ सिद्ध होते हैं, जब उनके पीछे केवल सामरिक विवशता नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, पारस्परिक विश्वास और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता भी हो। अन्यथा वे केवल संघर्षों के बीच का अंतराल बनकर रह जाते हैं। पश्चिम एशिया का इतिहास ऐसे असंख्य समझौतों का गवाह है, जो कागजों पर तो बने, लेकिन जमीन पर टिक नहीं सके। इस युद्ध के परिणामों का विश्लेषण किया जाए तो सबसे बड़ा लाभार्थी ईरान दिखाई देता है। अमेरिका और इजरायल के सैन्य दबाव, आर्थिक प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बावजूद तेहरान न केवल अपने राजनीतिक ढांचे को बचाने में सफल रहा, बल्कि उसने अपने विरोधियों को वार्ता की मेज पर आने के लिए भी बाध्य किया। ईरान अब अपने नागरिकों के समक्ष यह दावा कर सकता है कि उसने दुनिया की सबसे शक्तिशाली सैन्य ताकतों के सामने घुटने नहीं टेके। ईरानी नेतृत्व इसे प्रतिरोध की जीत के रूप में प्रस्तुत करेगा। दूसरी ओर इस संघर्ष ने अमेरिका की अजेयता की छवि को भी चुनौती दी है। वियतनाम, इराक और अफगानिस्तान के बाद यह एक और अवसर है, जिसने यह स्पष्ट किया कि केवल सैन्य शक्ति राजनीतिक परिणाम सुनिश्चित नहीं कर सकती। वाशिंगटन ने दबाव बनाया, अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः उसे वार्ता और समझौते का रास्ता अपनाना पड़ा। इससे यह संदेश गया है कि इक्कीसवीं सदी की दुनिया अब केवल शक्ति संतुलन से नहीं, बल्कि संवाद, कूटनीति और बहुपक्षीय सहयोग से संचालित होगी। इजरायल के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से असहज है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से ईरान की परमाणु और मिसाइल क्षमताओं को अपने देश के अस्तित्व के लिए खतरा बताते रहे हैं। इजरायल को आशा थी कि युद्ध के माध्यम से ईरान की सामरिक क्षमता को निर्णायक रूप से कमजोर किया जाएगा। किंतु युद्धविराम के बाद ईरान स्वयं को विजेता के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इससे इजरायल के भीतर यह बहस और तीव्र हो सकती है कि क्या क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं की तुलना में महाशक्तियों ने अपने सामरिक हितों को अधिक महत्व दिया। भारत के लिए यह समझौता विशेष महत्व रखता है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए पश्चिम एशिया पर अत्यधिक निर्भर है। युद्ध की स्थिति में तेल आपूर्ति बाधित होने, समुद्री व्यापार मार्गों पर संकट उत्पन्न होने और कीमतों में वृद्धि की आशंका ने भारत की चिंता बढ़ा दी थी। युद्धविराम से तेल कीमतों पर दबाव कम होगा, महंगाई नियंत्रित रहेगी और खाड़ी देशों में कार्यरत लाखों भारतीयों की सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी घटेंगी। लेकिन भारत का महत्व केवल एक उपभोक्ता राष्ट्र के रूप में नहीं है, वह आज वैश्विक शांति के एक नैतिक प्रवक्ता के रूप में भी उभर रहा है। दरअसल, यह युद्ध एक बड़े प्रश्न को जन्म देता है-क्या मानव सभ्यता युद्धों के सहारे अपने भविष्य का निर्माण कर सकती है? आज महाशक्तियों ने ऐसी विनाशकारी सैन्य क्षमता अर्जित कर ली है कि किसी भी देश की एक छोटी-सी भूल संपूर्ण मानवता को विनाश की ओर धकेल सकती है। परमाणु हथियारों, जैविक अस्त्रों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध प्रणालियों के युग में युद्ध अब केवल सीमाओं का प्रश्न नहीं रह गया है, वह समूची मानव सभ्यता के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। यही कारण है कि आज दुनिया को शक्ति की नहीं, शांति की राजनीति की आवश्यकता है। हिंसा, युद्ध, आतंकवाद और शस्त्रीकरण की प्रतिस्पर्धा ने मानवता को भय, अविश्वास और असुरक्षा के गर्त में धकेल दिया है। यदि विश्व को बचाना है, तो उसे निःशस्त्रीकरण, अहिंसा, सह-अस्तित्व और संवाद की दिशा में आगे बढ़ना ही होगा। इस संदर्भ में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण बन जाती है। भारत ने सदैव विश्व को शांति, करुणा और अहिंसा का संदेश दिया है। महात्मा गांधी ने कहा था, 'आंख के बदले आंख पूरे विश्व को अंधा बना देगी।' आज यह कथन पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठा है। भारत की सांस्कृतिक चेतना 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के सिद्धांत पर आधारित रही है, जो सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार मानती है। यही कारण है कि भारत ने सदैव युद्ध के स्थान पर संवाद और टकराव के स्थान पर सहमति का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विश्व के अनेक मंचों पर स्पष्ट रूप से कहा है कि 'यह युग युद्ध का नहीं है।' संयुक्त राष्ट्र, जी-20, ब्रिक्स तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि किसी भी समस्या का समाधान युद्ध नहीं, बल्कि वार्ता है। यदि अंततः देशों को बातचीत की मेज पर ही लौटना पड़ता है, तो युद्ध की भयावह कीमत चुकाने की आवश्यकता ही क्या है? भारत की विदेश नीति आज एक नए स्वरूप में सामने आ रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध हो, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष हो अथवा पश्चिम एशिया का वर्तमान संकट-भारत ने किसी पक्ष विशेष का अंध समर्थन करने के बजाय संतुलन, संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की नीति अपनाई है। यही संतुलित दृष्टिकोण भविष्य में भारत को वैश्विक मध्यस्थ की भूमिका निभाने की दिशा में अग्रसर कर सकता है। लेकिन केवल सरकारें ही शांति स्थापित नहीं कर सकतीं। शांति का आधार समाजों, संस्कृतियों और मनुष्यों के भीतर निर्मित होता है। जब तक राष्ट्रवाद आक्रामकता का रूप लेता रहेगा, जब तक हथियार उद्योग युद्धों को लाभ का साधन बनाकर चलता रहेगा और जब तक राजनीतिक नेतृत्व युद्ध को लोकप्रियता अर्जित करने के उपकरण के रूप में उपयोग करता रहेगा, तब तक स्थायी शांति का सपना अधूरा रहेगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व समुदाय कुछ ठोस कदम उठाए-परमाणु एवं सामरिक हथियारों की होड़ को नियंत्रित किया जाए, संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाया जाए, अंतरराष्ट्रीय विवादों के समाधान के लिए स्थायी संवाद तंत्र विकसित किए जाएं और शिक्षा प्रणालियों में शांति एवं अहिंसा के मूल्यों को शामिल किया जाए। साथ ही युद्ध अर्थव्यवस्था के स्थान पर मानव कल्याण आधारित विकास मॉडल को प्राथमिकता दी जाए। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच हुआ युद्धविराम निश्चय ही राहत का क्षण है, किंतु इसे स्थायी शांति में परिवर्तित करना अभी शेष है। यदि यह केवल सामरिक पुनर्संरचना का चरण बनकर रह गया, तो भविष्य में और भी अधिक विनाशकारी संघर्षों का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। लेकिन यदि विश्व समुदाय इस अवसर को आत्ममंथन का क्षण मानकर अहिंसा, संवाद और सह-अस्तित्व की नई वैश्विक संस्कृति विकसित करता है, तो यह युद्धविराम मानव इतिहास के एक नए अध्याय का प्रारंभ भी बन सकता है। दुनिया को आज युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला चाहिए। मानवता के समक्ष यही सबसे बड़ी चुनौती है और यही सबसे बड़ा अवसर भी। **-ललित गर्ग**

इजरायल के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से असहज है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से ईरान की परमाणु और मिसाइल क्षमताओं को अपने देश के अस्तित्व के लिए खतरा बताते रहे हैं। इजरायल को आशा थी कि युद्ध के माध्यम से ईरान की सामरिक क्षमता को निर्णायक रूप से कमजोर किया जाएगा। किंतु युद्धविराम के बाद ईरान स्वयं को विजेता के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इससे इजरायल के भीतर यह बहस और तीव्र हो सकती है कि क्या क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं की तुलना में महाशक्तियों ने अपने सामरिक हितों को अधिक महत्व दिया। भारत के लिए यह समझौता विशेष महत्व रखता है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए पश्चिम एशिया पर अत्यधिक निर्भर है। युद्ध की स्थिति में तेल आपूर्ति बाधित होने, समुद्री व्यापार मार्गों पर संकट उत्पन्न होने और कीमतों में वृद्धि की आशंका ने भारत की चिंता बढ़ा दी थी। युद्धविराम से तेल कीमतों पर दबाव कम होगा, महंगाई नियंत्रित रहेगी और खाड़ी देशों में कार्यरत लाखों भारतीयों की सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी घटेंगी। लेकिन भारत का महत्व केवल एक उपभोक्ता राष्ट्र के रूप में नहीं है, वह आज वैश्विक शांति के एक नैतिक प्रवक्ता के रूप में भी उभर रहा है। दरअसल, यह युद्ध एक बड़े प्रश्न को जन्म देता है-क्या मानव सभ्यता युद्धों के सहारे अपने भविष्य का निर्माण कर सकती है? आज महाशक्तियों ने ऐसी विनाशकारी सैन्य क्षमता अर्जित कर ली है कि किसी भी देश की एक छोटी-सी भूल संपूर्ण मानवता को विनाश की ओर धकेल सकती है।



# नीट-यूजी परीक्षा: लकीर की फकीर व्यवस्था और बच्चों का टूटता भरोसा

**विवेकानंद**

21 जून को हुई नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा में कुछ स्थानों पर कई बच्चे पेपर नहीं दे पाए। मध्य प्रदेश के विदिशा जिले का एक बेहद भावुक कर देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एनटीए की खामियों से परीक्षा रद्द होने के बाद बच्चों ने 50 दिन पेपर का इंतजार किया, लेकिन सख्त नियमों का हवाला देकर परीक्षा केंद्रों में बच्चों का 30-40 सेकेंड से लेकर 2-5 मिनट लेट होना भी कबूल नहीं किया गया। बच्चे के चंद सेकेंड लेट एंट्री से कोई पहाड़ नहीं टूट पड़ता लेकिन परीक्षक लकीर के फकीर नजर आए। इससे एक बार पुनः यही साबित हुआ कि गलतियां भी बड़े लोगों की ही माफ होती हैं। बहरहाल सरकार के अभूतपूर्व इंतजाम फर्जीवाड़े की कोशिशों पर लगाम नहीं लगा सके। पेपर के दौरान बिहार के लखीसराय में एक बड़ा सॉल्वर गैंग पकड़ा गया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि असली परीक्षार्थियों की जगह परीक्षा देने के लिए मेडिकल छात्रों ने 30 से 40 लाख रुपए में सौदा तय किया था। गैंग के सरगना समेत पीएमसीएच, गया मेडिकल कॉलेज, एम्स रायबरेली और बीएचयू के मेडिकल छात्रों सहित कुल 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बायोमेट्रिक जांच करने वाली कंपनी के कर्मचारी भी शामिल हैं। कुछ रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि लखीसराय में गिरफ्तार सॉल्वर गैंग का सरगना अर्पित राज 2024 के पेपर लीक से भी जुड़ा था। सीबीआई ने उस वक्त उससे कई बार पूछताछ की थी। फर्जीवाड़े में बायोमेट्रिक कंपनी के कर्मचारियों की गिरफ्तारी गंभीर है। क्योंकि सुरक्षा की इस व्यवस्था पर सरकार ने खासा जोर दिया था। जाहिर है सरकार के अभूतपूर्व इंतजामों में भी सुराख करने की कोशिश की गई। छात्रों का भरोसा जीतने की कोशिश कर रही एनटीए और सरकार के लिए यह किसी झटके से कम नहीं है। अब यह सवाल भी पूछा जाना चाहिए कि केंद्र सरकार, हर राज्य सरकार, भारी प्रशासनिक मशीनरी के साथ सेना तक जिस काम में लगी थी उसमें बदमाशों को फर्जीवाड़ा करने का साहस कहां से मिल रहा है? एक तर्क तो यही हो सकता है कि पुराने धतकर्मियों के मामले में लचर कानूनी कार्रवाई ने इनके हौसले बुलंद किए हैं। लिहाजा वे हर बार सरकारी व्यवस्थाओं को धता बताकर अपराध करने में सहज दिखते हैं। अगला सवाल हो सकता है कि आखिर सरकार ने पेपर लीक के मामले में क्या कदम उठाए? सीबीआई की तात्कालिक जांच से पता चला कि पुणे स्थित एक रसायनशास्त्र प्रोफ़ेसर और एनटीए पैनल के पेपर सेटर की पहुंच गोपनीय परीक्षा सामग्री तक थी। उन्होंने विशेष कोचिंग सत्र आयोजित किए जिनमें उन्होंने प्रश्न और उत्तर चुनिंदा छात्रों को बताए। इन छात्रों को राजस्थान के कोचिंग केंद्रों में संपर्कों के माध्यम से अन्य एनटीए-मान्यता प्राप्त विषय विशेषज्ञों द्वारा जुटाया गया था। यानि व्यवस्था एनटीए के भीतर ही कमजोर है लेकिन सारी सख्ती दिखी परीक्षा केंद्र पहुंचे उन होनहार बच्चों पर जो किसी न किसी मजबूरी के चलते परीक्षा केंद्र पहुंचने में चंद मिनिट लेट हो गए। खामियों का खुल्लमखुल्ला प्रदर्शन नया नहीं है। मध्यप्रदेश का व्यापमं घोटाला इसका सबसे बड़ा इश्तेहार है। जरूरत यह थी कि व्यापम की विरासत लिए आई बीजेपी सरकार परीक्षाओं को तकनीकी रूप से मजबूत करने के लिए कोई कदम उठाती। लेकिन उसने छात्रों के अंगूठी, चूड़ी, ब्रेसलेट, हेयर बैंड, हेयर क्लिप, ईयरिंग, स्कार्फ, धूप का चश्मा, पर्स, यहां तक कि पानी की बोतल तक छीन ली। करोड़ों रुपए महीना वेतन ले रही नौकरशाहों की फौज और मजबूत तकनीकों के बावजूद अगर केंद्र और राज्य सरकारें अपनी चुनिंदा परीक्षाएं साफ-सुथरी नहीं कर सकतीं तो फिर हमें शिक्षा व्यवस्था की खूबसूरत बहसों पर फिर से सोचना चाहिए। क्या यह अपेक्षा नहीं की जानी चाहिए कि जब हर परीक्षा में गड़बड़ी सामने आ रही थी तो सरकार देश में सभी परीक्षाओं को ऑनलाइन करने का मिशन शुरू करती? डिग्रियों को जारी करने की प्रणाली को बायोमीट्रिक से जोड़ा जाता ताकि फर्जी डिग्रियों का तंत्र टूट सकता? मेडिकल, इंजीनियरिंग से लेकर प्रशासनिक और बैंकिंग तक सभी परीक्षाओं को ऑनलाइन कराना या सभी तरह की डिग्रियों को आधुनिक डिजिटल सिक्योरिटी से जोडऩा भूसे में सुई ढूंढने जैसा तो नहीं है। सरकार ने नई शिक्षा नीति का जितना ढिंढोरा पीटा उससे कम प्रयास में परीक्षाएं साफ सुथरी हो सकती थीं। एक परीक्षा भी साफ-सुथरी नहीं हो पा रही है और इसके लिए बच्चों को कपड़े तक उतारने पड़ रहे हैं तो हमें विश्व गुरु बनने जैसी बहसों को विराम दे देना चाहिए।

## सेहत मंत्र

# कई बीमारियों का रामबाण इलाज है अजवाइन के पत्तों का जूस

हमारे किचन में कई ऐसे मसाले मौजूद होते हैं। जो कोल्ड या कफ की समस्या हो या पेट में दर्द या फिर त्वचा को ग्लोइंग बनाने के काम आते हैं। यह नुस्खे सदियों से आजमाए जा रहे हैं। बता दें कि इस आर्टिकल के जरिए आज हम आपको एक ऐसे ही घरेलू नुस्खे के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसके इस्तेमाल में आपको कई तरह के फायदे होंगे। हम आपको अजवाइन के पत्तों के जूस के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। अजवाइन के पत्ते को इंडियन बेरीज भी कहा जाता है। बता दें कि अजवाइन के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल, एंटी-ऑक्सीडेंट्स, प्रोटीन, फैट, फाइबर और कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है। इसके सेवन से आपको शरीर को डिटॉक्स, डाइजेशन को दुरुस्त, अर्थराइटिस के दर्द को कम, स्वास्थ्य में सुधार, तनाव और चिंता से राहत मिलती है। ऐसे में अगर आपके घर पर भी छोटे बच्चे हैं तो आपको अपने गार्डन में इस आयुर्वेदिक पौधे के जरूर लगाना चाहिए। अजवाइन के पत्तों का जूस बच्चों के सर्दी-खांसी और सांस आदि से जुड़ी समस्याओं में काफी फायदेमंद होता है। अगर आपके बच्चे को भी सर्दी-खांसी और जुकाम आदि हो गया है तो अजवाइन की ताजी पत्तियों को तोड़कर उसके रस को निचोड़ लें। इस जूस को सिर और चेस्ट पर लगाएं। यह चेस्ट और बंद नाक को खोलने, गले के इंफ़ेक्शन, कफ को ढीला करना, खांसी को शांत करने आदि में राहत मिलती है। अजवाइन की पत्तियों के जूस का सेवन करने से बुखार को कम किया जा सकता है। इस औषधीय पत्तियों के जूस में आयरन, प्रोटीन और विटामिन-सी की प्रचुर मात्रा पाई जाती है। इसलिए यदि इसके जूस का सेवन किया जाए तो ब्रेस्टमिल्क को बढ़ाया जा सकता है। कीड़े के काटने पर बी अजवाइन के पत्ते का जूस लगाया जाता है। क्योंकि यह एंटी-इंफ्लेमेटरी होता है। जिसके कारण जलन व खुजली की समस्या दूर होती है।

## धर्म मंत्र

# विशाखापट्टनम का अनोखा मंदिर, जह शिवलिंग जैसे दिखते हैं नरसिंह

भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार को समर्पित एक दिव्य मंदिर सिंहाचलम मंदिर है। बता दें कि यहां पर भगवान नरसिंह की मूर्ति से सिर्फ 24 घंटे के लिए 'चंदन की परत' हटाई जाती है। वहीं तभी यह मंदिर दर्शन के लिए खुलता है। इस मंदिर को भगवान नरसिंह का घर कहा जाता है। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में सिंहाचलम मंदिर स्थित है। जोकि आस्था और वास्तुकला का एक अद्भुत संगम है। वराह लक्ष्मी नरसिम्हा मंदिर विशाखापट्टनम से करीब 16 किमी दूर है। जोकि सिंहाचल पर्वत की चोटी पर स्थित है। इस वजह से मंदिर को सिंहाचलम मंदिर के नाम से जाना जाता है। बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण खुद प्रह्लाद ने कराया था। भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार को वीरता और उग्रता का प्रतीक माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक हिरण्यकश्यपु का वध करने के बाद भगवान नरसिंह का क्रोध बेहद बढ़ गया था। ऐसे में सभी देवताओं को उनको शांत कराने का प्रयास असफल रहा। तब भगवान नरसिंह अपने परम भक्त प्रह्लाद की प्रार्थना पर शांत हुए और सिंहाचलम पर्वत पर प्रकट हुए थे। भगवान नरसिंह के तेज और उग्रता को कम करने के लिए उनको चंदन से शीतल रखा जाता है। यही वजह है कि वह साल भर तक चंदन से ढके रहते हैं, जिससे उनका स्वरूप सौम्य बना रहे। चंदन की मोटी परत से ढके रहने की वजह से भगवान नरसिंह की मूर्ति शिवलिंग के आकार में दिखती है।

## पर्यटन



# आनंद की अनुभूति के साथ दिल और दिमाग़ को सूकून देती है यात्रा

यात्रा का आनंद और उस आनंद की अनुभूति वाकई में दिल को कितना आनंदित कर देती है। चाहे कोई पर्यटन स्थल हो, कोई धार्मिक स्थल हो या किसी समारोह में सम्मिलित होने का अवसर- इन सबका आनंद कमोवेश एक जैसा ही होता है। कई दिनों पहले से इसकी तैयारियां शुरू हो जाती हैं। वास्तव में यात्रा का अभिप्राय और प्रयोजन भिन्न भिन्न होते हैं। किसी को प्रकृति की छटा और खूबसूरती आकर्षित करती है तो किसी को धार्मिक स्थल की पावन भूमि। और सच कहूँ तो बच्चों को तो सबसे अधिक आनंद मिलता है। हमारी यात्रा आरंभ तो बाद में होती है लेकिन गंतव्य का दृश्य और उसकी कल्पना हमारे मन मस्तिष्क पर पहले ही अंकित हो जाती है और तभी तो हमारी यात्रा और कार्यक्रम सफल होंगे। पहाड़ों पर जमीं बर्फ की परत हो, झूमते लहराते देवदार के वृक्ष हों, कल-कल बहते झरनों का मादक संगीत हो या फिर चोटियों को चूमते नटखट बादलों का झुण्ड हो- क्या आपने कभी सोचा है की मन कितना पुलकित हो उठता है, मात्र कल्पना से ही। शाम की सुरमयी बेला हो, सूरज की लालिमा में पूरी कायनात ओतप्रोत हो और पक्षियों के कलरव से पूरा वातावरण संगीतमय हो- ऐसे में भला कौन होगा जो मंत्रमुग्ध और आह्लादित नहीं हो जायेगा। हम कुछ पलों के लिए भूल जाते हैं कि हमारा रोज़मर्रा का जीवन कितना बोझिल और भागदौड़ वाला था। और सच मानिये तो हमारी यात्रा का प्रयोजन भी यही होता है कि हम अपने दैनिक जीवन की आपाधापी से थोड़ा मुक्त हो जाएं और कहीं स्वछन्द और उन्मुक्त होकर जीवन के कुछ पल का भरपूर आनंद लें। दूर हो जाएं कुछ दिन के लिए उन समस्त अवांछनीय भय और चिंता के पलों से। और सही भी है- हम सभी लोग अपने लैपटॉप या कंप्यूटर को तो रिफ्रेश करते रहते है। उसे भी तो कुछ पल चाहिए जब उसे थोड़ा आराम मिले। ठीक इसी प्रकार हमें अपने मस्तिष्क, शरीर और मन को समय समय पर रिफ्रेश करते रहना चाहिए, इससे हमारा न सिर्फ बौद्धिक और शारीरिक विकास होगा बल्कि हमें एक नयी ऊर्जा और स्फूर्ति मिलती रहेगी।

## रामू सोनी को फिर बनाया निशाना, बदमाशों को खाकी नहीं बना सकी निशाना

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लिलौली में सोमवार रात चोरों ने एक निर्माणाधीन मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह होने पर इलाके में सनसनी फैल गई। पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम लिलौली निवासी रामू सोनी ने बताया कि सोमवार रात भीषण गर्मी और बिजली कटौती के कारण वह अपनी पत्नी के साथ मकान की सबसे ऊपरी छत पर सो रहे थे। मंगलवार सुबह उनकी पत्नी नीचे कमरे में पहुंची तो सामान बिखरा पड़ा मिला। इसके बाद चोरी की आशंका होने पर परिवार के लोगों ने पूरे घर की तलाशी ली। पीड़ित के अनुसार मकान अभी निर्माणाधीन है और उसकी बाहरी बाउंड्री भी अधिक ऊंची नहीं है। आशंका है कि चोर बाउंड्री फांदकर घर में दाखिल हुए और कमरे के दरवाजे के ऊपर बने रोशनदान के रास्ते अंदर प्रवेश कर गए। चोर घर में रखे करीब छह किलो चांदी के आभूषण, 25 ग्राम सोने के जेवर तथा लगभग 60 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। चोरी गए जेवरात में घर और दुकान दोनों के आभूषण शामिल बताए गए हैं। सूचना मिलने पर बड्डूपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पीड़ित रामू सोनी ने बताया कि वर्ष 2019 में भी वह चोरी की बड़ी घटना का शिकार हो चुके हैं। उस समय कुर्सी थाना क्षेत्र के अनवारी में उनकी दुकान से लगभग 12 लाख रुपये मूल्य के जेवरात चोरी हुए थे, जिसका आज तक खुलासा नहीं हो सका है। इस संबंध में बड्डूपुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है और जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

## जल जीवन मिशन की समीक्षा! गलत प्रगति रिपोर्ट डीएम नाराज, एई को प्रतिकूल प्रविष्टि



**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कलेक्ट्रेट के लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में 80 प्रतिशत से अधिक प्रगति दर्शाने वाली 294 परियोजनाओं की समीक्षा की गई। स्थलीय सत्यापन के दौरान कई परियोजनाओं में विभागीय रिपोर्ट और वास्तविक स्थिति में अंतर पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि अगली समीक्षा से पहले सभी कमियों को दूर किया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं की सामूहिक जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। विकासखंड फतेहपुर के ग्राम अचैया में कार्यपूर्णता रिपोर्ट और वास्तविक स्थिति में अंतर तथा पेयजल आपूर्ति संतोषजनक न मिलने पर संबंधित सहायक अभियंता (एई) को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी संदिग्ध परियोजनाओं की सत्यापन रिपोर्ट तलब की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन परियोजनाओं में 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां नियमित पेयजल आपूर्ति और सड़कों का गुणवत्तापूर्ण रेस्टोरेशन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ब्लॉक और तहसील स्तर पर नियमित औचक निरीक्षण कराने तथा लापरवाही मिलने पर जवाबदेही तय कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में डीडीओ भूषण कुमार, जल निगम (ग्रामीण) एवं संबंधित विभागों के अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खड़े डंपर से टकराई बाइक, युवक की मौत

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुर्सी थाना क्षेत्र के उमरा तिराहे पर मंगलवार दोपहर सड़क किनारे खड़े गिट्टी लदे डंपर में तेज रफ्तार बाइक पीछे से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उमरा चौकी प्रभारी के.पी. वर्मा ने बताया कि मृतक की तत्काल पहचान नहीं हो सकी। बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर उसकी पहचान दीपू पुत्र राम आधार निवासी चकौली, लखनऊ के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ग्रामीणों को मिली स्वास्थ्य सुविधा की सौगात, आरोग्य फार्मेसी एंड क्लीनिक का राकेश ने किया शुभारंभ



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उधौली में नवनिर्मित आरोग्य फार्मेसी एंड क्लीनिक का उद्घाटन मंगलवार को पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। राकेश वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता है। क्लीनिक संचालक डॉ. शैलेश चंद्र वर्मा ने बताया कि यहां सामान्य रोगों की ओपीडी, जांच और दवाइयों की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इससे क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ओलंपिक दिवस पर हॉकी का रोमांच, केडी सिंह बाबू इलेवन और स्टेडियम ट्रेनीज ने दर्ज की शानदार जीत

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ओलंपिक दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश हॉकी एसोसिएशन के निर्देश पर सोमवार को स्थानीय जीआईसी ग्राउंड स्थित स्टेडियम में प्रदर्शनी हॉकी मैचों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पुरुष वर्ग के मुकाबले में केडी सिंह बाबू इलेवन और स्टेडियम ट्रेनीज आमने-सामने रहे। पहले हाफ में दोनों टीमों ने लगातार आक्रमण किए, लेकिन कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी। दूसरे हाफ में स्टेडियम ट्रेनीज ने बेहतर खेल दिखाते हुए वापसी का प्रयास किया, लेकिन केडी सिंह बाबू इलेवन के खिलाड़ी अभय और अमित ने एक-एक मैदानी गोल दागकर अपनी टीम को 2-0 की निर्णायक जीत दिला दी। बालिका वर्ग में जीजीआईसी और स्टेडियम ट्रेनीज के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। स्टेडियम ट्रेनीज की ओर से ख़तीजा और आरना शर्मा ने गोल कर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में जीजीआईसी की प्रिया प्रजापति ने एक गोल कर अंतर कम किया, लेकिन अंततः स्टेडियम ट्रेनीज ने 2-1 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। समापन अवसर पर जिला ओलंपिक संघ के सचिव ने खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। उन्होंने कहा कि ओलंपिक दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों में खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में यह दिवस उत्साह के साथ मनाया जाता है और यह खुशी की बात है कि बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन इसे हर वर्ष निरंतर आयोजित करता रहा है। इस अवसर पर हॉकी एसोसिएशन के सचिव मजहर अजीज खान, उपाध्यक्ष मोहम्मद असलम, अंजू अवस्थी, संयुक्त सचिव चंदा रानी, हॉकी कोच विवेक सिंह, शिवा गौतम, समद खान सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### शीतला माता मंदिर के जीर्णोद्धार की दिशा में ऐतिहासिक पहल

# भंडारा-हवन के साथ सड़क निर्माण का भूमि पूजन

### न्यायालय के आदेश का रखा गया सम्मान, कोर्ट में अपना पक्ष रखेगा नगर पंचायत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हैदरगढ़, बाराबंकी। नगर की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर के रूप में विख्यात ठाकुरद्वारा वार्ड स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर के विकास एवं जीर्णोद्धार की दिशा में मंगलवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। वर्षों से उपेक्षा और बदहाली का दंश झेल रहे इस प्राचीन मंदिर के पुनरुत्थान की उम्मीदों को उस समय नया बल मिला जब मंदिर परिसर में भव्य भंडारा, हवन एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा मंदिर के ठीक सामने बनने वाली सड़क का भूमि पूजन विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) श्री अवनीश कुमार सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्री आलोक तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया गया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र माता रानी के जयकारों, धार्मिक अनुष्ठानों और श्रद्धालुओं की अपार आस्था से गूंजता रहा। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा माता शीतला के दरबार में सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र के विकास की कामना की।

शीतला माता मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि हैदरगढ़ की पहचान, इतिहास और जनआस्था का केंद्र है। नगर के असंख्य परिवारों की धार्मिक परंपराएं इस मंदिर से जुड़ी हुई हैं। किंतु लंबे समय से समुचित देखरेख के अभाव में मंदिर परिसर और उससे जुड़ा प्राचीन सगरा उपेक्षा का शिकार होता चला गया। कभी धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र रहा यह परिसर धीरे-धीरे जर्जरता और अव्यवस्था की गिरफ्त में पहुंच गया। मंदिर की स्थिति और सगरा की दुर्दशा देखकर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री आलोक तिवारी ने इसके संरक्षण एवं विकास का संकल्प लिया।

इसी उद्देश्य से शासन की महत्वाकांक्षी वंदन योजना के अंतर्गत मंदिर के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण एवं समग्र विकास का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया। मंदिर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को देखते हुए शासन ने प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करते हुए एक करोड़ रुपये से अधिक






की धनराशि मंजूर की। इसके बाद नगर पंचायत द्वारा सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाएं पूर्ण कर निविदा जारी की गई तथा कार्यादेश भी निर्गत कर दिया गया। जैसे ही मंदिर विकास की स्वीकृति की सूचना नगरवासियों तक पहुंची, लोगों में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई। नगर के अधिकांश लोगों ने इसे अपनी सांस्कृतिक धरोहर को नया जीवन देने वाला निर्णय बताया।

हालांकि मंदिर विकास की इस पहल के बीच कुछ विवाद भी सामने आए। रमा अग्रवाल द्वारा सिविल न्यायालय में एक वाद दायर कर स्थगन आदेश प्राप्त किया गया, जिसमें नगर पंचायत एवं राज्य सरकार को पक्षकार नहीं बनाया गया था। इस संबंध में नगर पंचायत द्वारा शासकीय अधिवक्ता से विधिक राय प्राप्त की गई। राय में यह स्पष्ट किया गया कि उक्त आदेश नगर पंचायत एवं राज्य सरकार पर प्रत्यक्ष रूप से लागू नहीं होता है। इसके बावजूद न्यायपालिका के प्रति सम्मान एवं विधि के शासन में विश्वास व्यक्त करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष श्री आलोक तिवारी ने अत्यंत संयम और जिम्मेदारी का परिचय दिया तथा न्यायालय की स्थिति पूर्णतः स्पष्ट होने तक मंदिर परिसर के भीतर किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य को आगे न बढ़ाने का निर्णय लिया। यद्यपि मंदिर परिसर के भीतर प्रस्तावित कार्यों को फिलहाल स्थगित रखा गया, लेकिन मंदिर के ठीक सामने प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न कर विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। एमएलसी श्री अवनीश कुमार सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्री आलोक तिवारी ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर यह संदेश दिया कि विकास का संकल्प किसी भी परिस्थिति में कमजोर नहीं पड़ेगा। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह केवल सड़क निर्माण का भूमि पूजन नहीं, बल्कि शीतला माता मंदिर के संरक्षण, पुनरुद्धार और भविष्य के भव्य विकास की आधारशिला है।

कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने मंदिर के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों का स्वागत किया। लोगों का कहना था कि वर्षों से उपेक्षित इस ऐतिहासिक धरोहर को अब नई पहचान मिलने जा रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि न्यायिक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होगा और यह स्थल पुनः अपनी प्राचीन गरिमा, भव्यता एवं आध्यात्मिक वैभव को प्राप्त करेगा। भव्य भंडारे, हवन-पूजन, हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता और विकास के संकल्प के साथ संपन्न यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि यह हैदरगढ़ की सांस्कृतिक चेतना, जनभावनाओं और अपनी विरासत को सहेजने की सामूहिक इच्छा का भी प्रतीक बन गया। नगरवासियों को अब उस दिन की प्रतीक्षा है जब शीतला माता मंदिर अपनी पूर्ण भव्यता के साथ पुनः स्थापित होकर आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था, संस्कृति और गौरव का जीवंत केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम अचल मिश्रा , अंबर शरण जायसवाल , अरुण शुक्ला , विवेक वर्मा , धर्मेंद्र वर्मा , जतिन चौधरी , राहुल शुक्ला , करुणेश द्विवेदी , योगेश द्विवेदी , ब्रजेश रावत , संतोष श्रीवास्तव , स्कंद तिवारी , राकेश पाठक , बेचू पाठक , सिद्ध नाथ त्रिपाठी , आदर्श तिवारी दीपू , ओम प्रकाश सिंह चौहान , उत्तम तिवारी , हनुमान प्रसाद विश्वकर्मा , नवनीत मिश्रा नीलू , मोनू शुक्ला , शिव ओम शुक्ला , आदि मौजूद रहे ।

### कानून का सम्मान हमारी प्राथमिकता, न्यायिक प्रक्रिया पूरी होते ही शुरू होगा मंदिर जीर्णोद्धार : आलोक तिवारी

हैदरगढ़, बाराबंकी। शीतला माता मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर चल रहे विवाद के बीच नगर पंचायत अध्यक्ष श्री आलोक तिवारी ने अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए कहा कि सिविल न्यायालय से प्राप्त स्थगन आदेश का नगर पंचायत एवं राज्य सरकार पर प्रत्यक्ष रूप से कोई प्रभाव नहीं पड़ता, क्योंकि वाद में नगर पंचायत तथा राज्य सरकार को पक्षकार ही नहीं बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जिन व्यक्तियों को वाद में पक्षकार बनाया गया है, न्यायालय का आदेश उन्हीं पर लागू होता है। इसके बावजूद नगर पंचायत न्यायपालिका की गरिमा और विधि के शासन में पूर्ण विश्वास रखती है तथा माननीय न्यायालय के आदेशों का सम्मान करना अपना दायित्व समझती है।

श्री तिवारी ने कहा कि नगर पंचायत किसी भी परिस्थिति में न्यायालय की अवमानना या विधिक प्रक्रिया की उपेक्षा करने के पक्ष में नहीं है। यही कारण है कि विधिक स्थिति स्पष्ट होने तक मंदिर परिसर के भीतर प्रस्तावित निर्माण कार्यों को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत अपनी बात और तथ्य न्यायालय के समक्ष विधिवत प्रस्तुत करेगी तथा न्यायिक प्रक्रिया के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि शीतला माता मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि हैदरगढ़ की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर है। वर्षों से उपेक्षा का शिकार यह मंदिर और इससे जुड़ा प्राचीन परिसर संरक्षण एवं विकास की प्रतीक्षा कर रहा है। नगरवासियों की भावनाओं और जनआस्था को ध्यान में रखते हुए ही शासन की वंदन योजना के अंतर्गत मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे शासन द्वारा स्वीकृति भी प्रदान की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा न्यायालय का सहारा लेकर विकास कार्यों में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया गया है, लेकिन नगर पंचायत कानून और संविधान के दायरे में रहकर अपनी बात मजबूती से रखेगी। न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य पूरी पारदर्शिता और नियमों के अनुसार प्रारंभ किया जाएगा।

श्री तिवारी ने यह भी स्पष्ट किया कि मंदिर परिसर के भीतर प्रस्तावित कार्यों को लेकर न्यायिक स्थिति स्पष्ट होने की प्रतीक्षा की जा रही है, किंतु इससे नगर के अन्य विकास कार्य प्रभावित नहीं होंगे। मंदिर परिसर के बाहर प्रस्तावित सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण तथा अन्य जनहित से जुड़े विकास कार्य पूर्व निर्धारित योजनाओं के अनुसार जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का लक्ष्य हैदरगढ़ के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उसकी ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहरों का संरक्षण करना है और इस दिशा में प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। अंत में उन्होंने कहा कि ''हम न्यायालय का सम्मान करते हैं, न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा विश्वास रखते हैं और कानून के दायरे में रहकर अपनी बात रखेंगे। हमें विश्वास है कि सत्य और जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय सामने आएगा तथा शीतला माता मंदिर का जीर्णोद्धार अवश्य होगा। यह केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि नगर की आस्था, विरासत और सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने का संकल्प है।''

# बाराबंकी में कोचिंग, अस्पताल और लाइब्रेरी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ हादसे के बाद जागा प्रशासन, संकरी गलियों में संचालित संस्थान, कई जगह मानकों की अनदेखी; अग्निशमन विभाग की निगरानी पर भी उठ रहे प्रश्न**

बाराबंकी। लखनऊ में कोचिंग सेंटर में हुई दर्दनाक घटना के बाद बाराबंकी में जिला प्रशासन और अग्निशमन विभाग अचानक सक्रिय हो गया है। शहर में संचालित कोचिंग सेंटरों, लाइब्रेरी और बहुमंजिला व्यावसायिक भवनों की जांच शुरू की गई है। जांच के दौरान अधिकांश स्थानों पर अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आई है, जबकि कुछ कोचिंग सेंटर बंद भी पाए गए हैं।

जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग के अभिलेखों में करीब दो दर्जन कोचिंग सेंटर ही पंजीकृत हैं, जबकि शहर में वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक बताई जा रही है। कई कोचिंग संस्थान बिना पंजीकरण संचालित हो रहे हैं, जहां छोटे बच्चों से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र अध्ययन करते हैं। जांच में कई स्थानों पर अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास द्वार और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप नहीं मिलीं।

शहर की संकरी गलियों में संचालित कोचिंग सेंटरों और लाइब्रेरी को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ऐसे क्षेत्रों में आग लगने जैसी कोई घटना हो जाए तो दमकल वाहन का पहुंचना तो दूर, पानी की पाइपलाइन ले जाना भी चुनौतीपूर्ण होगा। सवाल केवल कोचिंग संस्थानों तक सीमित नहीं हैं। शहर में कई निजी अस्पताल भी नियमों को ताक पर रखकर संचालित किए जा रहे हैं। आरोप हैं कि कुछ अस्पतालों के बेसमेंट और भूमिगत कमरों में मरीजों का उपचार किया जा रहा है, जबकि आपातकालीन स्थिति में ऐसे स्थानों से सुरक्षित निकासी बेहद कठिन हो सकती है। इसके बावजूद संबंधित विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं दिख रही है। इस पूरे मामले में अग्निशमन विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। यदि अधिकांश संस्थानों में सुरक्षा मानकों की कमी है तो यह स्थिति वर्षों तक विभाग की नजरों से कैसे ओझल रही? लोगों का कहना है कि केवल औपचारिक जांच से काम नहीं चलेगा, बल्कि प्रशासन को व्यापक अभियान चलाकर कोचिंग सेंटरों, निजी अस्पतालों, लाइब्रेरी और अन्य सार्वजनिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की गहन जांच करनी चाहिए। शहरवासियों का मानना है कि दोषी संस्थानों के खिलाफ ठोस कार्रवाई और नियमित निरीक्षण ही भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोक सकते हैं। वरना जांच अभियान भी अन्य अभियानों की तरह कुछ दिनों की सक्रियता तक सीमित होकर रह जाएगा

## मुखर्जी बलिदान दिवस पर हुआ वृक्षारोपण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रामनगर बाराबंकी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर रामनगर वन रेंज अंतर्गत ग्राम मझौनी स्थित कंपोजिट विद्यालय मझौनी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने पौधारोपण कर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान को बढ़ावा दिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, शुद्ध वायु प्राप्त करने और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। वन विभाग के उप निरीक्षक सचिन पटेल ने लोगों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने और लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ जल संरक्षण, जैव विविधता और जलवायु संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि वृक्षारोपण को जन आंदोलन का रूप दिया जाए तो धरती को पुनः हरा-भरा बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्ष लगाने और उनकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया। इस दौरान वन विभाग के कर्मचारी तिलकराम, विपिन शुक्ला, दुर्गेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और समाज में प्रकृति के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया।

# अंतिम बड़े मंगल पर उमड़ा आस्था का सैलाब, भंडारों और शरबत वितरण से भक्तिमय हुआ जनपद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगल पर रामनगर, सिरौलीगौसपुर, सिद्धौर, जैदपुर, निंदूरा और रामसनेहीघाट क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जगह-जगह विशाल भंडारों, शरबत वितरण, सुंदरकांड पाठ और धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।

रामनगर क्षेत्र में महादेवा, अमोली, रामनगर नगर, रैली बाजार, लोहटी जई और गणेशपुर सहित कई स्थानों पर भंडारे आयोजित हुए। लोधौरा के प्रधान अजय तिवारी ने परंपरागत भंडारा का आयोजन किया।वहीं निंदूरा के अमरून तिराहा, टिकैतगंज और बाबागंज में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। सिद्धौर कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में सुंदरकांड पाठ के बाद पूड़ी-सब्जी, बूंदी, छोला-चावल का प्रसाद बांटा गया।

''जैदपुर''में बड़ी बाजार, थाना चौराहा, अली अकबर कटरा, मुरलीगंज और तकिया चौराहा समेत अनेक स्थानों पर विशाल भंडारों



का आयोजन हुआ। वहीं रामसनेहीघाट क्षेत्र के पूरे चुरई गांव स्थित नवनिर्मित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ विशाल भंडारा आयोजित किया गया

दिनभर ''जय बजरंगबली'' और ''जय श्रीराम'' के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। अंतिम बड़े मंगल पर जनपदभर में धार्मिक उत्साह, सेवा भाव और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। रामनगर के लोधेश्वर महादेवा में डॉक्टर पंकज ,रामपाल ,शिव शंकर, रामू ,हनी ने खीर का आयोजन किया वहीं पर लोधौरा ग्राम के प्रधान अजय कुमार तिवारीने पूर्व की भांति इस बार भी रामलीला मैदान महादेवा में भंडारे का आयोजन किया।



सबसे पहले सुंदरकांड का पाठ हुआ। उसके बाद कन्या भोज के साथ भंडारे का आयोजन किया गया । मंदिर के पुजारी आदित्य बाबा ,अनिल शास्त्री वह अन्य लोगों ने भंडारे में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया। ग्राम अमोली में नागा पंथ के उत्तम गिरी बाबा ने अपने घर पर मूर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा के साथ कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया। जिसमें मंदिर के व्यवस्थापक विनय गिरी ने अपने सहयोगियों के साथ भंडारे के प्रसाद का वितरण किया ।रामू, कमलेश पांडे सहित अनेक लोग उपस्थित होकर प्रसाद को ग्रहण किया। हमारे संवाददाता अमित गुप्ता के मुताबिक अमरून तिराहे पर अनूप मौर्य द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। वहीं कस्बा टिकैतगंज के कंडुआ चौराहा पर



हरिश्चंद्र गुप्ता के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इसी क्रम में बाबागंज स्थित नंदपुर मोड़ पर विश्वकर्मा आयरन स्टोर द्वारा भी भंडारे का आयोजन कर राहगीरों एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

इस अवसर पर राजा गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, श्रीश रावत, नीरज कुमार सहित अन्य श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सिद्धौर में भंडारा कार्यक्रमों की शुरुआत सुन्दरकाण्ड पाठ और विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने बड़े ही भक्ति भाव के साथ हनुमत प्रसाद स्वरूप पूड़ी, सब्जी, बूंदी,छोला चावल,आदि का वितरण किया। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में ल्लबजरंगबली की जय और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और लोगों ने बढ़-चढ़कर आयोजन में भागीदारी की। ''जैदपुर'' में थाना चौराहा बड़ी बाजार अली अकबर कटरा मुरलीगंज बरैया तकिया चौराहा सहित अनेक जगहों पर भंडारों की घूम रही। इसी क्रम में बड़ी बाजार स्थित विश्वनाथ जायसवाल की दुकान पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । जिसमें सब्जी पूडी बूंदी तहरी शीतल जल का भक्तों में वितरण किया गया। वही बड़ी बाजार स्थित डब्बू जायसवाल के दवा खाने पर शरबत पानी व परशुराम दोना पत्तल की दुकान पर छोले चावल आदि का वितरण किया गया. जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## चारागाह की जमीन पर अवैध निर्माण, लेखपाल पर मिलीभगत का आरोप; ग्रामीणों ने डीएम-एसडीएम से की शिकायत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** नगर पंचायत रामसनेहीघाट के ठठेरहा गांव में चारागाह की संरक्षित भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी बाराबंकी व उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट को लिखित शिकायती पत्र देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

सभासद का आरोप - लेखपाल की मिलीभगत से हो रहा कब्जा*: वार्ड नंबर-3 के सभासद शिवा पुत्र विश्वनाथ ने डीएम व एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि ठठेरहा स्थित गाटा संख्या 974घ व 1223 चारागाह की भूमि है। इस पर क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर बिना किसी सरकारी अनुमति के पक्का निर्माण किया जा रहा है।

सभासद का आरोप है कि शिकायत करने पर लेखपाल कार्रवाई करने के बजाय उल्टा शिकायतकर्ता को ही धमकाता है और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है।

महिला का आरोप - सौतेला व्यवहार, पीएम आवास भी कटवाया*: गांव की पीड़ित महिला शिवमता पत्नी कमलाकांत ने भी उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने बताया कि पूर्व ग्राम प्रधान ने उसे रहने के लिए जमीन दी थी। उसका पति प्रदेश से बाहर नौकरी करता है, जिससे उसे व बच्चों को रहने में असुविधा होती है।

पीड़िता का आरोप है कि लेखपाल ने उसका निर्माण कार्य तो रुकवा दिया, जबकि उसी चारागाह की जमीन पर अन्य लोगों के निर्माण पर कोई रोक नहीं लगाई गई। यहां तक कि कुछ लोगों ने बिना अनुमति प्रधानमंत्री आवास तक बना लिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पात्र होने के बावजूद लेखपाल ने जानबूझकर उसका पीएम आवास निरस्त करवा दिया।

मंत्री से लगाई गुहार: पीड़िता ने राज्यमंत्री सतीश शर्मा सहित उच्चाधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई और न्याय दिलाने की मांग की है।

एसडीएम का बयान: इस संबंध में उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट अनुराग सिंह ने कहा कि ''मामला संज्ञान में है। जांच कराकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।''

# पंत की वेतन में बड़ी कटौती के साथ दिल्ली कैपिटल्स में वापसी, कुलदीप एलएसजी से जुड़े

एजेंसी



नयी दिल्ली। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान के तौर पर दो खराब सत्र के बाद ऋषभ पंत की वेतन में 12 करोड़ रुपये की भारी कटौती के साथ दिल्ली कैपिटल्स की टीम में वापसी हो रही है। दिल्ली कैपिटल्स के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के साथ हुई एक 'हाई-प्रोफाइल ट्रेड (बड़े खिलाड़ियों की अदला-बदली)' में पंत 15 करोड़ रुपये में अपनी पुरानी फ्रेंजाइजी में वापस आ गए हैं। एलएसजी ने आईपीएल 2025 से पहले हुई बड़ी नीलामी में उन्हें 27 करोड़ रुपये की भारी-भरकम रकम में खरीदा था, जो लीग के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी रकम थी। लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने उस समय पंत के साथ लंबे समय तक जुड़े रहने की बात कही थी। लगातार दो कमजोर सत्र के बाद फ्रेंचाइजी प्रबंधन ने जस्टिन लैंगर और टॉम मूडी की मौजूदगी वाली ऑस्ट्रेलियाई कोचिंग टीम की सलाह पर पंत को रिलीज करने का फैसला किया। उम्मीद के मुताबिक हुए इस ट्रेड में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव 13.50 करोड़ रुपये की मौजूदा फीस पर दिल्ली कैपिटल्स से लखनऊ सुपर जायंट्स में चले गए। पंत के लिए यह ट्रेड घर वापसी जैसी है। उन्होंने 2016 से 2024 के बीच दिल्ली कैपिटल्स के लिए 111 मैच खेले थे। नीलामी में जाने से पहले तक वह इसी टीम का हिस्सा थे। वह 2021 से 2024 तक टीम के कप्तान भी रहे और इस दौरान 43 मैचों में दिल्ली का नेतृत्व किया। लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ उनका प्रदर्शन कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों मोर्चों पर उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा। आईपीएल 2025 में टीम छह जीत और आठ हार के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। वहीं आईपीएल 2026 का प्रदर्शन और भी खराब रहा। पंत की कप्तानी में लखनऊ की टीम 10 टीमों की लीग में सबसे निचले स्थान पर रही। टीम को 14 मैचों में सिर्फ चार जीत मिलीं और वह आठ अंकों के साथ तालिका में आखिरी स्थान पर रही। बल्लेबाजी में भी पंत संघर्ष करते नजर आए। 2025 सत्र में उन्होंने 14 मैचों में केवल 269 रन बनाए, जबकि 2026 में 312 रन जुटाए जिसमें सिर्फ एक अर्धशतक शामिल था। दूसरी ओर, कुलदीप यादव ने आईपीएल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स से दिल्ली कैपिटल्स में आने के बाद 65 मैचों में 72 विकेट लिए थे। लेकिन आईपीएल 2026 उनके लिए भी साधारण रहा। कुलदीन ने इस सत्र में 14 मैचों में केवल 10 विकेट ही लिये और उनका इकॉनमी रेट 10.30 रन प्रति ओवर रहा।

# मेरी क्रिकेट किट खरीदने के लिये मां ने गहने बेच दिये थे : क्रांति गौड़

एजेंसी



मैनचेस्टर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की नियमित सदस्य बनने के बावजूद तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ अपनी जड़ें और माता पिता के बलिदान नहीं भूली है और वह टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करके उनके भरोसे पर खरी उतरना चाहती है। मध्यप्रदेश के एक छोटे से गांव की रहने वाली गौड़ ने बताया कि एक क्रिकेट किट खरीदने के लिये उनकी मां ने अपने गहने बेच दिये थे। गौड़ ने जियोस्टार से कहा ,''अगर आपका परिवार आपके साथ है तो दूसरे क्या कहते हैं, यह मायने नहीं रखता। ये बाहरी लोग आपकी मदद नहीं करते। मैं अपने परिवार की शुक्रगुजार हूं जो हर कदम पर मेरे साथ रहा क्योंकि समस्यायें बहुत थी। हमेशा पैसे की तंगी रहती थी। उन्होंने कहा ,'' मुझे एक क्रिकेट किट दिलाने के लिये मेरी मां ने गहने बेच दिये थे। वह बहुत बड़ा बलिदान था। मेरा परिवार मेरे लिये काफी कुछ कर रहा था जिसने मुझे जिम्मेदारी का अहसास कराया। मैं उन्हें कुछ वापिस देना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि उनके हर बलिदान का फल मिले। गौड़ ने कहा ,'' जिस समय कई लड़कियों को घर से बाहर निकलने की भी अनुमति नहीं थी, मेरे परिवार ने मुझे कभी महसूस नहीं होने दिया कि मैं कुछ गलत कर रही हूं। उन्होंने मेरे सपनों पर भरोसा किया। उन्होंने कहा ,'' इससे मुझे लगातार अच्छा खेलने और लक्ष्य हासिल करने की ताकत मिली। जब परिवार आपके साथ होता है तो बाहरी दुनिया को अनदेखा करना आसान हो जाता है। गौड़ की कामयाबी के बाद अब उनके गांव में क्रिकेट अकादमी खुल गई है और लड़कियां खेलों में कैरियर बना रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल बोर्ड के पदों के लिये आवेदन बुलाये

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल बोर्ड के अध्यक्ष और दो सदस्यों के पदों के लिये आवेदन आमंत्रित किये हैं। यह बोर्ड खेल ईकाइयों को मान्यता देने और पिछले साल पारित हुए खेल कानून के तहत तय प्रशासन और वित्तीय मानदंडों का पालन सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय प्राधिकरण के तौर पर काम करेगा। राष्ट्रीय खेल बोर्ड में नियुक्ति कैबिनेट सचिव टी वी सोमानाथन की अध्यक्षता वाली तलाश सह चयन समिति के सुझावों के आधार पर की जायेगी। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग और महान भारोत्तोलक एन कुंजारानी देवी भी पांच सदस्यीय समिति में हैं। समिति के अन्य सदस्यों में खेल सचिव हरि रंजन राव, भारतीय ओलंपिक संघ की कार्यकारी परिषद के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) हरपाल सिंह शामिल हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई है। खेल मंत्रालय को उम्मीद है कि एनसीबी का कामकाज अगले तीन महीने में शुरू हो जायेगा।

### आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में शिवा ने जीता रजत, युग प्रताप को कांस्य

**नई दिल्ली।** जर्मनी के सुहल में चल रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय दल ने एक और सफल दिन के साथ तीन नए पदक अपने नाम किए और पदक तालिका में अपनी बढ़त को और मजबूत कर लिया। भारत के शिवा नरवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर पुरुष वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। वहीं इसी स्पर्धा में युग प्रताप सिंह राठौर ने शानदार निशानेबाजी करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में भारत ने दो पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। टीम स्पर्धा में भी भारतीय खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया।

# भारतीय टीम में खेलने का मौका सस्ता हो रहा है: गावस्कर

एजेंसी



मुंबई। भारतीय क्रिकेट में वर्कलोड मैनेजमेंट (काम का बोझ संभालने) पर बहस को फिर से हवा देते हुए, भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने खिलाड़ियों को रोटेट करने (बारी-बारी से खिलाने) पर बीसीसीआई की बढ़ती निर्भरता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि बहुत ज़्यादा बदलाव करने से देश का प्रतिनिधित्व करने की अहमियत कम हो रही है। आयरलैंड के खिलाफ टी 20 सीरीज़ शुरू होने वाली है और इंटरनेशनल क्रिकेट का शेड्यूल बहुत व्यस्त है। ऐसे में गावस्कर का कहना है कि टीम में लगातार बदलाव करने से 'इंडिया कैप' (भारतीय टीम में खेलने का मौका) पाने का सम्मान कम हो सकता है, भले ही टीम के पास टैलेंट की कोई कमी न हो। उन्होंने कहा कि हालांकि आज के क्रिकेट में वर्कलोड मैनेजमेंट ज़रूरी हो गया है, लेकिन यह उस हद तक नहीं जाना चाहिए जहां सिलेक्शन का महत्व ही खत्म हो जाए। उन्होंने कहा, कैप हासिल की जानी चाहिए, न कि सिर्फ़ इसलिए दे दी जानी चाहिए कि किसी रेगुलर खिलाड़ी को आराम दिया जा रहा है। उन्होंने एक साफ़ सिस्टम बनाने की मांग की ताकि सीनियर खिलाड़ियों का इस्तेमाल बेतरतीब ढंग से न हो-यानी न तो ज़रूरत से ज़्यादा और न ही बहुत कम। गावस्कर ने यह भी सुझाव दिया कि सीनियर क्रिकेटरों को हर साल कम से कम एक महीने का आराम मिलना चाहिए। उनका तर्क है कि बिना ठीक से आराम किए अलग-अलग फॉर्मेट में लगातार क्रिकेट खेलने से चोट लगने, थकान और लंबे समय में परफॉर्मेंस गिरने का खतरा बढ़ जाता है। उनकी ये बातें अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की हालिया घरेलू सीरीज़ के संदर्भ में आई हैं, जहां शुभमन गिल की कप्तानी में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और केएल राहुल जैसे टॉप-ऑर्डर बल्लेबाजों ने शतक भी लगाए। साथ ही, सीनियर तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को आराम देने के फैसले ने रोटेशन पॉलिसी पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत के पास मौजूद टैलेंट और मानव सुथार जैसे नए स्पिनर के उभरने की बात मानते हुए भी, गावस्कर ने चेतावनी दी कि प्लेइंग इुक्र में बार-बार बदलाव करने से टीम की स्थिरता कम हो सकती है और नेशनल सिलेक्शन का महत्व घट सकता है। ड्रेसिंग रूम के अलावा, उन्होंने फैंस की दिलचस्पी में आई कमी की ओर भी इशारा किया। उन्होंने लखनऊ और चेन्नई में हालिया वनडे मैचों में कम दर्शकों के आने का ज़िक्र किया और इसकी एक वजह बहुत ज़्यादा क्रिकेट शेड्यूल को बताया, जिसमें सीरीज़ के बीच बहुत कम समय मिलता है। गावस्कर ने सीनियर टीम में लगातार रोटेशन पर निर्भर रहने के बजाय, उभरते हुए खिलाड़ियों को मौका देने के लिए इंडिया 'ए' और अंडर-19 जैसे रास्तों का ज़्यादा इस्तेमाल करने की वकालत की।

## सपना पूरा हुआ, शब्दों में बयां नहीं कर सकता भारतीय टीम में चयन पर बोले सूर्यवंशी

नयी दिल्ली। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि भारतीय टी20 टीम में चयन होना उनके कैरियर का सबसे बड़ा कदम है और उनके पास अपने जज्बात बयां करने के लिये शब्द नहीं हैं। पंद्रह वर्ष के सूर्यवंशी को 26 जून से शुरू हो रहे आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे के लिये भारतीय टीम में चुना गया है। उन्होंने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिये खेलते हुए 230 से ऊपर के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाये। सूर्यवंशी ने बीसीसीआई द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए संक्षिप्त वीडियो में कहा ,'' शब्दों में बयां नहीं कर सकता। मैने इसी के लिये पहले दिन बल्ला उठाया था और अभ्यास के लिये क्रिकेट के मैदान पर उतरा था। वह सपना आज पूरा हो गया है। उन्होंने कहा ,'' यह मेरे सफर का सबसे बड़ा कदम है। मैं इन भावनाओं को शब्दों में अभिव्यक्त नहीं कर सकता।


## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **MSS-LKO-SLRP-RCR-169-26-1 (Misc-Static-Services- Rail Coach Restaurant)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.06.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.06.2026 समय 11:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **MSS-LKO-MBDP-Mobsrore-147-25-1 (Misc-Static Services-Mobile and accessories Kiosk)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.06.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.06.2026 समय 11:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ADVT-LKO-BCN-OH-657-26-1 (Advertising-Out of Home)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.06.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.06.2026 समय 11:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ADVT-LKO-MKG-OH-658-26-1 (Advertising-Out of Home)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.06.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.06.2026 समय 11:40 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **MSS-LKO-PYGS-MedStn-180-26-1 (Misc-Static-Services-Medical Facilities at station)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.06.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.06.2026 समय 10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **MSS-LKO-PRG-MedStn-179-26-1 (Misc-Static-Services-Medical Facilities at station)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.06.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.06.2026 समय 10:40 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ADVT-Intl-248107-1-25-1 (Advertising-Train Interior)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.06.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.06.2026 समय 11:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **MSS-LKO-MBDP-RCR-181-26-1 (Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.06.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.06.2026 समय 11:40 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ADVT-LKO-LKO-OH-655-26-1 (Advertising-Out of Home)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.07.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.07.2026 समय 11:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ADVT-LKO-PRG-OSD-641-26-1 (Advertising-On Station Premise (Digital))** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.07.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.07.2026 समय 11:40 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **MSS-LKO-ON-Digil-135-25-2 (Misc-Static-Services-Digital Lockers at Station)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.07.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.07.2026 समय 11:50 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **MSS-LKO-GNG-RCR-170-26-1 (Misc-Static-Services- Rail Coach Restaurant)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.07.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.07.2026 समय 12:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** |

2142/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# भारत–अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर बातचीत शुरू की



नई दिल्ली। भारत और अमेरिका ने मंगलवार को अपने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत शुरू की। दोनों देशों के बीच यह बैठक वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के मुख्यालय वाणिज्य भवन में चल रही है।

इस वार्ता का नेतृत्व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर कर रहे हैं। दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की शुरुआत की। ये बैठक इस महीने की शुरुआत (2-4 जून) में राष्ट्रीय राजधानी में समझौते को लेकर मुख्य वार्ताकारों के स्तर पर हुई बातचीत के बाद हो रही है। इससे पहले राजेश अग्रवाल ने 15 जून को कहा था कि दोनों मंत्रियों के बीच बातचीत मुख्य रूप से फ्रेमवर्क समझौते को अंतिम रूप देने पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन भी इस बैठक में शामिल हैं।इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 'एक्स' पर एक जारी पोस्ट में कहा कि भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से वाणिज्य विभाग अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर, भारत में अमेरिका के एंबेसडर सर्जियो गोर और उनके प्रतिनिधिमंडल का हार्दिक स्वागत है। हम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर सार्थक चर्चा की उम्मीद कर रहे हैं।

# टेलीग्राम की भारत में वापसी, अस्थायी प्रतिबंध समाप्त, गूगल के प्ले स्टोर पर ऐप बहाल

नयी दिल्ली। संदेश ऐप टेलीग्राम की सेवाएं मंगलवार को भारत में बहाल हो गईं। एक सप्ताह का सरकारी प्रतिबंध समाप्त होने के बाद सेवाएं बहाल हुईं। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर दोबारा उपलब्ध हो गया, हालांकि कुछ घंटों तक यह एप्पल के ऐप स्टोर पर उपलब्ध नहीं था। कुछ मौजूदा उपयोगकर्ताओं के लिए ऐप मंगलवार सुबह चालू हो गया था, जबकि दोपहर करीब 12 बजे तक यह ऐप एप्पल के ऐप स्टोर से हटा हुआ था। एप्पल ने इस पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। एप्पल आईफोन के मौजूदा उपयोगकर्ता हालांकि संदेश सेवा का उपयोग कर पा रहे हैं। सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) की पुनर्परीक्षा का पर्चा लीक होने से रोकने के उद्देश्य से गूगल और एप्पल को 22 जून तक टेलीग्राम ऐप को अपने ऐप स्टोर से हटाने के निर्देश दिए हैं। टेलीग्राम ने इस अस्थायी प्रतिबंध को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। हालांकि, अदालत ने शुक्रवार को कहा कि यह प्रतिबंध वैध, संतुलित और परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। अदालत ने यह भी खारिज कर दिया कि सरकार ने मनमाने ढंग से कार्रवाई की। सूत्रों के अनुसार, सरकार के आदेश में कोई विस्तार या संशोधन नहीं किया गया। यह परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा देशभर के स्नातक चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। एजेंसी ने तीन मई को हुई पिछली परीक्षा को प्रश्न पत्र लीक के आरोपों के बाद रद्द कर दिया था। इसके अलावा, अलग निर्देश में टेलीग्राम से 30 जून तक भारत में पहले से भेजे गए संदेशों के संपादन की सुविधा बंद करने को कहा गया है ताकि 'प्रश्न पत्र लीक' से जुड़े मामलों में साक्ष्यों के दुरुपयोग को रोका जा सके। प्रतिबंध लगाने से पहले तीन जून को सरकारी अधिकारियों ने टेलीग्राम के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी, जहां इन चिंताओं का उल्लेख किया गया था।

# आरबीआई ने सात-दिवसीय वीआरआर नीलामी के जरिये बैंकिंग प्रणाली में 1.41 लाख करोड़ रुपये डाले

एजेंसी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सात-दिवसीय परिवर्तनीय दर रेपो (वीआरआर) नीलामी के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में मंगलवार को 1,41,171 करोड़ रुपये डाले। आरबीआई की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह धनराशि 5.26 प्रतिशत की 'कट-ऑफ' और भारित औसत पर डाली गई। यह कदम ऐसे समय उठाया गया, जब बैंकिंग प्रणाली में नकदी 21 जून के 30,685.11 करोड़ रुपये के अधिशेष से घटकर 22 जून को 19,971.89 करोड़ रुपये के घाटे में चली गई। वीआरआर नीलामी आरबीआई का एक माध्यम है, जिसके जरिये वह बैंकिंग प्रणाली में नकदी की अस्थायी कमी या अधिकता को संतुलित करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, नकदी में यह कमी माल एवं सेवा कर (जीएसटी) भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली से धन की निकासी के चलते आई है। नकदी के घाटे में जाने से ओवरनाइट मनी मार्केट दरों पर दबाव बढ़ा है, जहां भारित औसत कॉल मनी दर 5.43 प्रतिशत पर रही, जो आरबीआई की रेपो दर से 0.18 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह, ट्राइ-पार्टी रेपो (टीआरईपीएस) दरें भी नीतिगत ब्याज दर से 0.05-0.07 प्रतिशत अधिक पर कारोबार कर रही थीं। अग्रिम कर भुगतान के कारण हुए धन निकासी से उत्पन्न दबाव के कारण केंद्रीय बैंक लगातार बैंकिंग प्रणाली में अस्थायी नकदी डाल रहा है। नकदी दबाव को कम करने और ओवरनाइट मनी मार्केट दरों को नियंत्रित रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने पिछले कुछ दिनों में विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामी के जरिये करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, आरबीआई ने सोमवार को ओवरनाइट वीआरआर के जरिये 36,300 करोड़ रुपये, शुक्रवार को तीन-दिवसीय वीआरआर नीलामी के माध्यम से 16,750 करोड़ रुपये, बुधवार को दो वीआरआर नीलामियों के जरिये 72,300 करोड़ रुपये, 16 जून को सात-दिवसीय वीआरआर नीलामी में 89,440 करोड़ रुपये और 15 जून को ओवरनाइट वीआरआर नीलामी के जरिये 28,220 करोड़ रुपये डाले।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी में बदलाव नहीं

एजेंसी




नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। हालांकि चेन्नई में सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भाव में आई तेजी के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सर्राफा बाजार में सोना 420 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 450 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। चांदी के भाव में भी आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,520 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,48,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,34,310 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,35,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,46,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,46,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,46,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,48,360 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,35,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,46,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,34,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,46,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,34,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,46,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,34,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य का खुलना ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा : डोभाल

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को ब्रिक्स देशों की यहां आयोजित बैठक में कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच बनी समझ का भारत स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुलना ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं को कम करेगा तथा उर्वरक, रसायन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता बेहतर करेगा। इससे क्षेत्रीय और वैश्विक आर्थिक समृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा।

डोभाल ने 16वीं ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक में वैश्विक चुनौतियों के बीच ब्रिक्स की अहम भूमिका को रेखांकित किया। डोभाल ने कहा कि दुनिया इस समय सैन्य संघर्षों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक दबावों और विघटनकारी प्रौद्योगिकियों जैसी जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि संघर्ष समाधान के पारंपरिक तंत्र कमजोर पड़ रहे हैं और ऐसे समय में ब्रिक्स की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। एनएसए ने कहा कि बहुपक्षवाद कमज़ोर हो रहा है। ब्रिक्स की कल्पना उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के एक अनौपचारिक समूह के तौर पर की गई थी, ताकि एक ज़्यादा बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा, उथल-पुथल और तेज़ी से बदलते इस दौर में जहां झगड़े सुलझाने के पुराने तरीके बेअसर होते दिख रहे हैं, हमारी एक बहुत खास भूमिका है। एक समूह के तौर पर हम क्या भूमिका निभा सकते हैं, इस पर विचार करना हमारे लिए ज़रूरी है। डोभाल ने कहा कि साइबर खतरों, आतंकवाद के नए स्वरूपों और विघटनकारी तकनीकों जैसे गैर-पारंपरिक सुरक्षा खतरे राष्ट्रीय सीमाओं से परे फैल चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास और नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स का गठन उभरती अर्थव्यवस्थाओं के मंच के रूप में अधिक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था, आर्थिक सहयोग और वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया था। डोभाल ने कहा कि ब्रिक्स शांति, प्रगति, विकास और सहयोग में विश्वास रखने वाले देशों का अनूठा समूह है, जो लगातार मजबूत हो रहा है। डोभाल ने बताया कि ब्रिक्स देशों की आबादी 4.1 अरब से अधिक है। यह विश्व की लगभग 49 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। यह समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगभग 31.5 ट्रिलियन डॉलर का योगदान देता है। बैठक में आतंकवाद-रोधी सहयोग तथा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के सुरक्षित उपयोग से संबंधित ब्रिक्स संयुक्त कार्य समूहों की प्रगति और सिफारिशों पर भी चर्चा की जाएगी। इससे पहले अजीत डोभाल ने 16वीं ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक में ब्रिक्स और भागीदार देशों का स्वागत किया। बैठक में भाग लेने वाले गणमान्य व्यक्तियों में सर्गेई शोइगु (रूस), अली मोहम्मद हम्माद अल शम्सी (यूएई), अला यूसुफ (मिस्र), यायात रुयात (इंडोनेशिया), ग़दीर नेज़ामीपुर (ईरान), मिलियन लेमा ताडेसे (इथियोपिया), कार्लोस मार्सियो बिकालहो कोज़ेंडे (ब्राज़ील), खुम्बुद्ज़ो नतशावेनी (दक्षिण अफ़्रीका), और वांग यी (चीन) शामिल थे।



# भारत के तीन जहाजों की ऑपरेशनल तैनाती, वियतनाम के बंदरगाह पर पहुंचे

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने ऑपरेशनल तैनाती के हिस्से के तौर पर देश में डिजाइन और निर्मित तीन जहाजों को वियतनाम भेजा है, जो हो ची मिन्ह सिटी के न्हा रोंग बंदरगाह पर पहुंच गए हैं। इन जहाजों का वियतनाम पीपुल्स नेवी के लोगों, पीपुल्स कमेटी के प्रतिनिधियों और बंदरगाह के अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस स्वागत से दोनों नौसेनाओं के बीच करीबी, पुराने संबंधों और भारत और वियतनाम के बीच बढ़ती समुद्री साझेदारी का पता चला।

ईस्टर्न फ्लीट के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल आलोक आनंद के नेतृत्व में युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि, एक स्टेल्थ फ्रिगेट और आईएनएस कवरत्ती, एक एंटी-सबमरीन वारफ़ेयर कॉर्वेट 22 जून को वियतनाम पहुंचे। दोनों नौसेनाएं इस दौरान परिचालन योजना चर्चाओं और ऑन-बोर्ड ब्रीफिंग सहित व्यावसायिक बातचीत के व्यापक दायरे में भाग लेंगी, जिसका उद्देश्य अंतर-संचालन और आपसी समझ को मजबूत करना है। इसके अतिरिक्त इस यात्रा में कई सामुदायिक और सांस्कृतिक आउटरीच गतिविधियां, मैत्रीपूर्ण खेल कार्यक्रम और निर्देशित जहाज यात्राएं होंगी। इस बीच वरिष्ठ अधिकारियों के बीच बातचीत भी तय है, जिससे नजरिए शेयर करने और दोनों देशों के बीच नेवल कोऑपरेशन को और मजबूत करने का मौका मिलेगा।

नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल ने बताया कि यह तैनाती मई में दोनों देशों के बीच रिश्तों को उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदले जाने के बाद वियतनाम में भारतीय नौसेना की पहली बड़ी मौजूदगी है। वियतनाम की यह यात्रा दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नियम आधारित, समावेशी समुद्री व्यवस्था को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। दोनों नौसेनाओं के बीच बैठकों में समुद्री सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों और विशेष रूप से नौसेना क्षेत्र में रक्षा सहयोग को बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान होगा।

# नक्सलवाद पर विकास की जीत, बस्तर में शांति और अवसरों का नया दौर : मोदी

एजेंसी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हुए बदलाव का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक संदेश में कहा है कि नक्सलवाद और माओवाद के खिलाफ सरकार की लड़ाई अब विकास, जनविश्वास और सुशासन की जीत के रूप में सामने आ रही है। जिन इलाकों में कभी भय और हिंसा का माहौल था, वहां आज विकास और नई संभावनाओं का दौर शुरू हो चुका है। छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग ने मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोग सुरक्षा, आजीविका और सम्मान को लेकर चिंतित रहते थे तथा विकास कार्यों का हिंसक विरोध किया जाता था। सड़क निर्माण, संचार सुविधाओं के विस्तार और अन्य परियोजनाओं को बाधित करने के प्रयास होते थे। इसके बावजूद सरकार ने विकास को प्राथमिकता देते हुए हजारों किलोमीटर सड़कों का निर्माण कराया, मोबाइल टावर स्थापित किए और दूरस्थ क्षेत्रों तक संचार सुविधाएं पहुंचाईं। बैंकिंग, डाक सेवाओं और वित्तीय समावेशन के जरिए लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा गया। यह बदलाव केवल आधारभूत ढांचे के विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन में विश्वास और अवसरों के विस्तार का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सुरक्षा अभियानों तक सीमित नहीं रही, बल्कि आम लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने, सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और लोकतंत्र में विश्वास मजबूत करने पर भी समान रूप से ध्यान दिया गया। इसी का परिणाम है कि आज नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है। बस्तर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जहां कभी आतंक और हिंसा का माहौल था, वहां आज युवा खेल, शिक्षा और विकास के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजनों में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी इस सकारात्मक परिवर्तन का प्रमाण है।

# देश के 315 जिलों पर कमजोर मानसून का खतरा, सरकार तैयार : शिवराज

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अल नीनो के प्रभाव के कारण मानसून की चाल पर असर पड़ा है और देश में अब तक सामान्य से 43 प्रतिशत कम बारिश हुई है और दो जुलाई तक की जानकारी के अनुसार आगे भी मानसून के कमजोर रहने के आसार हैं। सरकार इस स्थिति से निपटने को तैयार है तथा आकस्मिक योजना तैयार कर ली गयी है।

श्री चौहान ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि स्थिति की समीक्षा के लिए राज्यों के कृषि मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और संभावित रूप से प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय वर्चुअल बैठक की गयी और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश के 315 जिलों को कमजोर मानसून से प्रभावित होने की श्रेणी में आंका गया है। सरकार ने इन जिलों को उनकी सिंचाई व्यवस्था के आधार पर प्राथमिकताओं में बांटा है। इनमें विशेष प्राथमिकता वाले 111 जिले हैं। ये ऐसे संवेदनशील जिले हैं, जहां सिंचाई की व्यवस्था केवल 25 प्रतिशत क्षेत्र में ही उपलब्ध है। सरकार का पूरा ध्यान सबसे पहले इन्हीं जिलों पर है। इसके बाद मध्यम प्राथमिकता वाले जिलों की 76 है। इन जिलों में केवल 25 से 50 प्रतिशत क्षेत्र में ही सिंचाई की सुविधा है जबकि निम्न प्राथमिकता वाले जिले 128 है। इनमें सिंचाई की बेहतर व्यवस्था मौजूद है, इसलिए इन्हें कम जोखिम वाली श्रेणी में रखा गया है।कृषि मंत्री ने सभी प्रभावित जिलों के प्रशासन को स्थानीय स्तर पर बनी आकस्मिक योजनाएं सख्ती से लागू करने के निर्देश दिये हैं। सरकार का मुख्य उद्देश्य यह है कि किसी भी परिस्थिति में किसानों के खेत खाली न रहने पायें। उन्होंने किसानों से अनुरोध करते हुए कहा कि वे जल्दबाजी में बुवाई न करें, बल्कि खेतों में पर्याप्त नमी और कम से कम 75 से 100 मिलीमीटर बारिश होने के बाद ही बिजाई का काम शुरू करें। इसके अलावा कम पानी में उगने वाली, कम अवधि की फसलों और मोटे अनाज तथा दलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए कहा गया। श्री चौहान ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि देश में खाद-बीज की कोई कमी नहीं है। देश में बीज और उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, जिससे किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी। अल नीनो के कारण मानसून पर आये संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन को मुख्य संयोजक की भूमिका में रहने को कहा गया है। सभी राज्यों को अपने यहां नियंत्रण कक्ष बनाने और नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिये गये हैं। वे केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम करेंगे।

किसानों तक मौसम की सटीक जानकारी और वैज्ञानिक सलाह पहुंचाने के लिए कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) और ग्रामीण मौसम इकाइयों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया है। इसके साथ ही, संभावित चारा संकट से निपटने के लिए पशु चारे की व्यवस्था और भंडारण पर भी विशेष चर्चा की गयी। केंद्रीय मंत्री ने राज्यों से फसल बीमा योजना का दायरा बढ़ाने और अधिक से अधिक किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनवाने के निर्देश दिये हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर किसानों को तुरंत वित्तीय ऋण या मुआवजा मिल सके। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि राहत की बात यह है कि देश में अब तक एक करोड़ 19 लाख 90 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई हो चुकी है, जो पिछले साल की इसी अवधि (1 करोड़ 17 लाख 50 हजार हेक्टेयर) से अधिक है। विशेष रूप से धान का बुवाई क्षेत्र पिछले साल के मुकाबले बेहतर चल रहा है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में मुख्य रूप से सोयाबीन की बुवाई को लेकर चिंता जतायी। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने देशवासियों को भरोसा देते हुए कहा कि कमजोर मानसून की आशंका के बावजूद देश की खाद्य सुरक्षा पूरी तरह मजबूत है।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

नयी दिल्ली। सरकार ने देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय बाल सम्मान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि देश का यह प्रतिष्ठित सम्मान पांच से 18 वर्ष आयु वर्ग के उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने बहादुरी, समाज सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं।

मंत्रालय ने इस संबंध में एक विवरण में बताया कि राष्ट्रपति द्वारा प्रतिवर्ष वीर बाल दिवस (26 दिसंबर) के अवसर पर यहां आयोजित विशेष समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। वर्ष 2019 में इसकी शुरुआत के बाद से अब तक 203 बच्चों को इस सम्मान से नवाजा जा चुका है। पुरस्कार के तहत पदक, प्रमाण-पत्र और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर सुनवाई से किया इनकार



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उस रिट याचिका पर तुरंत सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार के उस कथित फैसले को चुनौती दी गयी थी, जिसके तहत विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संशोधन के बाद मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों को राशन के लाभ से वंचित किया जा रहा है।

न्यायालय ने कहा कि इस मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय में की जा सकती है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अधिवक्ता एस प्रसन्ना की ओर से त्वरित सुनवाई के अनुरोध को खारिज कर दिया। यह याचिका एक संगठन 'पश्चिम बंगा खेत मजदूर समिति' ने दायर की थी। पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत इस याचिका की स्वीकार्यता पर सवाल उठाया और पूछा कि याचिकाकर्ता ने पहले उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया। याचिकाकर्ता के वकील ने हालांकि दलील दी कि इस मुद्दे का देशव्यापी असर है, क्योंकि कई राज्य कथित तौर पर एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से बाहर किये गये व्यक्तियों को कल्याणकारी लाभ देने से मना कर रहे हैं। इस पर पीठ ने कहा कि यह चुनौती इस संशोधन प्रक्रिया से अलग एक स्वतंत्र मामला है। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को यह कहते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय जाने की सलाह दी कि गर्मियों की छुट्टियों के बाद वहां कामकाज दोबारा शुरू हो गया है।

# ममता ने चुनाव आयोग को तृणमूल कांग्रेस की नयी कार्यसमिति की भेजी सूची

एजेंसी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के भीतर चल रहे गंभीर आंतरिक सत्ता संघर्ष के बीच पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने कार्यसमिति की एक नयी संशोधित सूची चुनाव आयोग को भेजी है।

सूत्रों के अनुसार सोमवार 22 जून की तारीख वाली इस सूची को उसी दिन नयी दिल्ली में चुनाव आयोग के समक्ष जमा कर दिया गया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सुश्री बनर्जी का यह कदम यह साफ संदेश देने के लिए है कि पार्टी के संगठन पर उनका नियंत्रण पूरी तरह कायम है। यह घटनाक्रम उसी दिन सामने आया जब ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले एक बागी गुट ने अपनी एक अलग कार्यसमिति की घोषणा कर दी। इस बागी गुट के नए ढांचे से ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी दोनों को बाहर रखा गया है। बागियों के गुट ने पूर्व मंत्री और मध्य हावड़ा के विधायक अरूप रॉय को अपना अध्यक्ष (चेयरमैन) नियुक्त किया है। इसके अलावा विधायक फिरहाद हकीम और रथिन घोष को उपाध्यक्ष, जबकि रीताब्रत बनर्जी, जावेद खान, संदीपान साहा और सबीना यास्मिन को महासचिव बनाया गया है। वहीं, अखरुज्जमां को इस गुट का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि सुश्री बनर्जी ने अपनी सूची बागी गुट की घोषणा से पहले जमा की थी या उसके बाद। उनकी संशोधित सूची में स्वयं उन्हें अध्यक्ष और अभिषेक बनर्जी को राष्ट्रीय महासचिव पद पर बरकरार रखा गया है। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन और बगावत की आशंका को देखते हुए सुश्री बनर्जी ने 5 जून को एक नयी कार्यसमिति बनायी थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों में समीकरण पूरी तरह बदल गये हैं। इस समिति में शामिल पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक ने पिछले हफ्ते स्वास्थ्य कारणों से सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। वहीं, युवा इकाई की अध्यक्ष बनायी गयी सायोनी घोष और महिला इकाई की अध्यक्ष माला रॉय अब बागी गुट के साथ चली गयी हैं। इन दोनों सांसदों ने औपचारिक रूप से एक नये दल 'राष्ट्रवादी नागरिक पार्टी' की सदस्यता ले ली है। सुश्री बनर्जी की नयी संशोधित समिति से बागी खेमे में गए इन सभी सदस्यों को बाहर कर दिया गया है। नयी समिति में नदीमुल हक को जगह दी गयी है। इस समिति में सुब्रत बख्शी को उपाध्यक्ष, डेरेक ओ ब्रायन और डोला सेन को संयुक्त सचिव तथा चंद्रिमा भट्टाचार्य को राज्य अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी है। इस बीच राज्य के पूर्व मंत्री अरूप बिस्वास ने कोषाध्यक्ष की हैसियत से बैंक अधिकारियों को पत्र लिखकर तृणमूल कंग्रेस के खातों से वित्तीय लेन-देन पर रोक लगाने की मांग की है। वह सोमवार को बागी गुट की बैठक में भी नजर आये थे।

# पेज एक का शेष

## प्रारंभिक जांच...

पार करने वाले संदिग्ध नियमित रूप से दानपात्रों से इकट्ठा रकम इधर से उधर कर रहे थे। राम मंदिर से दान राशि का इतना बड़ा गबन किसी एक व्यक्ति का काम नहीं था, बल्कि यह नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद, सुरक्षा में भारी चूक और गिनती की प्रक्रिया में मौजूद खामियों का फायदा उठाकर किया गया एक सुनियोजित खेल था। मंदिर को हर दिन मिलने वाले चढ़ावे की गिनती की जिम्मेदारी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) को मिली थी। हालांकि, बैंक ने चंदा गिनने वाले कर्मचारियों को एक आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से रखा था। इसमें खेल यह किया गया कि कंपनी में वही लोग चंदा गिनने के लिए रखे गए, जिन्हें ट्रस्ट ने तय किया था। ये लोग ट्रस्ट के बड़े पदाधिकारियों के रिश्तेदार या परिचित थे। इसमें 'टिन्नू' नाम के व्यक्ति की मुख्य भूमिका सामने आई है, जिसने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए करीब 35 से 40 अपने ही लोगों को नौकरी पर रखवा लिया था। चोरी का तरीका बेहद शातिराना था। गिनती शुरू करने से पहले सभी दानपात्रों को खोलकर पूरी रकम एक जगह इकट्ठा कर ली जाती थी, जिससे पहले से यह पता नहीं रहता था कि कुल कितनी रकम है। इसी का फायदा उठाकर कर्मचारी गिनती के दौरान ही रकम पार कर देते थे। अंत में जोड़-घटाकर जो रकम बचती, उसी का विवरण दर्ज कर दिया जाता था, जिससे चोरी पकड़ में नहीं आती थी। मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम होने के बावजूद ट्रस्ट की तरफ से रखे गए ये कर्मचारी गले में आईकार्ड पहनकर मंदिर के कोने-कोने तक बेखौफ आते-जाते थे। सबसे बड़ी चूक यह रही कि ट्रस्ट के अपने लोग होने के कारण इन कर्मचारियों की न तो कोई तलाशी ली जाती थी और न ही इनका सत्यापन किया गया था। आरोप है कि महाकुंभ और माघ मेले के दौरान जब चढ़ावा कई गुना बढ़ गया था, तो इसका फायदा उठाकर इन चोरों ने लंबी गिनती का फायदा उठाया और एक-एक दिन में 10 से 15 लाख रुपये तक पार कर दिए। पकड़े गए कर्मचारी मात्र 12 से 18 हजार रुपये के मासिक वेतन पर काम कर रहे थे। इतने कम वेतन के बावजूद वे दिन-रात मंदिर में लंबी ड्यूटी करते थे, क्योंकि उन्हें वेतन से कोई फर्क नहीं पड़ता था, वे चढ़ावे की करोड़ों की रकम पार कर रहे थे। चूंकि ये कर्मचारी ट्रस्ट की सिफारिश पर रखे गए थे, इसलिए बैंक अधिकारियों ने भी इनकी कार्यप्रणाली पर सवाल नहीं उठाए। इस पूरे मामले में बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से भी इनकार नहीं किया जा सकता। भले ही परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे थे, लेकिन निगरानी व्यवस्था और ऑडिट पूरी तरह से अप्रभावी रहे। वास्तव में सीसीटीवी कैमरों ने घटनाओं को रिकॉर्ड किया था, लेकिन रियल-टाइम मॉनिटरिंग न होने के कारण चोरी का तुरंत पता नहीं चला। अब एसआईटी की जांच शुरू होने के बाद इन सीसीटीवी फुटेज को साक्ष्य के रूप में कब्जे में लिया गया है, जिनसे मामले में कई अहम खुलासे होने के अनुमान हैं। हालांकि, ट्रस्ट के पूर्व पदाधिकारी महिपाल सिंह ने आरोप लगाया था कि आठ महीने के सीसीटीवी फुटेज डिलीट कर दिए गए थे।

## हर फाइल अनगिनत...

अधिक महिला अधिकारी हैं। अंत में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने पद से नहीं, बल्कि अपने काम से मिलने वाले परिणामों से संतुष्ट हों। उन्हें पूरा भरोसा है कि इन युवाओं की ऊर्जा भारत की विकास यात्रा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

## सीयूईटी-यूजी...

के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में आवेदन संख्या 263510269243 1232.19 अंक के साथ पहले स्थान पर रही। अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग में पुरुष अभ्यर्थियों में आवेदन संख्या 263510375529 (1142.98) और महिला अभ्यर्थियों में आवेदन संख्या 263510669272 (1171.46) शीर्ष पर रहीं। वहीं अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग में पुरुष अभ्यर्थियों में आवेदन संख्या 263510341112 (1079.96) तथा महिला अभ्यर्थियों में आवेदन संख्या 263510509426 (1160.41) ने सर्वोच्च एग्रीगेट स्कोर हासिल किया। दिव्यांग अभ्यर्थियों की शीर्ष-10 सूची में आवेदन संख्या 263510208898 ने 1092.95 एग्रीगेट एनटीए स्कोर के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। एनटीए के अनुसार केंद्रीय विश्वविद्यालयों तथा अन्य भागीदार विश्वविद्यालयों, संस्थानों और स्वायत्त महाविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित सीयूईटी (यूजी)-2026 का आयोजन 11 से 31 मई तथा 6 और 7 जून को कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) मोड में किया गया था। परीक्षा का आयोजन 321 शहरों में किया गया, जिनमें 13 विदेशी शहर भी शामिल थे। विदेशी परीक्षा केंद्रों में अबू धाबी, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, कुवैत सिटी, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, वेस्ट जावा और वाशिंगटन शामिल थे। परीक्षा में कुल 37 विषय शामिल थे, जिनमें 13 भाषाएं, 23 विषय-विशिष्ट पाठ्यक्रम और एक जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट शामिल था। प्रश्नपत्र 13 भाषाओं में उपलब्ध कराए गए। परीक्षा को 19 दिनों में 35 शिफ्टों में संपन्न कराया गया। इस वर्ष परीक्षा के लिए 15,68,867 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जबकि 11,64,098 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। अभ्यर्थियों को अधिकतम पांच विषय चुनने की सुविधा दी गई थी। इसके परिणामस्वरूप लगभग 67,56,327 टेस्ट-इंस्टेंस और 12,906 अलग-अलग विषय संयोजन बने। एजेंसी ने बताया कि परिणाम अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर तैयार किए गए हैं और परीक्षा समाप्त होने के मात्र 16 दिनों के भीतर परिणाम घोषित कर दिए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 14 दिन कम है। विश्वविद्यालयों को अभ्यर्थियों के स्कोर साझा किए जा रहे हैं और अब प्रवेश प्रक्रिया संबंधित विश्वविद्यालय अपने नियमों के अनुसार संचालित करेंगे।

## किसानों को 48...

किसानों से खरीदें, बिचौलियों के पूरे तंत्र को समाप्त करें और मुनाफा जिन किसानों का हक है, वह उन तक अवश्य पहुंचाएं। गृह मंत्री ने कहा कि अगले दो वर्षों में राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महास (एनसीसीएफ) और नाफ़ेड देश के किसानों से दलहन का एक-एक दाना सीधे खरीदने की व्यवस्था विकसित करेंगे। इससे किसानों को लाभकारी मूल्य मिलेगा और देश दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में दलहन, मक्का तथा अन्य कृषि उत्पादों की सीधी खरीद के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचा तैयार किया गया है। अब इसे गांव स्तर तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने नाफ़ेड और एनसीसीएफ से पूरी पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ कार्य करने का आह्वान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि नाफ़ेड ने जैविक खेती, बीज उत्पादन, खुदरा व्यापार, जैव उर्वरक निर्माण, खाद्य सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार जैसे क्षेत्रों में भी बेहतर कार्य किया है। सहकारिता मंत्रालय के गठन के समय नाफ़ेड का कारोबार 20 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 30 हजार करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले दो वर्षों में यह कारोबार 50 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच जाएगा। अमित शाह ने बताया कि नाफ़ेड का शुद्ध लाभ 139 करोड़ रुपये से बढ़कर 405 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि इसकी कुल संपत्ति 358 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,050 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि नाफ़ेड अब एक मजबूत और आत्मनिर्भर संस्था के रूप में उभरा है। अमित शाह ने घोषणा की कि नाफ़ेड अपने मुनाफ़े का एक प्रतिशत हिस्सा किसान परिवारों के बच्चों की उच्च शिक्षा और करियर निर्माण के लिए छात्रवृत्ति के रूप में खर्च करेगा। अपने संबोधन की शुरुआत में अमित शाह ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के साथ उनका सपना साकार हुआ है। आज पूरा देश एक संविधान और एक निशान के सिद्धांत के साथ आगे बढ़ रहा है।

## 66 हस्तियों को ...

अभियांत्रिकी, व्यापार एवं उद्योग, चिकित्सा, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, लोक सेवा आदि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिये जाते हैं। 'पद्म विभूषण' असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, 'पद्म भूषण' उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए तथा 'पद्म श्री' किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

## कोचिंग सेंटर...

रामकृष्ण उपाध्याय, एनिमेशन सेंटर के संचालक बालागंज निवासी तूशॉक कृष्णा जायसवाल और किरायेदार सुरेश कुमार शाहू निवासी केशवनगर, मड़ियांव को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, एफआईआर में नामजद आरोपी धीरेंद्र शुक्ला और सुरेंद्र शुक्ला की तलाश जारी है। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था बबलू कुमार के मुताबिक पुरनिया चौकी इंचार्ज शुभम तिवारी की तहरीर पर छह नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं व 6/10 उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा अधिनियम की धारा में केस दर्ज किया गया है। मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। अलीगंज स्थित एक बिल्डिंग में आग लगने से कोचिंग पढ़ने व एनीमेशन कोर्स करने वाले 15 छात्रों की जलकर मौत हो गई। कई छात्र गंभीर रूप से झुलस गए। जान बचाने के लिए बिल्डिंग से कूदे नौ छात्र गंभीर रूप से घायल हैं।

# वन केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं बल्कि सांस्कृतिक विरासत: राज्यपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि वन केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, पारिस्थितिक संतुलन और मानव सभ्यता के संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि वनकर्मी प्रकृति के सच्चे प्रहरी हैं, जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी वनों और वन्यजीवों की रक्षा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं।

नैनीताल लोक भवन में आयोजित 'प्रकृति के प्रहरी' वनकर्मी सम्मान एवं पुस्तक विमोचन समारोह में राज्यपाल ने वन एवं वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वनकर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भीषण वनाग्नि, प्राकृतिक आपदाओं और कठिन परिस्थितियों में वनकर्मी अपनी जान की परवाह किए बिना हरित संपदा की रक्षा करते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने 'राजभवन में पूर्णिमा की वह रात', 'कॉमन बर्ड्स ऑफ अल्मोड़ा एंड नैनीताल', 'फ्रॉम रूट्स टू रिचेज' तथा 'बीहाइव फेंसिंग' पुस्तकों का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि ये पुस्तकें प्रकृति संरक्षण, जैव विविधता, आजीविका संवर्धन और नवाचार के विविध आयामों को सामने लाती हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वनों को देवतुल्य माना गया है तथा वेदों और उपनिषदों की रचना भी वनांचलों में हुई। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापवृद्धि की चुनौतियों के बीच उत्तराखंड की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि राज्य का लगभग 71 प्रतिशत भूभाग वनाच्छादित है। उन्होंने चिपको आंदोलन और गौरा देवी के योगदान का उल्लेख करते हुए जनसहभागिता आधारित प्रकृति संरक्षण पर बल दिया। राज्यपाल ने 'बीहाइव फेंसिंग' जैसी पहल को मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में उपयोगी बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख करते हुए प्रकृति संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने स्वागत उद्बोधन दिया, जबकि अपर प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव) डॉ. विवेक पांडे ने भी विचार व्यक्त किए।

## पंजाब: बठिंडा में भाजपा नेता के क्लीनिक पर पेट्रोल बम फेंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बठिंडा। बठिंडा शहर में सोमवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब वार्ड नंबर 47 स्थित हैनीमैन होम्योपैथिक क्लीनिक पर दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार युवकों ने पेट्रोल बम फेंक दिया। क्लीनिक में मौजूद स्टाफ की सूझबूझ से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया, जिससे किसी बड़े जान-माल के नुकसान से बचाव हो गया। हमले का निशाना बना यह क्लीनिक समाजसेवी एवं भाजपा नेता डॉ. तरसेम गर्ग का है। तरसेम गर्ग पहले आम आदमी पार्टी पंजाब के पूर्व वरिष्ठ नेता रह चुके हैं। उनकी पत्नी हाल ही में हुए नगर निगम चुनाव में भाजपा की उम्मीदवार भी रही थी। जिस जगह पैट्रोल बम फेंका गया है उसके ठीक सामने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का केंद्र है। जानकारी के अनुसार रात करीब दस बजे दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर क्लीनिक के बाहर पहुंचे और ज्वलनशील पदार्थ से भरी बोतल फेंककर मौके से फरार हो गए। क्लीनिक के कर्मचारियों ने तत्काल आग पर काबू पाया और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। एसएसपी डॉ. ज्योति यादव, एसपी सिटी नरेंद्र सिंह, सीआईए टीमों तथा फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। डॉ. तरसेम गर्ग ने कहा कि उनकी किसी के साथ कोई निजी रंजिश नहीं है। उन्होंने आशंका जताई कि यह किसी शरारती तत्व की करतूत या डराने-धमकाने की कोशिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच के बाद सच्चाई सामने आ जाएगी प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने अपने चेहरे ढंके हुए थे और मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित तुरंत मौके से फरार हो गए और वाहन का नंबर भी स्पष्ट रूप से नहीं देखा जा सका। एसपी सिटी नरेंद्र सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है और जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी विशेष कारण या धमकी से जुड़ी कोई पुष्टि नहीं हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निकांड पीड़ितों की सहायता के लिए भाजपा हर संभव कदम उठाएगी: हर्ष मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली गेट वार्ड स्थित बाल्मीकि बस्ती में कल देर रात शॉर्ट सर्किट से लगी आग से कई परिवारों के घर और दुकानों को भारी नुकसान पहुंचा। इस दुखद घटना के बाद मंगलवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, क्षेत्रीय सांसद प्रवीन खंडेलवाल, चांदनी चौक जिलाध्यक्ष अरविंद गर्ग एवं दिल्ली भाजपा कार्यालय सह प्रमुख अमित गुप्ता के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों एवं दुकानदारों से मुलाकात कर राहत कार्यों में सहयोग किया। इस मौके पर हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में 15 परिवारों के आशियाने उजड़ गए। परिवारों ने अपना घर और सामान खोया है, उनके दुख में भाजपा उनके साथ खड़ी है। आग ने कई परिवारों के घर एवं दुकान को प्रभावित किया है, लेकिन संकट की इस घड़ी में भाजपा कार्यकर्ता और सरकार पीड़ितों की हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा प्रभावित परिवारों के लिए रहने की व्यवस्था, राशन, कपड़े एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। आगे भी पीड़ित परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हर संभव सहायता जारी रहेगी। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि क्षेत्रीय विधायक आले मोहम्मद कल रात हुई आग की घटना से प्रभावित हिन्दू परिवारों एवं लगभग 15 दुकानदारों से मिलने अथवा सहायता के लिए आज दोपहर तक भी नहीं पहुंचे।

### फायरिंग मामले में 'बाज इन हरिद्वार' गैंग का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**हरिद्वार।** पुलिस के ऑपरेशन प्रहार के तहत बीएचईएल फाउंड्री गेट के पास हुई फायरिंग की घटना में शामिल 'बाज इन हरिद्वार' गैंग के एक शातिर सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार 21 अप्रैल 2026 की रात कोतवाली रानीपुर क्षेत्र में बीएचईएल फाउंड्री गेट के पास हुई फायरिंग के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में पहले ही गैंग के तीन आरोपितों और दो नाबालिगों को अवैध तमंचों और चाकुओं के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। घटना के बाद से फरार चल रहे नितिश (23) पुत्र प्रदीप,निवासी ग्राम गंगनोली, थाना लक्सर को पुलिस ने सेक्टर-1 गांधी पार्क के पास भगत सिंह चौक से गिरफ्तार किया। आरोपित थाना सिडकुल का पांच हजार रुपये का इनामी अपराधी भी था। पुलिस ने आरोपित को मुकदमे में गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में बढ़ोतरी करते हुए न्यायालय में पेश किया। पुलिस का कहना है कि मामले में नामजद अन्य फरार आरोपितों की तलाश जारी है और उनकी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ पूर्व में तीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### एसआईआर अभियान को पारदर्शी ढंग से पूरा करे: डीएम

**पौड़ी गढ़वाल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद पौड़ी गढ़वाल में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सफल संपादन को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया को लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए सभी संबंधित अफसरों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अभियान के सफल संचालन में सहयोग की अपेक्षा की। कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में सही एवं अद्यतन रूप में दर्ज होना आवश्यक है, जिसके लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से संवाद कर उनके सुझाव एवं सुझावों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की सफलता में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी दलों से पात्र मतदाताओं को जागरुक करने व गणना प्रपत्रों को समय पर भरवाने में सहयोग करने की अपील की।

### अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, रेलवे भूमि से 45 झुग्गियां हटाईं

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री के निर्देश और जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत मंगलवार को टीबड़ी रेलवे अंडर ब्रिज (अंबेडकर चौक) के समीप रेलवे भूमि पर बने अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। नगर मजिस्ट्रेट हर गिरी के नेतृत्व में रेलवे प्रशासन, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए रेलवे की भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई लगभग 40 से 45 झुग्गी-झोपड़ियों को ध्वस्त कर दिया। अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा और कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नगर मजिस्ट्रेट हर गिरी ने बताया कि रेलवे प्रशासन द्वारा अपनी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस से सहयोग मांगा गया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर संयुक्त अभियान चलाकर अवैध कब्जों को हटाया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संचालित चारधाम यात्रा, आगामी कांवड़ मेला और कुंभ मेले के सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए सरकारी भूमि, सड़क किनारों, फुटपाथों तथा सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान में सीओ सदर एसपी बलूनी, रेलवे डिवीजन इंजीनियर अनूप कुमार, रेलवे सेक्शन इंजीनियर पंकज शर्मा, नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता, पटवारी रविकांत सहित रेलवे, प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### श्रावणी मेला को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज

**भागलपुर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर भागलपुर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मेले की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर मंगलवार को समीक्षा भवन के सभागार में जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने सभी विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद एसएसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि सुल्तानगंज से कांवड़िया मार्ग का लगभग 15 किलोमीटर हिस्सा भागलपुर जिले में आता है। इस पूरे रूट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लगातार पुलिस पेट्रोलिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि गंगा घाटों पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी और नदी में पुलिस टीम के द्वारा पेट्रोलिंग की व्यवस्था रहेगी। एसएसपी ने कहा कि पिछले वर्ष श्रावणी मेले के दौरान जो कमियां सामने आई थीं उन्हें इस बार दूर किया गया है। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी दी गई है।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस-दिल्ली भाजपा ने स्मृति स्थल पर श्रद्धांजली अर्पित की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और शिक्षाविद् डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 73वें बलिदान दिवस पर दिल्ली भाजपा ने मंगलवार को दिल्ली गेट के समीप उनके स्मृति स्थल पर कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजली अर्पित की और स्मृति स्थल पर वृक्षारोपण किया।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठक एवं वरिष्ठ नेता वी. सतीश, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा ने प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल द्वारा संचालित कार्यक्रम में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके बड़ी संख्या में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और उनके द्वारा किए गए कार्यों का वर्णन करते हुए वी. सतीश ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक एक विशेष राजनीतिक विचारधारा के प्रभाव में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महान राष्ट्रनायकों के योगदान को वह सम्मान नहीं मिला जिसके वे अधिकारी थे। डॉ. मुखर्जी के विचारों, उनके संघर्ष और उनके बलिदान को भी इतिहास के मुख्य प्रवाह से दूर रखने की कोशिश की गई। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज का दिन जनसंघ की स्थापना करने वाले पुण्य आत्मा का दिन है, जो आज भाजपा के रूप में पूरे देश को छांव देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हमारे लिए प्रेरणादायी है। आज राष्ट्र प्रथम की भावना से हम सब काम करते हैं लेकिन उस भावना को पैदा करने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे। उन्होंने सभी से प्रण लेने को कहा कि देशहित में सभी उनके दिए संदेशों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक राष्ट्र एक विधान एक संविधान का नारा दिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके इस सपने को पूरा करते हुए जम्मू कश्मीर से धारा-370 हटाकर उन्हें एक सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जीत मुखर्जी के लिए एक बड़ी श्रद्धांजलि है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जो हमेशा से राष्ट्र प्रथम सोच के साथ काम करते थे उन्होंने उस वक्त ही भारत आत्मनिर्भर बनें, उसके लिए आवाहन किया था। मल्होत्रा ने कहा कि राष्ट्रवाद का अलख जलाने और भारत को अखंड रखने के लिए उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की और जिस जम्मू कश्मीर में जाने के लिए अलग से विजा लेना पड़ता था उसके खिलाफ मुहिम चलाया और कहा कि एक देश में एक विधान, एक संविधान लागू होंगे। मल्होत्रा ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने शिक्षा को राष्ट्रनिर्माण का माध्यम बनाया, उद्योग को आत्मनिर्भरता का आधार बनाया और राजनीति को राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाया। संविधान की गरिमा को सर्वोच्च माना और राष्ट्रीय एकता को भारत की सबसे बड़ी ताकत माना।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म और हत्या का मामला आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के महरौली इलाके में फुटपाथ पर परिवार के साथ सो रही एक किशोरी का अपहरण कर उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म कर उसकी हत्या का मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार घटना सोमवार तड़के करीब 05:30 बजे की है। उस दौरान पीड़ित किशोरी अपने परिवार के साथ फुटपाथ पर सो रही थी। बताया जा रहा है कि 11 साल की किशोरी को आरोपित अपने साथ ले गया। सुबह उसके गायब होने का पता चलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्काल जांच शुरू कर दी। शुरुआती सूचना में एक कैब चालक पर बच्ची को ले जाने का शक जताया गया था। इसके बाद पुलिस ने इलाके में व्यापक तलाशी अभियान चलाया और फॉरेंसिक विशेषज्ञों को भी जांच में शामिल किया। जांच के दौरान पुलिस ने मेहरौली और हरियाणा की ओर जाने वाले रास्तों पर लगे कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

## उत्तराखंड के सभी भवनों का होगा फायर सेफ्टी ऑडिट, मुख्य सचिव ने दिए सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्य के सभी सरकारी और गैर-सरकारी भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी सचिवों और जिलाधिकारियों को अधिक ऊंचाई वाले भवनों, अत्यधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, असुरक्षित निकासी मार्ग वाले परिसरों तथा तंग गलियों में स्थित इमारतों का अनिवार्य रूप से स्थलीय सर्वे कराने को कहा है। मुख्य सचिव ने अपने आदेश में कहा कि अभियान का उद्देश्य संभावित अग्नि दुर्घटनाओं के जोखिम को समय रहते समाप्त करना और सुरक्षा मानकों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना है। उन्होंने जिलाधिकारियों को अपने-अपने जनपदों में संवेदनशील भवनों और क्षेत्रों का सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन के सभी सचिवों को अपने विभागों और संबंधित क्षेत्रों का व्यापक फायर सेफ्टी ऑडिट कराने की जिम्मेदारी भी सौंपी। निर्देश दिए गए हैं कि सर्वे के बाद सभी आवश्यक अग्नि सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित किया जाए और उनकी नियमित निगरानी की जाए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए ताकि जनहानि और संपत्ति के नुकसान की संभावनाओं को न्यूनतम किया जा सके।

## राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक थे डॉ. मुखर्जी : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने देशहित को सर्वोपरि रखते हुए राष्ट्रीय एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम में धामी ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण स्मरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति समर्पित जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का त्याग, संघर्ष और राष्ट्रसेवा का आदर्श भावी पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में दिए गए उनके अमूल्य योगदान को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## किशोरी के रेस्क्यू के दौरान अवैध नेटवर्क का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीवान। मुफस्सिल थाना पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी के रेस्क्यू अभियान के दौरान अवैध गतिविधियों से जुड़े एक नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए तीन महिलाओं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। मुफस्सिल थाना पुलिस के अनुसार पचरुखी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। किशोरी अपने मामा के घर रह रही थी और किसी बात को लेकर नाराज होकर वहां से चली गई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घर छोड़ने के बाद किशोरी की मुलाकात एक युवक से हुई, जिसने उसे बेहतर जगह रखने का झांसा दिया। बाद में उसका संपर्क एक महिला से कराया गया, जिसने उसे अपनी बहन के घर भेज दिया। वहां पहुंचने के बाद किशोरी को गतिविधियां संदिग्ध लगीं और उसने इंस्टाग्राम के माध्यम से अपने पिता को अपनी स्थिति की जानकारी दी। परिजनों की सूचना पर मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर तकनीकी सहायता से जांच शुरू की। किशोरी के मोबाइल में सिम कार्ड नहीं होने के बावजूद इंस्टाग्राम के जरिए मिले संकेतों और लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम नई किला नवलपुर पहुंची और उसे सकुशल बरामद कर लिया। रेस्क्यू के बाद किशोरी के बयान और निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान तीन महिलाओं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का आरोप है कि ये लोग युवतियों और महिलाओं को अवैध गतिविधियों में धकेलने का काम करते थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि किशोरी के रेस्क्यू अभियान के दौरान अवैध कारोबार से जुड़े कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। फारबिसगंज के रेणु सार्वजनिक पुस्तकालय परिसर में मंगलवार को भाजपा नगर कमिटी की ओर से नगर अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रसाद मिंटू की अध्यक्षता में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 74वीं पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। मौके पर भाजपा नेता प्रवीण कुमार ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक राष्ट्र,एक निशान,एक विधान के प्रणेता रहे हैं।उनका जीवन विद्या,वित्त और विकास के चिंतन से जुड़ी धाराओं का संगम था।जिनके बलिदान और संघर्ष ने कश्मीर को देश का अभिन्न अंग बनाए रखा। भाजपा नेता प्रवीण कुमार एवं नगर अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रसाद मिंटू ने कहा कि राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले राष्ट्र के अस्मिता के प्रतीक डॉ मुखर्जी राष्ट्र पुनर्निर्माण में स्वदेशी नीति के न सिर्फ प्रबल समर्थक थे।बल्कि विचारधारा समर्पित उनका जीवन चिर काल तक प्रासंगिक रहेंगे। नगर अध्यक्ष श्री प्रसाद के मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रताप नारायण मंडल, विधानसभा प्रभारी रंजीत मिश्रा वरिष्ठ कार्यकर्ता शंभू साह, प्रदीप कन्नौजिया उप मुख्य पार्षद नूतन भारती, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष चांदनी सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह,पार्षद उमाशंकर यादव, संजय रजक,आदर्श गोयल, विपिन जयसवाल,राजेश साह, रामनाथ साह,प्रदीप साह,पप्पू राय आदि कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063